हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित



Page 11 खेल



टेस्ट क्रिकेट का स्तर सबसे ऊंचा, इसमें हालात के हिसाब से खुद को ढालना अहम...

Page 10 देश



किशन रेड्डी ने मंदिरों तोड़फोड़ पर कड़ी कार्रवाई की मांग की : किशन रेड्डी




मूल्य ₹ 2.00

शुक्ल पक्ष, उत्तर भाद्रपद, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • बुधवार • 16 अक्टूबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 305 • पृष्ठ 12


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 77,400 | ₹96,900 |



## आज का इतिहास

- 1948 : भारत की प्रसिद्ध अभिनेत्री और भरतनाट्यम की नृत्यांगना हेमा मालिनी का जन्म हुआ।
- 1968 : तभारतवंशी हरगोविन्द खुराना को दवा और शरीर विज्ञान के लिए चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## न्यूज बाइट्स

### बिहार बोर्ड ने बढ़ाई कक्षा 10वीं और 12वीं की रजिस्ट्रेशन की तिथि

**नई दिल्ली (ए.)।** बीएसईबी यानि कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट लेवल की 2025 में होने वाली बोर्ड परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन के तिथि बढ़ा दी है। हालांकि अब जो भी लोग पंजीकरण करेंगे उन्हें विलंब शुल्क देना पड़ेगा। तो ऐसे में जो छात्र पंजीकरण करने में चूंक गए थे वे अब secondary.biharboardonline.com पर जाकर अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

### बिहार संग्रहालय में लाइट स्टोरीज फोटोग्राफी प्रदर्शनी का उद्घाटन

**पटना (नि.सं.)।** बिहार संग्रहालय में मंगलवार को तक्षक परमार की 'लाइट स्टोरिज फोटोग्राफी नामक प्रदर्शनी का उद्घाटन हुआ। उद्घाटन बिहार संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह ने किया। अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि तक्षक परमार एक युवा फोटोग्राफर हैं और उनकी यह प्रदर्शनी कला, फोटोग्राफी और प्रकृति की विविधता को दर्शाती है। तक्षक परमार बिहार के भागलपुर में जन्मे कलाकार हैं। उन्होंने कहा कि वे पेशे से साफ्टवेयर डिजाईनर हैं और फोटोग्राफी शौक से करते हैं। साथ ही ये भी बताया कि ये उनकी पहली प्रदर्शनी है। इस प्रदर्शनी में कुल 49 तस्वीरें प्रदर्शित हैं। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में रवि मनुभाई अध्यक्ष बिहार लोक सेवा आयोग, अशोक कुमार सिन्हा अपर निदेशक बिहार संग्रहालय, गणेश खेतड़िवाल व्यवसायी और फोटोग्राफर, डॉ बिजय कुमार चौधरी पूर्व निदेशक बिहार विरासत समिति, बिजय कुमार जैन वरिष्ठ फोटोग्राफर पटना, अवधेश अमन कला समीक्षक की मुख्य रूप से उपस्थिति रही।

### भोजपुरी स्टार रितेश पांडे भाजपा के पास पहुंचे

**पटना (नि.सं.)।** कुछ महीने पहले जन सुराज पार्टी (जेएसपी) के प्रशांत किशोर के साथ दिखे भोजपुरी फिल्मों के स्टार गायक रितेश पांडे भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के दरवाजे पर पहुंच गए हैं। रितेश पांडे ने मंगलवार को पटना में बिहार भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल से मुलाकात की और कहा कि वो भभुआ से बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं।

### पटना में लंगड़ा बुखार के हर दिन करीब 100 मरीज

**पटना (नि.सं.)।** पटना में एक नया प्रकार का बुखार तेजी से फैल रहा है, जिसे स्थानीय डॉक्टरों ने 'लंगड़ा बुखार' का नाम दिया है। हालांकि यह चिकनगुनिया का ही एक रूप है। लेकिन, इसके लक्षण और प्रभाव अलग हैं। यह बुखार मरीज के घुटनों और कमर पर हमला करता है, जिससे शरीर का यह हिस्सा कमजोर हो जाता है। इसके चलते मरीज को चलने-फिरने, उठने-बैठने में कठिनाई होती है। कभी-कभी कमर और घुटनों में असहनीय दर्द महसूस होता है।

### बिहार कैबिनेट की अहम बैठक में 22 अहम प्रस्तावों को दी गई मंजूरी

# पुलिस के पास होगा लैपटॉप और स्मार्टफोन अवैध खनन पर 10 लाख तक का जुर्माना

निज संवाददाता | पटना

बिहार के सीएम नीतीश कुमार की अध्यक्षता में कैबिनेट की अहम बैठक हुई। इस दौरान 22 एजेंडों पर मुहर लगी है। मीटिंग आधे घंटे में ही खत्म हो गई। बिहार पुलिस लैपटॉप और स्मार्टफोन से लैस होंगे। केस इन्वेस्टिगेशन में तेजी लाने के लिए आईओ को हाईटेक किया जा रहा है। कैबिनेट ने इसके लिए 190 करोड़ 63 लाख रुपए की स्वीकृति दी है।

वहीं बिहार खनिज संशोधन नियमावली 2024 से जुड़ा था, जिसे अवैध खनन और परिवहन को रोकने के लिए और भी सख्त बना दिया गया है। इस नए नियम के तहत अवैध खनन पर जुर्माने की राशि बढ़ाकर 10 लाख रुपये कर दी गई है, जिसके साथ राज्य सरकार खनिज संपदा की रक्षा और अवैध गतिविधियों पर लगाम कसने की दिशा में बड़ा कदम उठा रही है।



#### ई-नीलामी और खनन पट्टा में सुधार

खनन पट्टा प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी बनाने के लिए ई-नीलामी के बाद 15 दिनों के भीतर खनन पट्टे का संचालन शुरू करने का प्रावधान किया गया है। साथ ही, दूसरे राज्यों से आने वाले लघु खनिजों पर निगरानी बढ़ाने के लिए सभी वाहनों के लिए ट्रांजिट पास लेना अनिवार्य कर दिया गया है।

#### अवैध खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई

बिहार खनिज संशोधन नियमावली 2024 के तहत अवैध खनन और परिवहन पर सख्त कार्रवाई का खाका तैयार कर लिया गया है। अब खनिज संपदा की चोरी पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। राज्य सरकार का यह कदम न केवल खनिज संपदा की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा बल्कि राज्य के खनन क्षेत्र में पारदर्शिता लाने में भी महत्वपूर्ण साबित होगा।

#### कैमूर और रोहतास जिलों में ग्रिड से बिजली सप्लाई

कैबिनेट की बैठक में बिहार के कैमूर और रोहतास जिले के 132 गांवों की 177 बस्तियों में बिजली पहुंचाने को लेकर बड़ा फैसला लिया गया। अब करीब 21,644 घरों को ग्रिड से बिजली मिलेगी, जिससे इन इलाकों में विकास की नई किरण आएगी।

#### कोसी-मेची नदी जोड़ योजना को मिली मंजूरी

बैठक में एक अन्य महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी दी गई, जिसमें कोसी-मेची नदी जोड़ो योजना के डीपीआर के लिए 14.16 करोड़ रुपये मंजूर किए गए। यह परियोजना बिहार के जल संसाधनों के बेहतर उपयोग के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है, जिसका कृषि क्षेत्र पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

#### पंप नहर के लिए 90 करोड़

कोसी मेची अंतर राज्य लिंक परियोजना के अंतर्गत फेज दो के तहत सर्वेक्षण एवं अन्वेषण कार्य सहित विस्तृत योजना प्रतिवेदन तैयार करने के लिए 14 करोड़ 16 लाख 31 हजार रुपए की स्वीकृति हुई है। कर्म नाशा नदी पर पंप नहर योजना के निर्माण के लिए 89 करोड़ 94 लाख 86 हजार रुपए की स्वीकृति दी गई।

बापू टावर पटना के निर्वाध संचालन के लिए 20 पदों के सृजन की स्वीकृति। साथ ही एक करोड़ 63 लाख 51 हजार 104 रुपये की वार्षिक व्यय पर निदेशक संग्रहालय पद के गठन की भी स्वीकृति दी गई है। नए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मोकामा की स्थापना के लिए 43 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है।

#### पैक्स चुनाव के लिए सरकार ने दी 18 करोड़ की स्वीकृति

पैक्स चुनाव के लिए सरकार ने 18 करोड़ की स्वीकृति दी है। बिहार तकनीकी सेवा आयोग को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए 6 करोड रुपए आकस्मिकता निधि से देने की स्वीकृति दी गई है। बिहार लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष की अनुपस्थिति में वरिष्ठतम सदस्य को प्रशासनिक कर्तव्यों के प्रभार धारण करने की अवधि में 200 रु प्रति माह विशेष वेतन दिए जाने संबंधी प्रावधान को संशोधित करते हुए 15000 रुपए प्रति माह विशेष वेतन देने का प्रस्ताव पास हुआ है। दरभंगा जिले के बिरौल अनुमंडल व्यवहार न्यायालय में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश न्यायालय की स्थापना की स्वीकृति दी गई है।

# झारखंड में दो फेज में चुनाव, 13 और 20 नवंबर को मतदान, 23 को मतगणना

- महाराष्ट्र में सिंगल फेज में 20 नवंबर को चुनाव

एजेंसी | नई दिल्ली

इलेक्शन कमीशन ने मंगलवार को महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के साथ 48 विधानसभा और 2 संसदीय क्षेत्रों में चुनाव की तारीखों का ऐलान किया। महाराष्ट्र में सिंगल फेज में 20 नवंबर को और झारखंड में 2 फेज में चुनाव होंगे। पहले फेज में 13 नवंबर को और दूसरे फेज में 20 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। रिजल्ट 23 नवंबर को आएंगे। 48 विधानसभा और 2 लोकसभा सीटों पर उपचुनाव भी 2 फेज में होगा। 47 विधानसभा और एक लोकसभा सीट पर वोटिंग 13 नवंबर को की जाएगी। एक विधानसभा और एक लोकसभा सीट पर 20 नवंबर को मतदान होगा। नतीजे भी 23 नवंबर को आएंगे। महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को, वहीं झारखंड विधानसभा का कार्यकाल 5 जनवरी 2025 को खत्म हो रहा है।

#### झारखंड की 81 विधानसभा सीटों पर चुनाव

झारखंड में फर्स्ट टाइम वोटर्स 11.84 लाख झारखंड में 24 जिले और 81 विधानसभा सीटें हैं। 5 जनवरी 2025 को टर्म पूरा हो रहा है। 2.6 करोड़ वोटर्स हैं। फर्स्ट टाइम वोटर्स 11.84 लाख हैं। पोलिंग स्टेशन एक लाख 186 हैं। इस बार भी हम पीडब्ल्यूडी और विमन मैनेज्ड बूथ बनाएंगे। 1।14 लाख वोटर्स 85 प्लस एज के हैं। पोलिंग स्टेशन 29 हजार 562 हैं।



चुनाव की तारीखों के साथ ही पूरे झारखंड में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। अब राज्य सरकार जनहित में कोई फैसला नहीं ले पाएगी। न ही सरकार का कोई मंत्री या विधायक किसी सरकारी सुविधा का लाभ ले सकेगा। इस तरह से झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 की प्रक्रिया समाप्त होने तक चुनाव आयोग का शासन चलेगा। ट्रांसफर-पोस्टिंग से लेकर चुनाव वाले क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की तैनाती तक का आदेश जारी करने का अधिकार चुनाव आयोग को मिल गया है।

पिछले महीने मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयोग की टीम रांची आई थी। दो दिन तक विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ मैराथन बैठक की थी। चुनाव आयोग ने पुलिस एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ-साथ अन्य एजेंसियों को निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव कराने के लिए जरूरी तैयारी करने के निर्देश दिए थे। चुनाव आयोग की टीम में निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ सुखबीर सिंह संधू भी शामिल थे। चुनाव आयोग की टीम ने झारखंड के प्रमुख राजनीतिक दलों के नेताओं की भी राय ली थी और उनकी शिकायतें एवं सुझावों को भी सुना था।

उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के 3 जिले ऐसे हैं, जहां की 4 विधानसभा सीटें अनुसूचित जाति (एससी) के लिए आरक्षित हैं। चतरा जिले की दोनों सीटें सिमरिया और चतरा एससी के लिए आरक्षित हैं। गिरिडीह की जमुआ विधानसभा सीट और बोकारो की चंदनकियारी सीट भी एससी के लिए आरक्षित हैं। दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल में 5 जिले आते हैं। इसमें 15 विधानसभा सीटें हैं। 11 सीटें अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षित हैं।

#### 5 प्रमंडल में 24 जिले और 81 विधानसभा सीटें

बिहार से अलग होकर 15 नवंबर 2000 को अस्तित्व में आया झारखंड राज्य 5 प्रमंडल में बंटा हुआ है। राज्य में 24 जिले हैं। इनमें 81 विधानसभा सीटें हैं। संताल परगना प्रमंडल के 6 जिलों में 18 विधानसभा सीटें हैं। 7 विधानसभा सीटें अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षित हैं। संताल परगना की देवघर विधानसभा सीट अनुसूचित जाति (एससी) के लिए आरक्षित है।

# बिहार में विशेष भूमि सर्वेक्षण और बंदोबस्त प्रक्रिया के नए दिशा-निर्देश

निज संवाददाता | पटना

बिहार में चल रही विशेष भूमि सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त प्रक्रिया को लेकर राज्य सरकार ने भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय (राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग) द्वारा महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा-निर्देशों का उद्देश्य सर्वेक्षण प्रक्रिया के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करना और जमीन मालिकों के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान करना है, ताकि वे भूमि सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त के विभिन्न चरणों से अवगत हो सकें। सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि सर्वेक्षण के दौरान नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े और वे इस प्रक्रिया से लाभान्वित हो सकें। इन दिशा-निर्देशों का एक मुख्य हिस्सा जन जागरूकता श्रृंखला है, जिसके तहत लोगों को बिहार में चल रहे भूमि सर्वेक्षण के विषय में आवश्यक जानकारी दी जा रही है।

बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त प्रक्रिया में अब कुल 6 प्रमुख चरणों को रेखांकित किया गया है, जिनमें से प्रत्येक चरण का विस्तार से विवरण दिया गया है। यह जानकारी जमीन मालिकों के लिए महत्वपूर्ण है ताकि वे अपने अधिकारों और कर्तव्यों को समझ सकें और भूमि संबंधी मामलों में सक्रिय रूप से भाग ले सकें। इस पहल के माध्यम से सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी नागरिक इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया से अवगत हों और उन्हें उनकी भूमि के संबंध में सही और सटीक जानकारी मिले। यह दिशा-निर्देश न केवल सरकारी पारदर्शिता को बढ़ावा देते हैं, बल्कि नागरिकों के अधिकारों की रक्षा भी करते हैं।

# बिहार में बालू खनन शुरू, आसमान से होगी निगरानी

- मंत्री विजय सिन्हा ने बताया कि यह सफलता सरकार के समर्पण और अवैध खनन पर अंकुश लगाने के प्रयासों का परिणाम है।

निज संवाददाता | पटना

बिहार में बालू खनन का काम 15 अक्टूबर यानी मंगलवार से शुरू हो गया है। राज्य के उपमुख्यमंत्री और खान एवं भूतत्व विभाग के मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने इसको लेकर पिछले दिनों अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की थी। जहां उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अवैध बालू खनन को रोकने के लिए ड्रोन के माध्यम से निगरानी रखी जाए।

विजय सिन्हा ने कहा कि विभाग के अंदर कई परिवर्तन होंगे। अवैध खनन को हर हाल में हमलोगों को रोकना होगा। उन्होंने कहा कि राजस्व को बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। पिछले वर्ष सितंबर माह तक 575 करोड़ रुपये का राजस्व बालू खनन से प्राप्त हुआ था, जो इस साल सितंबर माह में बढ़कर 1034 करोड़ रुपये हो गया है। इस तरह लगभग 80% की वृद्धि देखी जा रही है।



#### खनन के कार्यों में पारदर्शिता को लेकर लगेंगे बैनर

मंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि यह बिहार सरकार की पारदर्शिता शासन प्रशासन में बैठे पदाधिकारी एवं कर्मचारियों के समर्पण और अवैध खनन पर अंकुश लगाने के कारण संभव हो पाया है। सभी पदाधिकारियों का लगातार सहयोग प्राप्त हो रहा है। 15 अक्टूबर से सभी घाटों में और सभी जिला कार्यालय में बैनर लगाए जाएंगे, ताकि खनन के कार्यों में पारदर्शिता बनी रहे।

# चार विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को उपचुनाव, 23 को आएंगे नतीजे

निज संवाददाता | पटना

बिहार की चार विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को वोटिंग होगी। 23 नवंबर को वोटों की गिनती की जाएगी। उपचुनाव को लेकर चुनाव आयोग ने आज तारीखों का ऐलान किया है। बिहार में तरारी, रामगढ़, बेलागंज और इमामगंज विधानसभा सीट खाली हैं। लोकसभा चुनाव 2024 में इन चारों सीट के विधायक लोकसभा पहुंचे हैं। रामगढ़ में आरजेडी के सुधाकर सिंह, तरारी में सीपीआई माले के सुदामा प्रसाद, बेलागंज में आरजेडी के सुरेंद्र यादव और इमामगंज में हम के जीतनराम मांझी की लोकसभा चुनाव में जीत के बाद यह चारों सीट खाली हुई हैं।

इलेक्शन कमीशन ने मंगलवार को महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के साथ 48 विधानसभा और 2 संसदीय क्षेत्रों में चुनाव की तारीखों का ऐलान किया। महाराष्ट्र में सिंगल फेज में 20 नवंबर को और झारखंड में 2 फेज में चुनाव होंगे। पहले फेज में 13 नवंबर को और दूसरे फेज में 20 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। रिजल्ट 23 नवंबर को आएंगे। 48 विधानसभा और 2 लोकसभा सीटों पर उपचुनाव भी 2 फेज में होगा। 47 विधानसभा और एक लोकसभा सीट पर वोटिंग 13 नवंबर को की जाएगी। एक विधानसभा और एक लोकसभा सीट पर 20 नवंबर को मतदान होगा। नतीजे भी 23 नवंबर को आएंगे।



# केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया 'शेतकरी समृद्धि' विशेष किसान ट्रेन का शुभारंभ

एजेंसी | नयी दिल्ली

केंद्रीय रेल, सूचना प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने महाराष्ट्र के देवलाली से बिहार के दानापुर तक 'शेतकरी समृद्धि' विशेष किसान रेलगाड़ी का मंगलवार को शुभारंभ किया।

इस कार्यक्रम का आयोजन महाराष्ट्र के देवलाली रेलवे स्टेशन पर आयोजित किया गया तथा रेल मंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से यहां रेल भवन से जुड़े। श्री वैष्णव ने इस रेलगाड़ी का शुभारंभ करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य महाराष्ट्र के किसानों की उपज को तेजी से देश के अन्य राज्यों तक पहुंचाना है। यह ट्रेन नासिक, मनमाड़, जलगांव, भुसावल, इटारसी, जबलपुर, सतना और दीनदयाल उपाध्याय सहित कई प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी, जिससे किसानों को अपनी उपज को सही समय पर और सही दाम पर बेचने का अवसर मिलेगा। किसान मात्र रुपये चार प्रति किलो की दर से अपनी उपज को देवलाली और नासिक जैसे इलाकों से बिहार तक भेज सकेंगे।



रेल मंत्री के अनुसार इस ट्रेन में छोटे और बड़े किसानों के लिए पार्सल वैन के साथ-साथ साधारण श्रेणी के कोच भी लगाए गए हैं, जिससे किसान और श्रमिक दोनों को सफर की सुविधा मिलेगी। देवलाली से दानापुर तक की 1515 किमी लंबी दूरी पर भाड़ा प्रति किलोमीटर, प्रति किलोग्राम मात्र 28 पैसे से भी कम होगा, जिससे जल्दी खराब होने वाले उत्पादों का कम लागत पर परिवहन संभव होगा। यह गाड़ी न केवल किसानों को नए बाजार उपलब्ध कराएगी बल्कि श्रमिकों को भी सस्ती एवं सुविधाजनक यात्रा का साधन प्रदान करेगी, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार होगा। श्री वैष्णव ने कहा कि महाराष्ट्र के किसानों के लिए यह एक नई पहल है, जो उन्हें उनकी फसलों के लिए बाजार में सही कीमत प्राप्त करने में मदद करेगी।

# बृजबिहारी प्रसाद हत्याकांड : उम्रकैद के बाद मुन्ना शुक्ला आज करेंगे कोर्ट में सरेंडर

निज संवाददता | पटना

बिहार के पूर्व मंत्री बृजबिहारी प्रसाद हत्याकांड मामले में उम्रकैद की सजा मिलने के बाद बुधवार 16 अक्टूबर को पूर्व विधायक विजय कुमार शुक्ला उर्फ मुन्ना शुक्ला पटना जिला कोर्ट में सरेंडर करेंगे। इसी दिन पूर्वी चंपारण का मंटू तिवारी भी आत्मसमर्पण कर सकते हैं। इसके बाद दोनों दोषियों को जेल भेजा जाएगा। कोर्ट में आत्मसमर्पण करने के लिए मुन्ना शुक्ला अपने लोगों के साथ लालगंज स्थित अपने पैतृक आवास के लिए निकल गए। इससे पहले उनके सगे संबंधी और परिचित नयाटोला स्थित उनके आवास पर पहुंचे।

आईजीआईएमएस में 13 जून 1998 को बिहार सरकार के मंत्री रहे बृजबिहारी प्रसाद की हत्या की गई थी। इस मामले में मुन्ना शुक्ला समेत छह आरोपितों को उम्रकैद की सजा दी गई थी। हाईकोर्ट ने इसमें सभी को बरी कर दिया था। उसके बाद इसके खिलाफ बृहबिहारी प्रसाद की पत्नी रामा देवी और सीबीआई की ओर से सुप्रीम कोर्ट में अपील की गई थी। चार अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट ने हत्याकांड में मुन्ना शुक्ला और मंटू तिवारी पर उम्रकैद की सजा बरकरार रखी। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट का फैसला पलट दिया था।



इधर, इसी मामले में आरोपी सूरजभान सिंह, राजन तिवारी व अन्य को अदालत ने बरी कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अलोक में दुर्गा पूजा के बाद आत्मसमर्पण की बातें कही जा रही थी। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि 16 अक्टूबर को मुन्ना शुक्ला सरेंडर कर देंगे। इस हत्याकांड ने तब बिहार में खूब सुर्खियां बटोरी थी। ऐसा कहा जाता है कि इस घटना को खूंखार क्रिमिनल श्रीप्रकाश शुक्ला ने अंजाम दिया था। यह एक तरह से कॉन्ट्रैक्ट किलिंग की घटना थी।

### सेप्टिक टैंक में पाइप लगाने के दौरान तीन की दम घुटने से मौत

**दरभंगा (नि.सं.)।** दरभंगा जिले के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के बेला नवागढ़ी मोहल्ले के राम टोला में मंगलवार दोपहर करीब दो बजे सेप्टिक टैंक में उतरे दो सगे भाइयों समेत तीन लोगों की दम घुटने से मौत हो गई। हादसे में संजय राम (30) बेहोश हो गया। उसे गंभीर हालत में डीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। मृतकों में मोहल्ले के महेश राम के पुत्र सुधीर राम (30) व सुशील राम (38) के अलावा शंभू राम के पुत्र नवल राम (18) शामिल हैं। संजय मोहल्ले के रामप्रीत राम का पुत्र है। घटना की सूचना पर विश्विद्यालय थाने की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीनों शव को डीएमसीएच भेजवाया। हादसे की सूचना पर सदर एसडीओ विकास कुमार और सदर एसडीपीओ अमित कुमार डीएमसीएच पहुंचे।

### हर वर्ष कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से छठ पूजा का आयोजन होता है प्रारंभ

# पांच नवंबर से शुरू हो रहा है चार दिवसीय अनुष्ठान

निज संवाददाता | पटना

छठ पूजा को लोक आस्था का एक महत्वपूर्ण पर्व माना जाता है। हिंदू धर्म में इस पर्व का धार्मिक और पौराणिक दृष्टि से विशेष महत्व है। इस अवसर पर छठी मैया और सूर्य देव की पूजा की जाती है। यह महापर्व मुख्य रूप से बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और नेपाल में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। छठ पर्व के दौरान भक्त उगते और अस्त होते सूर्य को अर्घ्य देकर अपने परिवार के सदस्यों की सुख-समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हैं। नहाय खाय के दिन व्रती एक साथ भोजन करते हैं। सूर्योदय का समय सुबह 6 बजकर 39 मिनट और सूर्यास्त का समय शाम 5 बजकर 41 मिनट होगा।



**खरना** - यह दिन खरना के लिए समर्पित है। इस दिन छठी मइया के लिए विशेष भोग तैयार किया जाता है, जिसमें मीठा भात और लौकी की खिचड़ी शामिल होती है। **सूर्यास्त अर्घ्य** - तीसरे दिन शाम को सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित किया जाता है। इस अवसर पर सूप में फल, गन्ना, चावल के लड्डू और ठेकुआ की सामग्री रखकर पानी में खड़े होकर सूर्य देव की पूजा की जाती है। इस दिन सूर्यास्त का समय 5 बजकर 29 मिनट होगा।

**सूर्योदय अर्घ्य** - अंतिम दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देने का महत्व है। इस दिन व्रत का पारण किया जाता है। छठ के अंतिम दिन सूर्योदय का समय सुबह 6 बजकर 37 मिनट होगा।

#### छठ पूजा 2024 कब है ?

नहाय-खाय – 5 नवंबर, खरना – 6 नवंबर, बुधवार को, शाम का अर्घ्य – 7 नवंबर को, सुबह का अर्घ्य – 8 नवंबर को

# बिहार में गिरने लगा पारा, आज घने कोहरे से बढ़ेगी ठंड

निज संवाददाता | पटना

बिहार में अब ठंड की शुरुआत हो चुकी है। बुधवार को राज्य के अधिकतर हिस्सों में पछुआ हवा का असर देखने को मिलेगा। इसके चलते सुबह-शाम हल्की ठंडक महसूस होगी। मौसम विभाग के अनुसार, अरब सागर में हो रही मौसमी हलचलों के कारण बुधवार को बिहार के अधिकतर इलाकों में बादल छाए रहेंगे और कुछ जिलों में हल्की बारिश भी हो सकती है। इसके कारण आने वाले दिनों में बढ़ने से ठंड में भी बढ़ोतरी होगी। फिलहाल, बिहार के तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस का उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। ऐसे में 20 अक्टूबर के आसपास लोगों को कंबल-रजाई की जरूरत पड़ने लगेगी। मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार से बिहार में पछुआ हवा चलने से सुबह और शाम के समय ठंडक बढ़ेगी। आसमान साफ रहने पर ठंड का एहसास और भी तेज होगा। पटना में मंगलवार को दिन का तापमान सामान्य से लगभग ढाई डिग्री कम 30।2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि, अभी दिन का तापमान सामान्य के आसपास ही बना रहेगा, लेकिन रात के तापमान में गिरावट शुरू हो गई है। अगले 120 घंटों तक रात का तापमान 24 से 26 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है। इस दौरान कई जिलों में सुबह के समय घना कोहरा भी छा सकता है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि 20 अक्टूबर के बाद बिहार के तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की और गिरावट आ सकती है।



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### मुस्लिम युवक के दाह संस्कार मामले में परैया के दारोगा व चौकीदार सस्पेंड

**गया।** गया शहर के पुरानी करीमगंज बेल गली के रहने वाले मो. शहाबुद्दीन (32) की सड़क हादसे में मौत के बाद बिना जांच-पड़ताल के शव का दाह संस्कार कर दिये जाने के मामले में परैया के थानेदार, दारोगा व चौकीदार पर गाज गिर गई। एसएसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दारोगा पुसअनि कृष्ण कुमार गुप्ता व स्थानीय चौकीदार श्याम सुंदर पासवान को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। वहीं थानेदार पुनि मुकेश कुमार के निलंबन व अनुशासनिक कार्रवाई के लिए आईजी मगध रेंज क्षत्रनील सिंह से अनुशंसा की गई है। इस मामले को लेकर मृतक के परिजन व भाकपा माले के नेता डीएम से मिलकर दोषियों को निलंबित नहीं, बल्कि अविलंब बर्खास्त करने की मांग की है। इसको लेकर तीन सूत्री मांग पत्र भी सौंपा गया है। दरअसल, 27 सितंबर की सुबह युवक स्कूटी से गुरारू के लिए निकले थे। रास्ते में परैया के पास पिकअप वैन के धक्के से घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। परैया थाना ने स्कूटी को जब्त कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज गया भेजा था। शव की पहचान नहीं होने के कारण 72 घंटे शीतगृह में रखने के बाद पुलिस ने लाश का दाह संस्कार कर दिया। इधर युवक के घर नहीं लौटने पर परिजन खोजबीन करने लगे। लेकिन युवक का कोई सुराग नहीं मिल रहा था। इसी बीच 8 अक्टूबर को परैया थाना में युवक का स्कूटी मिलने की जानकारी मिली। परिजन थाना पहुंचे, तो स्कूटी सवार युवक की सड़क हादसे में मौत व पहचान नहीं होने पर शव का दाह संस्कार कर दिये जाने की जानकारी मिली।

### आरबीआई के जलवायु जोखिम प्रकटीकरण ने बैंकिंग पर निर्भर क्षेत्रों को अप्रत्यक्ष रूप से किया प्रभावित

**बोधगया।** 28 फरवरी 2024 को, भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों के लिए जलवायु-संबंधी वित्तीय जोखिमों पर केंद्रित एक प्रकटीकरण ढांचा जारी करके भारत की स्थायी वित्तीय प्रथाओं की ओर यात्रा में एक महत्वपूर्ण क्षण का संकेत दिया। इस ढांचे के आने से न केवल वित्तीय हलकों में उत्सुकता बढ़ी है, बल्कि बाजार के व्यवहार पर इसके संभावित प्रभावों की विद्वत्तापूर्ण जांच की भी आवश्यकता है। इस विस्तारित विमर्श के केंद्र में यह मौलिक प्रश्न निहित हैः भारतीय रिजर्व बैंक के मसौदा जलवायु-संबंधी वित्तीय जोखिम प्रकटीकरण ढांचे (इसके बाद, प्रकटीकरण ढाँचा) का अनावरण शेयर बाजार परिदृश्य में कैसे प्रतिध्वनित होगा? इस पृष्ठभूमि में, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के स्नातकोत्तर वाणिज्य विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. विनीता कुमारी एवं आईआईएम संबलपुर के डॉ. धरेन कुमार पांडेय का शोध पत्र अंतर्राष्ट्रीय जर्नल फाइनेंस रिसर्च लेटर्स में प्रकाशन हेतु स्वीकार कर लिया गया है।

### धारदार हथियार से युवक पर हमला कर किया लहूलुहान

**टिकारी।** पंचानपुर थानाक्षेत्र के पंचानपुर ग्राम में आपसी विवाद में पड़ोसी ने 20 वर्षीय युवक पर तेजधार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। गंभीर हालत में युवक का इलाज पटना में कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार पंचानपुर स्थित महादेव स्थान के समीप रहने वाले युवक गुड्डू चौधरी का विवाद अपने ही घर के पड़ोस में रहने वाले एक युवक के साथ हुआ था। विवाद इतना बढ़ गया कि पड़ोसी ने तेजधार हथियार से गुड्डू के गर्दन पर वार कर दिया जिससे गुड्डू गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की अंजाम देने के बाद आरोपी मौके पर से फरार हो गया। वहीं आसपास रहे लोगो ने घायल गुड्डू को अस्पताल पहुंचाया जहां से मगध मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया गया जहां से भी गंभीर हालत देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया। मामले को लेकर पुलिस जांच में जुटी है। मामले को लेकर पंचानपुर थानाध्यक्ष कन्हैया कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी मिलते ही घायल को तत्काल इलाज के लिए अनुमण्डल अस्पताल भेजा गया जहां से गया रेफर कर दिया गया था। परिजनों से लिखित शिकायत की मांग की गई है। घटना की जानकारी जुटाई जा रही है।

### फसल सुरक्षा के लिए किसानों को किया जागरूक

**मानपुर।** प्रखंड के तेतरिया में कृषि विभाग द्वारा फसल सुरक्षा अभियान चलाया गया। इस अवसर पर सहायक निदेशक पौधा संरक्षण सुजीत नाथ मलिक, केवीके के वैज्ञानिक प्रधान ई मनोज कुमार राय, आमस केवीके वैज्ञानिक प्रधान डॉ एसबी सिंह ने किसानों को धान के लगने वाले कीड़े और उसके बचाव की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही किसानों को कृषि विभाग के डीबीटी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर अनुदानित दर पर दवा, कीटनाशक मंगवाने की बात कही।

### 20 को सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु के लिए करेंगी करवां चौथ व्रत



**गया।** शरद पूर्णिमा का चांद "कल' बुधवार को आसमान में दिखेगा। 17 अक्टूबर को स्नान दान की पूर्णिमा के साथ कार्तिक नियम प्रारंभ होंगे। कार्तिक नियम के आरंभ के साथ ही विश्व प्रसिद्ध श्री विष्णुपद में तुलसी अर्चना तो इस्कॉन मंदिर में प्रतिदिन दीप दान होगा। मंदिरों में भी श्रद्धालु खासकर महिलाएं व युवतियां दीये जलाने पहुंचेगी। बता दें कि सनातन धर्म में कार्तिक मास का विशेष महत्व है। इस माह में प्रतिदिन व्रत-त्योहार है। करीब 20 महत्वपूर्ण पर्व इस माह में मनाए जाएगें। आचार्य नवीन चंद्र मिश्र वैदिक ने बताया कि वैष्णवों के लिए यह माह काफी खास है। धर्मशास्त्र एवं आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार कार्तिक मास में मांस, मछली व मट्ठा का त्याग करना चाहिए। इस महीने में व्रत की शुरूआत 20 अक्टूबर को करवां चौथ से होगी। इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने सुहाग की लंबी आयु के लिए निर्जला उपवास का व्रत रखेंगी। गणपति की पूजा कर चरनी से चांद देख पति के हाथों से जल ग्रहण करेगी। वहीं 31 अक्टूबर को दीपों का महापर्व दीपावली मनाया जाएगा। हर घर दीपों की रोशनी से जगमगाएगा। इस्कॉन मंदिर में हर दिन होगा दीपदान इस्कॉन मंदिर के प्रबंधक जगदीश श्याम दास जी महाराज ने बताया कि कार्तिक मास 17 अक्टूबर से प्रारंभ होगा। इसी दिन से दीप दान भक्त मंदिर पहुंचेंगे। कहा कि यह महीना बहुत ही पावन है। इस महीने में कृष्ण भक्ति का फल हजारों गुना मिलता है। इस्कॉन मंदिर में प्रतिदिन शाम में आरती के बाद भगवान दामोदर की प्रसन्नता के लिए दामोदर अष्टकम भी गाया जाएगा। यशोदा-दामोदार भगवान का विशेष श्रृंगार होगा।

### पवरना दिवस की तैयारी में उरूवेला फॉरेस्ट मेडिटेशन के बौद्ध भिक्षु जुटे

**बोधगया।** बोधगया के डुंगेश्वरी के पास स्थित उरूवेला फॉरेस्ट मेडिटेशन विहार में सोमवार को विभिन्न देशों से पहुंचे बौद्ध भिक्षु पवरना दिवस की तैयारी में जुट गये है। पवरना पूजा में वर्षावास काल व्यतीत करने वाले भिक्षु सभी के कल्याण और विश्व शांति की कामना के साथ पूजा करते हैं। आश्विन पूर्णिमा को बौद्ध भिक्षुओं के द्वारा पवरना दिवस मनाया जाता है। तैयारी में आकर्षक स्काई लैंप आदि बनाया जा रहा है।इस दिन बौद्ध भिक्षुओं को बौद्ध उपासक और उपासिकाओं के द्वारा चीवर और दैनिक उपयोग का सामग्री दान करते है।



# लव मैरिज के 3 माह बाद नवविवाहिता की हत्या

**एंबुलेंस से लाश को ठिकाने लगाने की कोशिश, दहेज में बाइक-ज्वेलरी ससुराल वालों की थी डिमांड**

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में दहेज के लिए नवविवाहिता की हत्या की गई है। ससुराल वाले बाइक, नगद और ज्वेलरी की डिमांड कर रहे थे। इसके लिए महिला को प्रताड़ित किया जाता था। मृतका की पहचान मोकिमपुर गांव निवासी सुनील कुमार की (18) वर्षीय पत्नी गौरी देवी के रूप में की गई है। जिसका इसी साल 12 जुलाई को लव मैरिज हुआ था। गौरी और सुनील की शादी तीन साल के अफेयर के बाद हुई। मृतका के भाई विकास कुमार के अनुसार गौरी के साथ मारपीट की गई, फिर उसका गला घोंट फंदे से लटका दिया गया। हत्या को आत्महत्या में बदलने की कोशिश की गई है। भाई ने कहा ग्रामीणों ने मामले की जानकारी दी। मैं ससुराल जा रहा था, लेकिन रास्ते में बेलछी गांव में एंबुलेंस मिली। जिसमें गौरी की लाश पड़ी थी। ससुराल वाले लाश ठिकाने लगाने की कोशिश में थे। घटना चण्डी थाना क्षेत्र के मोकिमपुर गांव की है।



**पति सहित ससुराल वाले फरारः** बताया जाता है कि तीन साल पहले सुनील के भाई की शादी गौरी की ममेरी बहन से हुई थी। उसी वक्त गौरी और सुनील आपस में मिले थे। दोनों के बीच घंटों बातचीत होने लगी। इस बात की जानकारी परिवार वालों को लगी। जिसके बाद बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के सरैया गांव निवासी गणेश जमादार ने अपनी बेटी की शादी चण्डी थाना क्षेत्र के मोकिमपुर गांव निवासी सहदेव बिंद के बेटे सुनील कुमार से की थी। घटना के बाद पति सहित परिवार वाले फरार हैं।

**पति सहित 8 लोगों को बनाया आरोपीः** चण्डी थाना अध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि पति समेत कुल 8 लोगों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया गया है। फिलहाल सभी आरोपी घर छोड़कर फरार हो गए। जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी में जुट गई है। शव को पोस्टमॉर्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है।

## हाईटेंशन तार की चपेट में आने से मजदूर की मौत

निज संवाददाता। नालंदा



**दुर्गा पूजा में लगा टेंट खोलने के दौरान हादसा, आक्रोशितों ने शव को रखकर सड़क किया जाम**

नालंदा के बिंद थाना क्षेत्र के अमावां गांव में एक मजदूर की हाईटेंशन तार की चपेट में आने से सोमवार की शाम मौत हो गई। मृतक की पहचान शेखपुरा जिला के कोरमा थाना क्षेत्र के मुरारपुर गांव निवासी स्व. पदारथ राम के (28) वर्षीय पुत्र विपिन कुमार उर्फ विपिन राम के रूप में हुई है। देर शाम परिजन शव को लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंचे। विपिन पिछले 12 साल से अपने ससुराल सारे थाना क्षेत्र के मानपुर गांव में मजदूरी करते थे। दुर्गा पूजा के दौरान वह अमावां गांव में टेंट लगाने का काम कर रहा था। बीते शनिवार को दुर्गा पूजा का मेला समाप्त होने के बाद विपिन सोमवार शाम को पीपल के पेड़ पर चढ़कर टेंट खोल रहा था, तभी वह हाईटेंशन तार के संपर्क में आ गया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। स्वजन और ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर शव को रखकर सड़क जाम किया। यातायात बाधित हो गया।

**पुलिस के आने के बाद मामला शांत हुआः** घटना की सूचना मिलते ही बिन्द थानाध्यक्ष रौशन कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मृतक के स्वजनों को समझा-बुझाकर यातायात सेवा बहाल की। अमावां पंचायत के मुखिया प्रशांत कुमार उर्फ राजा बाबू भी घटनास्थल पर पहुंचे और मृतक के परिजनों को सांत्वना दी। पत्नी दौलती देवी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक अपने पीछे 3 साल का बेटा और एक वर्ष की पुत्री को छोड़ गया है।थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया है ।

## श्रमजीवी और इसलामपुर-हटिया एक्सप्रेस के नए ठहराव

निज संवाददाता। नालंदा

भारतीय रेलवे ने एक महत्वपूर्ण घोषणा की है जो हजारों यात्रियों के लिए राहत भरी साबित होगी। रेल मंत्रालय ने राजगीर-नई दिल्ली श्रमजीवी एक्सप्रेस और इसलामपुर-हटिया एक्सप्रेस में नए ठहराव जोड़े गए हैं। इसलामपुर-हटिया-इसलामपुर एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 18623/24) के लिए डियावां हॉल्ट पर एक नया ठहराव भी शुरू किया गया है। आज से इसलामपुर से हटिया जाने वाली एक्सप्रेस (18623) डियावां हॉल्ट पर रात 7:54 बजे पहुंचेगी और 7:56 बजे रवाना होगी। 15 अक्टूबर 2024 से हटिया से इसलामपुर जाने वाली एक्सप्रेस (18624) डियावां हॉल्ट पर सुबह 7:38 बजे पहुंचेगी और 7:40 बजे आगे बढ़ेगी।



**वापुरी रोड स्टेशन पर सुबह 8:20 बजे पहुंचेगीः** श्रमजीवी एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 12391/92) अब पावापुरी रोड स्टेशन पर रुकेगी। राजगीर से नई दिल्ली जाने वाली श्रमजीवी एक्सप्रेस (12391) पावापुरी रोड स्टेशन पर सुबह 8:20 बजे पहुंचेगी और दो मिनट के ठहराव के बाद 8:22 बजे रवाना होगी। इसी प्रकार, नई दिल्ली से राजगीर जाने वाली श्रमजीवी एक्सप्रेस (12392) पावापुरी रोड स्टेशन पर सुबह 9:15 बजे पहुंचेगी और 9:17 बजे आगे बढ़ेगी।

## टीका-टोपी को टकराने सीमांचल आ रहे गिरिराज, AIMIM प्रदेश अध्यक्ष बोले- मुस्लिम आंखों में खटकते हैं

निज संवाददाता। किशनगंज




♦ **पूर्व मंत्री ने बताया देश का दुश्मन**

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह 18 अक्टूबर से हिंदू स्वाभिमान यात्रा करने वाले हैं। उनकी यात्रा से पहले बिहार की सियासत गरमाई हुई है। पूर्व शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने गिरिराज सिंह की यात्रा पर आपत्ति जताते हुए कहा कि ये लोग देश के दुश्मन हैं, जो समाज को बांटना और तोड़ने का काम करना चाहते हैं। वहीं यात्रा के दौरान 22 अक्टूबर को गिरिराज सिंह किशनगंज पहुंचेंगे। यहां उनकी यात्रा का पहला फेज खत्म होगा। गिरिराज सिंह की यात्रा को लेकर AIMIM प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान ने कहा कि ये टीका-टोपी को टकराने आ रहे हैं। भाजपा का जनाधार गिर रहा है और इसीलिए फिर से सिर्फ नफरत की सौदागरी करने आ रहे है। अख्तरुल ईमान ने कहा कि वो केंद्रीय कपड़ा मंत्री है। उन्होंने बताना चाहिए कि आज तक सीमांचल के लिए उन्होंने क्या किया है।


**टीका और टोपी को टकराने की बात करेंगे मंत्रीः** अख्तरुल ईमान ने कहा कि सीमांचल में टीका और टोपी को टकराने की बात केंद्रीय मंत्री करेंगे। यहां कि मस्जिद, मुसलमानों की आबादी उनको खटकेगी और यहां के हिंदू और मुसलमानों में जो प्रेम है, वो उन्हें खटकेगा। क्योंकि ये नफरत के सौदागर है। जबकि, यह अमन पसंद इलाका है। एआईएमआईएम प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान ने गिरिराज सिंह पर निशाना साधते हुए कहा कि वो केंद्रीय कपड़ा मंत्री हैं। आज तक सीमांचल के लिए उन्होंने क्या किया है, बताना चाहिए। वो फिर से सिर्फ नफरत की सौदागरी करने आ रहे हैं और सीमांचल में टीका और टोपी को टकराने की बात करेंगे। यहां की मस्जिद, मुसलमानों की आबादी उनको खटकेगी और यहां के हिंदू और मुसलमानों में जो प्रेम है वो उन्हें खटकेगा।

**किशनगंज को अमन पसंद हैः** गिरिराज सिंह को नफरत का सौदागर बताते हुए उन्होंने कहा कि यह अमन पसंद इलाका है। किशनगंज के हिंदू और मुसलमानो ने कभी यहां के सौहार्द का सौदा नहीं होने दिया। यहां हिंदू मुसलमानों के बीच जितना सौहार्द है, वो पूरे देश को नसीब नहीं है। उन्होंने कहा कि इससे पहले जब उनका दौरा किशनगंज में हुआ था, तब उन्हें यहां की गरीबी, यहां का भाई चारा नजर नहीं आया, बल्कि यहां के मस्जिद और दाढ़ी टोपी में उन्हें पाकिस्तान नजर आता है।

## BJP नेता से दरोगा ने कहा-'होश में रहो, समझे न', ऑडियो वायरल, गाने को लेकर थानेदार से शिकायत की थी

निज संवाददाता। गया

भाजपा नेता अमित कुमार दांगी और गुरुआ थानेदार के बीच फोन पर हॉट-टॉक हो गया। दोनों के बीच की तीखी नोकझोंक का ऑडियो वायरल है। ऑडियो में गुरुआ थानेदार सरफराज इमाम गुस्से में भाजपा के प्रदेश मंत्री अमित कुमार दांगी को होश में रहने की बात कह रहे हैं। भाजपा नेता ने पूजा पंडाल में बजाए जा रहे एक गाने को लेकर थानेदार से फोन पर शिकायत की थी। इधर, इस मामले को लेकर भाजपा नेता अमित दांगी ने पुलिस के वरीय अधिकारी से शिकायत की है। भाजपा समर्थकों के बीच इस बात को लेकर काफी गुस्सा है। वे थानेदार के खिलाफ आंदोलन के मूड में हैं। आंदोलन की रणनीति को लेकर मंगलवार को बैठक भी हुई।



**पूजा पंडाल में बजाया जा रहा था विवादित गानाः** दरअसल, यह पूरी घटना दशहरा की रात यानी 12 अक्टूबर की है। अमित कुमार दांगी का कहना है कि गुरुआ थाना के बाउंड्री से सटे मां दुर्गा पंडाल में जाति सूचक गाना बजाया जा रहा था। जहां पंडाल लगाया गया था, वहां बगल में मेरा मकान है। गाना न केवल जाति सूचक था, बल्कि एक विशेष राजनीतिक पार्टी समर्थित भी था, जो भड़काऊ था।

**थाना प्रभारी ने होश में रहने के लिए कहाः** भाजपा नेता ने बताया कि इसको लेकर थानेदार से पूछा इसका परमिशन किसने दिया, तो वे भड़क गए। उल्टा वे हमे धमकी देने लगे। फोन पर वे चिल्ला कर कहने लगे कि 'होश में रहो समझे न'।

**मौके पर नहीं मिला कोई प्रमाणः** इधर, थानेदार सरफराज आलम ने कहा कि अमित कुमार दांगी की शिकायत पर मामले की जांच मौके पर जाकर किया गया था। लेकिन, वहां संवेदनशील स्थिति या भड़काऊ गाना बजाए जाने का प्रमाण नहीं मिला। उन्होंने कहा कि आखिर अमित कुमार दांगी ने फोन पर ऐसा क्यों कहा कि गाने बजाने का परमिशन किसने दिया। यह बात समझ में नहीं आई।

## अब सप्ताह में दो दिन चलेगी धनबाद-जम्मूतवी स्पेशल

निज संवाददाता। गया

पर्व-त्योहार के मौके पर यात्रियों की भीड़ रेल से सफर के लिए उमड़ती है। बड़ी संख्या में परिवार सहित दूसरे प्रदेश में नौकरी-पेशा करने वाले लोग अपने घर लौटते हैं। ऐसे में रेल यात्रियों की सुविधा के लिए रेल प्रबंधन स्पेशल ट्रेन या फिर ट्रेनों के फेरे में वृद्धि करता है। इसी क्रम में 03309/03310 धनबाद-जम्मूतवी-धनबाद स्पेशल ट्रेन अब सप्ताह में 01 दिन के बजाए 02 दिन चलेगी। इस बात की पुष्टि जन सम्पर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने की है। नए आदेश से पहले यह ट्रेन सप्ताह में एक दिन ही चलाई जा रही थी।



**धनबाद-जम्मूतवी एक्स. स्पेशल मंगलवार और शनिवार को चलेगीः** गाड़ी सं. 03309 धनबाद-जम्मूतवी एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन अब 15 अक्टूबर से 30 नवंबर तक हर मंगलवार के साथ शनिवार को भी धनबाद से चलेगी। इसी तरह से गाड़ी सं. 03310 जम्मूतवी-धनबाद एक्सप्रेस स्पेशल 16 अक्टूबर से 01 दिसंबर तक हर बुधवार के साथ रविवार को भी जम्मूतवी से चलेगी। इससे बिहार-झारखण्ड के यात्रियों को लाभ मिलेगा। वे त्योहार के मौके पर आसानी से रेल से सफर कर अपने घर को आ सकेंगे।

## सड़क हादसे में साले की मौत, जीजा जख्मी

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में सोमवार की शाम बिहार शरीफ परवलपुर मुख्य मार्ग पर सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जबकि एक अन्य गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मामला नूरसराय थाना क्षेत्र के गोविंदपुर बेलदारी गांव की समीप की है। मृतक की पहचान परवलपुर थाना क्षेत्र के ढिबरी पर गांव निवासी टमाटर राम के (30) वर्षीय पुत्र सत्येंद्र कुमार उर्फ कैला के रूप में की गई है। जबकि जख्मी की पहचान सोहसराय थाना क्षेत्र के सोहसराय निवासी स्वर्गीय राजकुमार प्रसाद के बेटे दीपक कुमार के रूप में की गई है। दोनों रिश्ते में साला-बहनोई लगते हैं। मृतक के परिजन ने बताया उन्हें पुलिस से सूचना प्राप्त हुई कि सत्येंद्र कुमार व दीपक कुमार सड़क हादसे में घायल हो गया है। सूचना मिलने के बाद जब सदर अस्पताल पहुंचा तो देखा कि सत्येंद्र कुमार की मौत हो चुकी है। जबकि दीपक इलाजरत है। दोनों साला बहनोई परवलपुर से डेकोरेशन का काम खत्म कर बिहार शरीफ लौट रहे थे। इसी बीच सड़क हादसे का शिकार हो गए। नूरसराय थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि सड़क हादसे की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने सत्येंद्र कुमार को मृत घोषित कर दिया। जबकि दीपक इलाजरत है। प्रथम दृष्टिया जांच में यह बात सामने आई है कि गाड़ी ब्रेकर पर अनियंत्रित हो गई। जिसके कारण बाइक सवार दोनों लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिनमें एक की मौत हो गई।



## मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के आवेदन का आज आखिरी दिन, 794 युवाओं को दिया जाएगा लाभ

निज संवाददाता। गया

युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना चलाई जा रही है। इसका अंतिम दिन मंगलवार यानी की आज 15 अक्टूबर है। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक को 15 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इस योजना के तहत गया में 794 बेरोजगारों को लाभ दिया जाना है। इससे पहले 1446 बेरोजगारों को योजना का लाभ दिया जा चुका है। गौरतलब है कि परिवहन विभाग द्वारा 'मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना ' बीते 3 सालों से चल रही है। 15 अक्टूबर तक ऑनलाइन फॉर्म भरे जाने हैं। जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि परिवहन सुविधाओं को बेहतर बनाने, रोजगार सृजन के लिए मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना शुरू की गई है। इस योजना के अंतर्गत गया में 794 वैकेंसी अभी है। लेकिन लक्ष्य के विरुद्ध अब तक लगभग 200 आवेदन ही विभाग को प्राप्त हुए हैं।

**एम्बुलेंस के लिए मिलेंगे 2 लाख रुपएः** योजना के अंतर्गत ई-रिक्शा, ऑटो और एम्बुलेंस की खरीदारी में 50% सब्सिडी दी है। ई रिक्शा खरीदने पर 70 हजार, ऑटो खरीदने पर 1 लाख की राशि दी जाती है। जबकि एम्बुलेंस खरीदने पर 2 लाख तक विभाग अनुदान की राशि देता है। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक पंचायत में 7 योग्य आवेदकों का चयन होगा। गया में कुल 320 ग्रामीण पंचायत हैं। हर पंचायत से सात योग्य आवेदकों का चयन होगा। योजना के तहत 4 सीटर से लेकर 10 सीटर तक के लिए नए सवारी वाहन और एंबुलेंस की खरीदारी पर अनुदान दिया जाएगा।

**इन चीजों की होगी जरूरतः** इस योजना के तहत 4 अनुसूचित जाति/जनजाति और तीन अत्यंत पिछड़ा वर्ग के सदस्य को वाहन की खरीदारी पर अनुदान का लाभ दिए जाने का प्रावधान है। इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक की उम्र 21 साल या उस से अधिक हो, उनके पास जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, उम्र संबंधित प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, फोटो, मोबाइल नंबर व ड्राइविंग लाइसेंस होना जरूरी है। जिला परिवहन विभाग द्वारा योजना के संबंध में प्रचार प्रसार किया जा रहा है। DTO राजेश कुमार ने बताया कि विभाग के सचिव संजय अग्रवाल और जिला पदाधिकारी डॉ.त्यागराजन के आदेश अनुसार भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में प्रचार प्रसार का विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: जीएसयू-एएसएन-2024-01, दिनांक 14.10.2024,** उप सीपीएम/इंजी./जीएसयू/आसनसोल, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा (खुली) आमंत्रित की जाती हैः **निविदा सं. जीएसयू-एएसएन-2024-01, कार्य का नामः** सीपीएम/जीएसयू/आसनसोल के कार्यक्षेत्र में विभिन्न निर्माण स्थलों/खंडों पर प्रोजेक्ट सुपरविजन सर्विसेस (परियोजना पर्यवेक्षण सेवाएँ) प्रदान करने के लिए प्रोजेक्ट सुपरविजन सर्विसेस एजेंसी (पीएसएसए) की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी) के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 4,11,09,779.70, **बयाना राशिः** रु.3,55,600/-, **कार्य की समापन अवधिः** 24 माह + 18 माह (डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड)। **अंतिम तिथि और समय/बोली की नियत तिथिः** दिनांक 12.11.2024 को 15.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-192/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### पूर्व प्रधानाध्यापक के निधन से शोक

**सासाराम (रोहतास) (नि. सं.)।** महान शिक्षाविद् सह मोती उच्च विद्यालय बसडीहां के पूर्व प्रधानाध्यापक खैरही निवासी रामचंद्र पाठक जी के निधन का समाचार मिलते ही शोक की लहर दौड़ पड़ी। जानकारी देते हुए स्व पाठक जी के पुत्र केंद्रीय विद्यालय दिल्ली के शिक्षक अजय पाठक ने बताया की पिताजी का निधन 11 अक्टूबर को दिल्ली स्थित उनके निवास पर हुई। उन्होंने बताया कि पिताजी की तबियत कुछ दिन से खराब चल रही थी, और उनकी उम्र लगभग 90 साल की थी। पाठक के निधन का समाचार सुनते ही शोक व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। शोक व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से पत्रकार ओम प्रकाश तिवारी, सतीश चौबे, मुक्तेश्वर कुमार, कमला कांत दुबे, उमेश कुमार, दिनेश पांडे, राजबली तिवारी, कन्हैया तिवारी, लाल साहेब तिवारी, नीलेश दुबे, तेज नारायण तिवारी, के साथ साथ काफी संख्या में हैं। स्व पाठक जी के पुत्र अजय पाठक ने बताया की अभी श्राद्ध सम्बन्धी कार्यक्रम 24 अक्टूबर को हरिद्वार उत्तराखंड में किया जा रहा है, लेकिन स्थानीय प्रखण्ड स्तर पर भी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा।

### जयंती पर याद किए गए पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम

**राजपुर (रोहतास) (नि.सं.)।** नोखा रोड़ स्थित शौणडिक गर्ल्स हाई स्कूल प्रांगण में मंगलवार को बंचित जन अधिकार मंच के जिला संयोजकिया। कलाम साहब के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए मंच के संस्थपक संयोजक संजय कुमार यादव ने कहा कि हमारे देश को परमाणु संपन्न राष्ट्र बनाने में कलाम साहब की महती भूमिका रहा है। समुचे विश्व में मिसाइल मैन के नाम से विख्यात हमारे पूर्व राष्ट्रपति कलाम साहब ने देश एक नयी सोच व नयी दिशा दी है। जिसे हम सभी भुला नहीं सकते। उनके बताए हुए मार्ग पर चल कर उनके आदर्श को स्थापित किया जा सकता है। एक साधारण परिवार में जन्मे कलाम साहब ने समाज व राष्ट्र को बता दिया कि व्यक्ति जन्म से नहीं बल्कि कर्म से महान होता है। मौके पर उपेन्द्र सिंह, बिनोद सिंह, कामेश्वर साह,अनिल कुशवाहा, लक्ष्मी चौधरी,अवधेश प्रसाद, बलिराम शर्मा, मुन्ना सिद्धकी, मोहम्मद इबरान सहित अन्य उपस्थित थे।

### शराब के नशे में धुत शराबी गिरफ्तार

**कोचस (रोहतास) (नि. सं.)।** शराब के नशे में धुत एक पियक्कड़ को परसथुआ ओपी पुलिस ने मंगलवार को बाजार से गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी देते हुए ओपी थानाध्यक्ष रामचंद्र चौपाल ने बताया कि पुलिस गस्ती पर थी तभी सूचना मिली कि एक पियक्कड़ शराब पीकर गाली गलौज कर रहा है तभी पुलिस ने उक्त बजार से एक पियक्कड़ प्रभु सिंह पिता विजय कुमार सिंह ग्राम सलथुआ थाना कुदरा जिला कैमूर को नशे की स्थिति में गिरफ्तार किया गया, वहीं गिरफ्तारी बाद पुलिस पियक्कड़ को जांच उपरांत शराब सेवन की पुष्टि करते हुए कानूनी प्रक्रिया पूरी कर अग्रिम कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया है।

### स्वच्छता दिवस पर मुखिया और स्वच्छता कर्मियों का सम्मान

**विक्रमगंज (रोहतास) (नि. सं.)।** सोमवार प्रखंड के घुसिया खुर्द गांव स्वच्छता दिवस के अवसर पर जिला पदाधिकारी द्वारा स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र प्राप्त मुखिया विनय प्रकाश चौधरी, स्वच्छता पर्यवेक्षक अनूप कुमार स्वच्छता कर्मी नंद जी खरवार को अंग वस्त्र एवं फूल माला से सम्मानित किया गया। पूर्व अध्यक्ष गुप्तेश्वर गुप्ता तथा तथा वैश्य समाज के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने सभी को बारी-बारी से सबको सम्मानित किया। कहां की हम सबको भी उनके ही जैसा उल्लेखनीय कार्य करना चाहिए ताकि आने वाला दिन ऐतिहासिक हो। स्वच्छता ही सेवा है, को इन लोगों ने धरातल पर उतारा है। हम सबको भी स्वच्छता को अपने जीवन का स्वभाव एवं संस्कार बना लेना चाहिए। इसके लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन उदाहरण स्वरूप है राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने जो सपना देखा था, नरेंद्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत का सपना इस और एक कदम है।

# आर्थिक तंगी से परेशान मां ने बच्चें संग नहर में लगाई छलांग, युवक ने बचाया

**निज संवाददाता | करगहर (रोहतास)**



फाईल फोटो

करगहर थाने के समीप हीं एक बेबस मां ने दो दिनों से भूख के कारण रोते-बिलखते अपने बच्चे का दर्द सहन नहीं कर सकी और मासूम को लेकर नहर के गहरे पानी में छलांग लगा दी।हालांकि गनीमत रही कि वहां मौजूद मोहन बैठा नामक एक युवक ने दोनों को नहर में छलांग लगाते देख लिया और जान पर खेलकर दोनों को डूबने से बचा लिया। इसके बाद दोनों को बेहोशी की अवस्था में सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों के पेट से पानी निकाल दिया। फिलहाल मां और बेटे खतरे से बाहर बताए जाते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित महिला करगहर प्रखंड के सेमरी पंचायत अंतर्गत वार्ड पांच निवासी अजय राम की 22 वर्षीया पत्नी राजकुमारी बताई जाती है। जिसने बताया कि उसका पति मजदूर है और कई दिनों से उसे काम नहीं मिल रहा है। इस कारण घर में खाने के लाले पड़े हैं। दो दिनों से चूल्हा नहीं जला है और ऐसा अक्सर होता है। उसे दो वर्षीय बच्चे अमन और छह वर्षीय प्रियांशु के साथ भूखे रहना पड़ता है। दो दिनों से भूख से बेचैन बच्चों का दुख नहीं देखा गया तो वह शिकायत करने थाने जा रही थी। इस बीच अचानक वह नहर पुल से पानी में एक बच्चे को फेंक दिया और जान देने के लिए स्वयं कूद गई। जबकि मां बेटे को बचाने वाले युवक मोहन बैठा ने कहा कि वे किसी कार्य से करगहर बाजार आए हुए थे तभी उन्होंने एक महिला को बच्चे के साथ नहर में छलांग लगाते देख लिया। जिसके बाद उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बगैर नहर में कूद कर दोनों को सुरक्षित बाहर निकाला। वहीं घटना की जानकारी मिलते हीं पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे माले के जिला महासचिव सह समाजसेवी अशोक बैठा ने कहा कि यह बहुत हीं दुखद घटना है इस तरह के मामलों में जवाबदेही तय होनी चाहिए। पीड़ित परिवार को न आवास का लाभ मिला है और ना हीं राशन कार्ड बना हुआ है। हालांकि उन्होंने आत्महत्या के इस कदम को गलत बताया, लेकिन कहा कि यह जिले के आला अधिकारियों की नाकामी है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। अशोक बैठा ने कहा कि जिलाधिकारी की यह जिम्मेदारी बनती है कि जिले के ऐसे परिवारों को चिन्हित कर उन्हें आवास और राशन कार्ड का लाभ दिलाना सुनिश्चित कराएं, अन्यथा ऐसी घटना सामने आने पर डीएम के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो।

## प्रखंड के पहले प्रमुख के देहांत से एक युग का अंत

**दावथ (रोहतास) (नि. सं.)।** सोमवार को रात्रि में दावथ एवं सूर्यपूरा के संयुक्त प्रथम प्रखंड प्रमुख जग नारायण सिंह का देहांत हो गया। वयोवृद्ध दिवंगत प्रखंड प्रमुख जग नारायण सिंह के निधन से क्षेत्र में शोक का लहर है। उनका देहांत उनके पैतृक गांव शहादत डिहरा में हुआ ।बताया जाता है कि पिछले कई दिनों से वे अस्वस्थ चल रहे थे। प्रखंड के पहले प्रखंड प्रमुख रहने के साथ-साथ सबसे लंबी अवधि लगभग 22 वर्षों तक इस कुर्सी पर काबू रहने वाले भी वह पहले व्यक्ति थे जिनके बारे में कहा जाता है कि अपने क्षेत्र की मर्यादा रखने के लिए कई बार उन्होंने अपने समय में बगावती तेवर भी अख्तियार किये तो वही पुलिस और प्रशासन को भी हर संभव मदद करने वाले बुद्धिजीवियों में उनकी गिनती की जाती थी। सामाजिक समरसता के साथ साथ उन्होंने राजनीतिक हस्तियों के साथ भी तालमेल बैठाने का हर संभव प्रयास किया।

## क्विज प्रतियोगिता में अंकिता बनी टॉपर

**निज संवाददाता | वारसलीगंज (नवादा)**



थाना क्षेत्र के माफी गांव में हर साल दुर्गा पूजा की विजयदशमी के दिन नवयुवक क्लब के सक्रिय कार्यकर्ता के द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। जिसमें क्लास पहले से लेकर 12 में के बच्चे भाग लेते हैं बताते चले की वारसलीगंज के आसपास के कई गांव के बच्चे भाग लेते हैं। जिसमें से हर क्लास के बच्चे फर्स्ट सेकंड और थर्ड को मेडल था शील्ड दिया जाता है। और टॉपर विद्यार्थी को 5000 का स्कॉलरशिप दिया जाता है। इस बार टॉपर बने माफी गांव निवासी राजेश कुमार की पुत्री 12वीं की छात्रा अंकिता कुमारी ने 10 राउंड के बाद अपना परचम लहराई इस आयोजन के मुख्य कार्यकर्ता सौरभ, पत्रकार सानू सिंह, गुलशन, गोलू, प्रशांत, निक्कू, अमित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे। विजयदशमी के दिन होने वाले क्विज प्रतियोगिता का रिजल्ट कल प्रतिमा विसर्जन के दिन माफी गढ़ के ऐतिहासिक मैदान पर एसडीपीओ महेश चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में सर्किल इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार के द्वारा सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

## फर्जी नर्सिंग होम में जच्चा बच्चा की मौत नर्सिंग होम सील, प्राथमिकी दर्ज

**निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)**

गोड़ारी के फर्जी नर्सिंग होम मॉ इमरजेन्सी में जच्चा बच्चा की मौत' पर अधोहस्ताक्षरी के द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए उक्त मामले की जाँच हेतु गोड़ारी काराकाट में उक्त निजी अस्पताल जिसका नाम माँ इमरजेन्सी अस्पताल काराकाट हैं, का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के कम में थानाध्यक्ष काराकाट थाना, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, काराकाट एवं प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक काराकाट उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान उक्त अस्पताल का मुख्य दरवाजा (शटर) बंद पाया गया, परन्तु पीछे का दरवाजा (शटर) बंद था परन्तु उसमें ताला नहीं लगा हुआ था। संयुक्त जॉच दल के द्वारा उक्त शटर को खोलकर देखा गया तो उसमे 08-10 की संख्या में चौकी, बेड कुर्सी टेबल लगा हुआ था। ऑपरेशन रूम में लाईट था परन्तु उसमें ऑपरेशन टेबल नही पाया गया। अस्पताल के अंदर पाये गये सामाग्रियो को देखकर यह प्रतीत होता हैं, कि उक्त अस्पताल में ऑपरेशन का कार्य किया जाता रहा है। अस्पताल के पिछले दरवाजे के बाहर पर्ती जमीन पर पाये गये बंधे कुट के कार्टुन को देखकर पता चला कि अस्पताल संचालक के द्वारा उक्त घटना घटने के बाद अपने अस्पताल के अंदर के चिकित्सीय उपकरणो को ले जाने का प्रयास किया जा रहा था परन्तु जाँच दल के आने की सूचना पाकर या देखकर उक्त कार्टुन को वही छोड़कर भागने में सफल हो गया। निरीक्षण के दौरान संचालक के उपस्थित नही रहने के कारण मकान मालिक रामानुज तिवारी पिता स्व० राम नरेश तिवारी ग्राम पो०-गोड़ारी काराकाट से उक्त अस्पताल के संचालन हेतु एकरारनामा के बारे में पूछा गया तो उनके द्वारा बताया गया कि मेरे द्वारा किसी भी प्रकार का लिखित एकरारनाम संचालक को नही दी गयी हैं।

## विद्यालय का नन्हा शिक्षक, जिसने साथी छात्रों की शिक्षा की जिम्मेदारी उठाई

**निज संवाददाता | वारिसलीगंज (नवादा)**



प्रखंड के छोटे से गांव बल्लोपुर के उत्क्रमित मध्य विद्यालय के आठवीं कक्षा के छात्र आर्यन ने एक अनोखा उदाहरण प्रस्तुत किया है। जब कोई छात्र अपने विद्यालय में शिक्षक की भूमिका में अपने कनिष्ठ छात्रों को पढ़ाने लगता है, तो यह निश्चित रूप से चौंकाने वाला होता है। आमतौर पर बच्चे नटखट और ऊर्जा से भरपूर होते हैं, लेकिन आर्यन जैसे कुछ बच्चे इस उम्र में ही ऐसे मुकाम पर पहुंच जाते हैं, जिन्हें समाज 'गुदड़ी का लाल' कहता है। आर्यन, जो कद-काठी में छोटा और दुबला-पतला है, वास्तव में किसी भी शिक्षक के लिए गर्व और गौरव का कारण बन गया है। इस विद्यालय के पूर्व शिक्षक श्रीकांत, जो लाइब्रेरी में एटलस रीडिंग क्लास और ग्रामर रीडिंग क्लास संचालित करते थे, के जाने के बाद आर्यन ने उनकी जगह अतिरिक्त क्लासों का संचालन अपने कंधों पर ले लिया। आर्यन अब रात को मेहनत करके अपने सहपाठियों को एटलस पढ़ाता है और ग्रामर क्लास भी आयोजित करता है। आर्यन न केवल शिक्षा के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है, बल्कि अपने सहपाठियों की पढ़ाई से जुड़ी समस्याओं का समाधान भी कर रहा है। उसकी विशेषताएँ इतनी अद्भुत हैं कि लोग उसकी प्रतिभा पर हैरान रह जाते हैं। अगस्त माह तक, आर्यन बिहार बोर्ड की किताबों के साथ-साथ एनसीईआरटी की हिंदी और अंग्रेजी माध्यम की किताबें भी तीन-तीन बार पढ़ चुका है। गाँव में शिक्षा के बेहतर स्तर को बनाए रखने के लिए आर्यन नियमित रूप से बच्चों के साथ मीटिंग का आयोजन करता है, जिसमें बाल संसद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण, डांस, परेड, रोल-प्ले, चेतना सत्र, और कला जैसे सभी विधाओं में अग्रणी भूमिका निभाता है। आर्यन का शिक्षक कहलाने का सपना हर शिक्षक का होता है। सबसे बड़ी बात यह है कि उसने अपने गुरु से सीखी हुई बातों को न केवल आत्मसात किया है, बल्कि उन्हें अपने सहपाठियों में भी साझा कर रहा है। आर्यन की प्रतिभा उसे ऊँचाइयों तक ले जाने का विश्वास सभी को है, और शिक्षक श्रीकांत भी उसके मनोबल से प्रभावित हैं।

## राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर कृत 'रश्मिरथी' नाटक का मंचन

» रश्मिरथीन नाटक का मंचन सासाराम के संत पॉल स्कूल में हुआ। जहां पर मध्य प्रदेश, भोपाल से आए रंग संचार, नाटक मंडली के द्वारा यह प्रस्तुति दी गई।

**निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)**



कला संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार, पटना एवं जिला प्रशासन रोहतास के संयुक्त तत्वाधान में रोहतास के जिला पदाधिकारी के निर्देशन में दिनांक 14 अक्टूबर को सासाराम में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर कृत 'रश्मिरथी' नाटक का मंचन हुआ। इस नाटक का उद्घाटन जिला अपर समाहर्त -सह -अपर जिला दंडाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला कला संस्कृति पदाधिकारी एवं अन्य गण्यमान लोगों के कर कमल के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके हुआ। रश्मिरथीन नाटक का मंचन सासाराम के संत पॉल स्कूल में हुआ। जहां पर मध्य प्रदेश, भोपाल से आए रंग संचार, नाटक मंडली के द्वारा यह प्रस्तुति दी गई। रश्मिरथी नाटक की सराहन लोगों के द्वारा की गई। इसके समापन समारोह में जिले के परिवहन पदाधिकारी रामबाबू सर एवं सीनियर डिप्टी कलेक्टर ओम प्रकाश लाल जी ने नैतिक मूल्यों की विशेषताओं को बताया और उन्हें अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया और अंत में मौजूद सभी पदाधिकारी ने नाटक मंडली को प्रशस्ति पत्र, ट्रॉफी, शॉल देकर उन्हें सम्मानित किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## ई. अजय कुशवाहा ने राष्ट्रीय लोक मोर्चा से दिया त्यागपत्र



**निज संवाददाता | पटना**

ई० अजय कुशवाहा ने उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा से त्याग पत्र देने की घोषणा कर दी हैं। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने यह जानकारी दी है। इंजिनियर अजय कुशवाहा गया जिले से आते हैं। वर्तमान समय में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर आसीन थे। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के मजबूत स्तम्भ माने जाते है। मगध प्रमंडल में कुशवाहा समाज के वरीय नेता के रूप में प्रसिद्ध है। 2020 में अतरी विध्यानसभा से चुनाव लड़े। चार दशक से भाजपा से राजनीति की भो कुशवाहा ने शुरुआत की। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने श्री कुशवाहा ने बेलागंज विधानसभा उपचुनाव का हवाला दिया। उन्होने बताया कि बेलागंज विधानसभा उपचुनाव को लेकर पार्टी का कोई स्पष्ट रूख नहीं होने के कारण अपने समर्थकों के अनुरोध पर पार्टी के सभी पद एवं प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे रहा हूँ। उन्होने आगे बताया कि बेलागंज विधानसभा से एनडीए से साफ व स्वच्छ छवि के प्रत्याशी नहीं है। यह विधानसभा मेरा गृह क्षेत्र है। स्थानीय प्रतिनिधियों से एवं जनता से सीधा संपर्क है। आगामी बेलागंज विधानसभा उपनचुनाव को लेकर अपने समर्थकों के विचार मंथन कर अगला कदम उठाया जाएगा। श्री कुशवाहा राष्ट्रीय लोक मौर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष-सह-क्षेत्रीय प्रभारी जिला-जहानाबाद, अरवल, नालन्दा एवं कैमूर एवं विगत गया लोक सभा चुनाव में एन.डी.ए. गठबंधन प्रत्याशी बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार जीतन राम मांझी का चुनाव अभिकर्ता रहे हैं। 2020 अतरी विधान सभा के पूर्व प्रत्याशी एवं शिक्षाविद, डॉ० परमानन्द कुशवाहा, प्रदेश महासचिव-सह-जिला प्रभारी, पटना पार्टी में व्याप्त अनुशासन हीनता के कारण संयुक्त रूप से पार्टी के सभी पदों एवं प्रथामिक सदस्यता से त्याग पत्र दे रहे हैं। मौके पर सुपेन्द्र कुशवाहा, प्रदेश सचिव-सह-मुखिया, चन्द्रकान्ता सिन्हा, पूर्व जिला पार्षद, बेलागंज विधान सभा अन्तर्गत, अयोध्या कुमार, प्रभाकर अरवल जिलाध्यक्ष, अनुसूचित जाति प्रकोष्ट, कमलेश कुमार, पैक्स अध्यक्ष, गौतम कुशवाहा, संजीव, कुशवाहा, छोटु प्रसाद, संटू कुशवाहा, संजीत कुमार, रामचन्द्र सिंह, राममोहन सिंह सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने एक साथ पार्टी से त्याग पत्र दिया है।

## मेरा प्रखंड मेरा गौरव प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**निज संवाददाता | नवादा**




जिला पदाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा द्वारा बताया गया कि बिहार राज्य में प्राकृतिक, धार्मिक, सांस्कृतिक पर्यटन स्थलों की एक समृद्ध विरासत है। इन स्थलों में कई ऐसे स्थल भी हैं, जो अन्य पर्यटन स्थलों की तरह प्रकाश में नहीं आ पाये हैं। पर्यटन के दृष्टिकोण से इनकी महत्ता है, किन्तु ये स्थल प्रसिद्ध नहीं हो पाये हैं। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य ऐसे ही पर्यटन स्थलों को स्थानीय लोगों की मदद से प्रकाश में लाना है। उन्होंने कहा कि आम भागीदारी से स्थानीय लोगों में अपने प्रखण्ड के पर्यटन स्थलों के प्रति अपनेपन का भाव जागृत होगा तथा लोग जिम्मेदार पर्यटन की तरफ उन्मुख होंगे। इसका मुख्य विषय है बिहार राज्य के छुपे हुए उन स्थलों की पहचान करना, जो पर्यटन के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण हो सकते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य राज्य के विभिन्न प्रखण्डों में स्थित उन अनदेखे या कम ज्ञात स्थलों की पहचान करना है, जो ऐतिहासिक, धार्मिक या सांस्कृतिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण हैं। इन स्थलों को पर्यटन मानचित्र पर लाकर राज्य के पर्यटन को और अधिक समृद्ध बनाया जा सकता है। यह प्रतियोगिता आम जनता को अपने क्षेत्र के धरोहरों और महत्वपूर्ण स्थलों के प्रति जागरूक करने और उन्हें संरक्षित करने की दिशा में भी प्रेरित करेगी। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता पूरी तरह से ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। प्रत्येक प्रखण्ड से एक प्रतिभागी अपने प्रखण्ड के अंदर किसी ऐसे स्थल की पहचान करेगा जो अब तक अनदेखा रहा है, लेकिन पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण हो सकता है। प्रतिभागी को निम्नलिखित जानकारी अपनी प्रविष्टि में शामिल करनी होगी। स्थान का नाम और पता - जिस स्थान को प्रतियोगिता के लिए चुना गया है, उसका स्पष्ट रूप से नाम, पूरा पता। स्थल का ऐतिहासिक/धार्मिक महत्व का विवरण (लगभग 200 शब्दों में) जिसमें उस स्थान का ऐतिहासिक या धार्मिक महत्व, उससे जुड़ी कहानियों, किंवदंतियाँ, या ऐतिहासिक घटनाओं का उल्लेख किया जाना चाहिए। स्थल की 03 तस्वीर (अधिकतम साईज 10 एमबी), स्पष्ट और उच्च गुणवत्ता वाली, जो उसकी प्रमुख विशेषताओं को दर्शाती हो। स्थल का एक छोटा वीडियो क्लिप 30 सेकंड का वीडियो (अधिकतम साईज 100 एमबी). जिसमें उस स्थल की प्रमुखता को दिखाया गया हो और उसे समझाने की कोशिश की गई हो। चयन के मापदंडः- प्रतियोगिता में प्रविष्टियों का चयन निम्नलिखित मापदंडों के आधार पर किया जाएगा - ऐतिहासिक महत्व स्थल का इतिहास, उससे जुड़ी घटनाएँ या कहानियाँ। धार्मिक महत्व स्थल का धार्मिक महत्व, वहाँ होने वाले पूजा पाठ या धार्मिक आयोजनों का विवरण। अन्य सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व स्थल का स्थानीय सांस्कृतिक और सामाजिक जीवन में योगदान, वहाँ होने वाले मेले या उत्सवों का महत्व। फोटो और वीडियो की गुणवत्ता स्थल की फोटो और वीडियो की स्पष्टता, प्रस्तुति और उसकी महत्वपूर्ण विशेषताओं को प्रदर्शित करने की क्षमता। प्रतियोगिता के नियमः-प्रत्येक प्रतिभागी केवल अपने प्रखण्ड के अंदर अवस्थित स्थल के लिए ही प्रविष्टि भेज सकते हैं। एक प्रतिभागी केवल एक ही स्थल के लिये प्रविष्टि कर सकते हैं। बिहार में कई ऐसे पर्यटन स्थल हैं, जो काफी प्रसिद्ध है। चूंकि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छुपे हुये पर्यटन स्थलों की खोज करना है। इसलिये निम्नांकित पर्यटन स्थलों को छोड़कर हीं प्रतिभागी अपनी प्रविष्टि भेज सकते हैं:- 1. सूर्य मंदिर देव, औरंगाबाद 2. मंदार पर्वत रोपवे, बांका 3. विक्रमशीला विश्वविद्यालय के भग्नावशेष, भागलपुर 4. केसरिया स्तूप, पूर्वी चंपारण 5. महाबोधि मंदिर, बोधगया, गया 6. विष्णुपद मंदिर, गया 7. द ग्रेट बुद्धा स्टेच्यू, बोधगया 8. डुंगेश्वरी मंदिर, प्रागबोधि, गया 9. माँ दुर्गा थावे मंदिर, गोपालगंज 10. लघुआर जैन मंदिर, जमुई 11. नागार्जुन गुफा एवं बराबर गुफा, जहानाबाद 12. मुंडेश्वरी मंदिर, कैमूर 13. माँ चंडिका शक्ति पीठ, मुंगेर 14. विश्वशांति स्तूप, राजगीर, नालंदा 15. घोड़ा कटोरा, राजगीर, नालंदा 16. नालंदा विश्वविद्यालय के भग्नावशेष, नालंदा 17. जैन मंदिर, कुण्डलपुर, नालंदा 18. जल मंदिर, पावापुरी, नालंदा 19. गोलघर, पटना 20. तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब, पटना 21. मनेर शरीफ, मनेर, पटना 22. शेरशाह सूरी का मकबरा, रोहतास (सासाराम) 23. रोहतासगढ किला, रोहतास (सासाराम) 24. बाबा हरिहरनाथ मंदिर, सोनपुर सारण 25. पुनौराधाम, सीतामढ़ी 26. विश्वशांति स्तूप, वैशाली 27. अशोका पिलर वैशाली आदि। फोटो और वीडियो क्लिप की गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए ताकि स्थल की विशेषताएँ स्पष्ट रूप से दिख सकें। सभी फोटो एवं वीडियो जीयो टैग्ड होना चाहिये। सभी फोटो एवं वीडियो प्रतियोगिता अवधि में सूट किये होने चाहिये। प्रविष्टि में दी गई जानकारी की सत्यता की जिम्मेवारी प्रतिभागी की होगी। प्रतिभागियों को समय सीमा के भीतर अपनी प्रविष्टि ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। सभी जिलों में प्रखण्डवार प्राप्त प्रविष्टियों की जांच जिला पदाधिकारी के द्वारा, जिला स्तर पर गठित निर्णायकमंडल द्वारा किया जायेगा। समय सीमाः- राज्य स्तर पर उद्घाटन के पश्चात् प्रतियोगिता प्रारंभ मानी जायेगी। प्रतियोगिता एक माह तक जारी रहेगी। समय सीमा के बाद प्राप्त प्रविष्टियों को प्रतियोगिता में शामिल नहीं किया जाएगा। प्रारंभ एवं समापन की तिथि कालान्तर में सूचित किया जायेगा। पुरस्कारः- चयनित प्रतिभागियों को निम्नलिखित पुरस्कार दिए जाएंगे - ज्यूरी अवॉर्ड - प्रथम पुरस्कार - रुपये 50,000/-प्लस प्रशस्ति पत्र, द्वितीय पुरस्कार रुपये 45,000/-प्लस प्रशस्ति पत्र, तृतीय पुरस्कार- रुपये 35,000/-प्लस प्रशस्ति पत्र पिपुल्स च्वाईस अवॉर्ड -प्रथम पुरस्कार- रुपये 50,000/-प्लस प्रशस्ति पत्र, द्वितीय पुरस्कार रुपये 45,000/-प्लस प्रशस्ति पत्र, तृतीय पुरस्कार रुपये 35,000/-प्लस प्रशस्ति पत्र सांत्वना पुरस्कार -शेष बचे 10 चयनित प्रतिभागियों के लिये, प्रत्येक को प्रशस्ति पत्र प्लस मोमेन्टो प्लस बिहार पर्यटन के सोशल मीडिया पर नाम अंकित किया जायेगा। प्लस रू0 20,000/- अन्य पुरस्कार -प्रखण्ड स्तर पर चयनित शेष 518 (534-16) प्रतिभागियों के लिए, प्रत्येक को प्रशस्ति पत्र प्लस रू0 10,000/- प्रतियोगिता में भाग लेने की प्रक्रियाः-प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए इच्छुक प्रतिभागी निम्नलिखित चरणों का पालन करेंगे- विभागीय वेबसाईट http://www.tourism.bihar.gov.in/ पर जायेंगे। वेब पेज पर जाकर प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण करें। पंजीकरण के बाद अपनी प्रविष्टि, स्थान का विवरण, फोटो और वीडियो अपलोड करें। एक बार प्रविष्टि अंकित करने के पश्चात् संशोधन नहीं होगा। प्रविष्टि अपलोड करने के बाद आपको एक पुष्टि संदेश प्राप्त होगा। जिलाधिकारी ने बताया कि नवादा जिलेवासियों के वैसे अभ्यर्थियों के लिए यह सुनहरा मौका है जो विभिन्न पर्यटन स्थलों को प्रकाश में लाना चाहते हैं। स्टूडेंट्स/प्रतिभागी जिले के लिए आशा, नवाचार और परिवर्तन को दर्शाने वाली पर्यटन/धार्मिक स्थलों के बारे में प्रकाशित कर सकते हैं। कहानियों के जरिए बिहार के सांस्कृतिक विरासत को उद्घाटित करने में योगदान दे सकते हैं और पुरस्कार के भागी बन सकते हैं।

## न्यूज बाइट्स

### चिकित्सक के घर के बाहर से मरीज की बाइक को चोरों ने उड़ाया

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)**। थाना क्षेत्र के अमावां गांव के एक चिकित्सक के घर के आगे से बीते सोमवार की रात्रि मरीज को दिखाने आये परिजन की बाइक को चोरों ने चोरी कर ली। पीड़ित अमावां गांव निवासी स्व मुंशी पासवान के पुत्र योगेंद्र पासवान ने बताया कि बीते सोमवार की रात्रि लगभग 1 बजे मेरे बेटे रौशन कुमार के पेट में असहनीय दर्द उठा। जिसके इलाज के लिए वे गांव के ही मिर्जापुर टोला स्थित ग्रामीण चिकित्सक मनोज कुमार सिंह के यहां बाइक संख्या बीआर27के3169 पर सवार होकर गए और बाइक को घर के बाहर लगा दिया। जब इलाज के बाद क्लिनिक के पास के घर के पास आया, तो देखा कि बाइक घर के बाहर नहीं लगा हुआ था। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक के बारे में कोई अतापता नहीं चल पाया। पीड़ित बाइक मालिक ने कहा कि बाइक की चोरी अज्ञात चोरों द्वारा कर ली गई है, जिसको लेकर थाने को लिखित आवेदन भी दिया गया है। इस बाबत थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि बाइक चोरी को लेकर लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है।

### अवैध खनन में संलिप्त एक ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)**। थाना क्षेत्र के बॉढ़ी गांव से मंगलवार की सुबह थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने अवैध उत्खनन में संलिप्त एक ट्रैक्टर को जब्त किया। वहीं ट्रैक्टर के चालक भागने में सफल रहे। बताते चलें कि थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार अभियान चल रहा है, किन्तु फिर भी बालू माफिया अपने हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। प्रतिदिन अवैध तरीके से नदियों से बालू का खनन कर रहे हैं। जिससे सरकार के लाखों रुपए के राजस्व का चूना खनन माफियाओं के द्वारा लगाया जा रहा है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि अवैध बालू उत्खनन को लेकर गुप्त सूचना मिली। सूचना के आलोक में पुलिस बलों के सहयोग से बॉढ़ी गांव के धनार्जय नदी बालू घाट से बालू लादकर जा रहे एक ट्रैक्टर को खदेड़ कर जब्त किया गया है। इस दौरान भागता हुआ ट्रैक्टर बालू सड़क पर गिराते हुए एक बिजली के खम्भे भी टकरा गई। मौके से ट्रैक्टर चालक सह मालिक भागने में सफल रहा। जब्त ट्रैक्टर को थाना परिसर में लगाया गया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि मामले को लेकर खनन पदाधिकारी को सूचना दिया गया। जिसके बाद अग्रतर कानूनी कार्रवाई करते हुए खान निरीक्षक ने ट्रैक्टर चालक सह मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष ने कहा कि पुलिस अग्रतर कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है।

### जमीन सम्बन्धित विसंगतियों को लेकर भाकपा का सर्वे कार्यालय पर धरना



**नरहट (नवादा) (नि.सं.)**। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी नरहट प्रखंड इकाई के द्वारा बिहार राज्य परिषद के आह्वान पर किसान मजदूरों की जमीन सम्बन्धित विसंगतियों को लेकर प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत सरकार भवन कुटनीबिगहा स्थित सर्वे कार्यलय परिसर में एक दिवसीय धरना दिया। धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता को0 इन्द्रदेव प्रसाद ने किया। श्री प्रसाद ने बताया कि किसान मजदूरों की जमीन सम्बन्धित विसंगतियों को दुरुस्त करने हेतु हम धरना के माध्यम से सर्वे अधिकारियों से अपनी निम्लिखित मांग पेश करते हैं। सरकार के पास जो जमीन का अभिलेख है उसमें बहुत सारी त्रुटियां है उसकी सुधार किया जाय। सभी भूधारियों को खतियान जिला से सर्वे कैम्प को भेजा जाय। आम गैरमजरूआ जमीन एवं नीजी जमीन पर बसे गरीबों, भूमिहीनों को उक्त जमीन का पर्चा दिया जाय तथा जमीन पर जाकर सर्वे किया जाय। सर्वे विभाग में ब्याप्त भ्रष्टाचार पर रोक लगाई जाय। भू-धारियों को वे वजह परेशान नही किया जाय। नरहट प्रखंड का एक भी व्यक्ति का सर्वे नही छूटनी चाहिए। नरहट प्रखण्ड में जब तक सारा अभिलेख दुरुस्त नही हो जाय तब तक सर्वे का कार्य स्थगित किया जाय। कार्यक्रम को कई वक्ताओं ने सम्बोधित कर सर्वे में व्यप्त विसंगतियों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर गोविंद प्रसाद, शीतल प्रसाद, शिवनारायण राजवंशी, बिपिन राजवंशी, बाबूलाल मांझी, उमेश राजवंशी समेत करीब पच्चास की संख्या में पार्टी से जुड़े लोग मौजूद थे।

### भोज के दौरान बच्चों के भिड़ने के बाद बड़ों ने भांजी लाठियां

**नवादा (नि.सं.)**। जिले के पकरीबरावां थाना क्षेत्र के कबला पंचायत की सिन्दुआरा गांव के सरकारी स्कूल में चल रहे ब्रम्हभोज में दो समुदाय के बच्चे आपस में भिड़ गये। बच्चों को आपस में भिड़ते देख बड़ों के बीच संघर्ष छिड़ गया। दोनों के समर्थकों के बीच जमकर लाठियां भांजी गयी। आपसी मारपीट की घटना में बच्चे तो भाग खड़े हुए लेकिन दोनों पक्षों के महिला समेत चार गंभीर रूप से जख्मी हो गये। जख्मी को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां में भर्ती कराया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल स्थानांतरित कर दिया। जख्मी में प्रमोद प्रसाद की पत्नी रेणु देवी, शैलेन्द्र प्रसाद, सुरजीत कुमार बरनाला समेत चार का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। सूचना के आलोक में पहुंची पुलिस ने कार्रवाई आरंभ कर दी है। वैसे सरकारी विद्यालय में कार्यक्रम कराना अवैध है। इससे बच्चों का पढ़ाई बाधित हुआ है। कार्यक्रम की इजाजत किसने दी यह जांच का विषय है। घटना के बाद पुलिस द्वारा की गयी कार्रवाई आपात काल में की गयी कार्रवाई की याद दिलाती है।

### बर्थडे में डीजे पर अश्लील गाने बजने से विरोध जताने पर जमकर किया मारपीट

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)**। थाना क्षेत्र में नवयुवकों द्वारा अपने संगी-साथियों के बर्थडे मनाने के अतरंगी होड़ देखने को मिल रहा है। कई लोग राज्यमार्ग एवं राजमार्ग के अलावे अन्य सड़कों पर अपने साथियों को बुला लेते हैं और बीच सड़क पर केक काटकर हल्ला-हंगामा करके बर्थडे मनाते हैं, तो कई लोग मोहल्ले के वैसे जगहों का चयन करते हैं, जो खाली हो। उस खाली स्थान पर डीजे को भाड़े पर लाकर अश्लील गाने बजाकर नाच-गाकर बर्थडे मनाते हैं। बुद्धिजीवियों की मानें तो पुलिस एवं प्रशासन को इन लोगों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई अथवा कड़ी चेतावनी की जरूरत है। क्योंकि ये लोग आसपास के लोगों के विरोध जताने पर आक्रोशित होकर मारपीट करने लग जाते हैं। ऐसा ही एक ताजा मामला महसई मोहल्ला में सोमवार की रात्रि को देखा गया। जहां बर्थडे पार्टी मना रहे कुछ लोगों को घर के लोगों ने मना किया, तो पार्टी मना रहे लोग आक्रोशित होकर विरोध जता रहे लोगों पर हमलाकर उन्हें लहूलुहान कर दिया। पीड़ित महसई मोहल्ला निवासी स्व प्रसादी साव के बेटे राजेश कुमार ने बताया कि किसी के बर्थडे पार्टी को लेकर घर के बगल में डीजे आदि बजाने का कार्यक्रम मोहल्ले के कुछ युवकों द्वारा किया जा रहा था। शाम होते ही शराब पीकर बर्थडे पार्टी मना रहे लोग डीजे पर अश्लील गाना बजाने लगे, जिसका विरोध घर की महिलाओं द्वारा किया गया, लेकिन वे लोग नहीं मानें।जब मैं दुकान बंदकर घर पहुंचा तो मेरे द्वारा मना करने पर नरेश यादव के पुत्र विकास कुमार उर्फ छोटू,दिलीप साव के पुत्र संतोष कुमार उर्फ गोलू, श्री साव के पुत्र मिंटू कुमार एवं अनुज कुमार के साथ रहे लगभग 20 लोगों ने मारपीट करना शुरू कर दिया। इस दौरान लोहे के रॉड से मेरे कान पर प्रहार कर गम्भीर रूप से जख्मी कर दिया। वहीं मुझे बचाने आये मेरे बड़े भाई अशोक प्रसाद का सिर फोड़ दिया गया। साथ ही घर के खिड़की को भी तोड़ दिया गया। पीड़ित ने बताया कि उक्त लोगों द्वारा घर से उठा लेने की धमकी भी दी गई है।

# बिहार में भाजपा-जदयू सरकार लूट और झूठ की सरकार साबित हुई : दीपांकर भट्टाचार्य

निज संवाददाता | नवादा




बदलो बिहार न्याय यात्रा पर मंगलवार को नवादा पहुंचे भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि लगभग दो दशक से बिहार में शासन कर रही भाजपा-जदयू की सरकार लूट और झूठ की साबित हुई है। न्याय के साथ विकास का नारा देने और खुद को अतिपिछड़ों व महादलितों का हिमायती होने का दंभ भरने वाली सरकार के लंबे सुशासन के बाद भी बिहारी एक तिहाई यानी 94 लाख से ज्यादा परिवार गुजारा करने के लिए दिन के 200 रुपये भी नहीं जुटा पाते है। प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने दैनिक मजदूरी में वृद्धि की घोषणा तो कर दी, लेकिन बिहार में जीविका दीदियों सहित लाखों स्कीम वर्करों को तुच्छ राशि पर खटवाया जा रहा है। सरकार अपने ही सर्वेक्षण में पाए गए 6 हजार से कम मासिक आमदनी वाले 94 लाख गरीब परिवारों को जहां लघु उद्यमी योजना के तहत स्वरोजगार के लिए किस्तों में 2 लाख की सहायता राशि देने की घोषणा की है, वहीं आय प्रमाण व आवेदन की शर्त भी लगा दी। सरकार के इरादे साफ होते तो सर्वेक्षण रिकॉर्ड में दर्ज परिवारों को आसानी से सहायता पहुंचा सकती थी। अबतक लगभग 40 हजार परिवारों को ही पहली किस्त मिली है, इस रफ्तार से सभी जरूरतमंद परिवारों तक लाभ पहुंचाने में 236 साल लगेंगे। छात्र-युवाओं के शिक्षा-रोजगार के मुद्दे से सरकार में मुंह मोड़ ली है। बाढ़ सुखाड़ की चिरस्थाई समस्या के बीच इस बार 16 जिलों में बाढ़ की तबाही मची है और सरकार राहत के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति कर रही है। बाढ़ के स्थाई समाधान से सरकार का कोई मतलब नहीं है। जातीय गणना के बाद बिहार सरकार ने आरक्षण को बढ़ाकर 65 प्रतिशत किया था, लेकिन कोर्ट ने उस पर रोक लगा दी। केंद्र सरकार अगर उसे संविधान की 9वीं अनुसूची में डाल देती तो कोर्ट इस पर कोई कदम नहीं उठा सकता था, लेकिन केंद्र ने इस मांग को अनसुना कर दिया। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा और पूरे देश में जातीय जनगणना की मांग को भी केंद्र सरकार ने ठुकरा दिया है, ऐसी स्थिति में बिहार एक सामाजिक राजनीतिक संक्रमण के दौर से गुजर रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के न्याय के साथ विकास और सुशासन के नारों की सीमाएं उजागर हो गई है। उन्होंने कहा कि बिहार की राजनीतिक परिस्थितियों में मजबूत हस्तक्षेप करते हुए बदलाव की लड़ाई को तेज करना आज इस यात्रा का मूल मकसद है। धोखा नहीं विशेष राज्य का दर्जा दो तथा आपदा में अवसर नहीं बाढ़ का स्थाई निदान करो सहित 7 सूत्री मांगें हमने सरकार से लगातार की है, लेकिन अनसुनी की गई है। तब हमने इन मांगों को लेकर के राज्यपाल के पास 10 सूत्री मांग पत्र दिया। सरकार ने जो वादा किया है उस पूरा करे, वरना बिहार की जनता केंद्र व राज्य सरकार को उखाड़ फेकेगी। न्याय यात्रा नवादा से पटना जाएगी और 27 नवंबर को पटना में विशाल जन सम्मेलन में हजारों-हजार लोग शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि न्याय के साथ विकास वाली डबल इंजन की सरकार करीब दो दशकों से बिहार की जनता पर डबल बुलडोजर चला रही है। दलित, गरीब, महिलाओं तथा अल्पसंख्यकों पर जारी हमले सुशासन की पोल खोल रही है। नवादा जिले में मांझी व रविदास जाति के 32 घरों को जलाए जाने की घटना हुई है, जो राष्ट्रीय चर्चा का विषय बनी हुई है। उन्होंने बताया कि यात्रा की शुरुआत नवादा के कृष्णा नगर से होगी, जहां पीडित परिवारों से मिला जाएगा। बेलगाम सामंती अपराधी ताकतों द्वारा दलित समुदाय पर लगातार जारी हिंसा में दोनों दलित मंत्रियों को मंत्री पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। इसी तरह एक तरफ अति पिछड़ों की हिमायती होने का दिखावा करते हुए भाजपा के मंत्री चंद्रवंशी ललकार सम्मेलन कर रहे हैं, तो दूसरी तरफ भाजपा संरक्षित अपराधी जनता के लोकप्रिय नेता सुनील चंद्रवंशी की हत्या कर रहे है। मौके पर घोषी विधायक रामबली सिंह यादव, अरवल विधायक महानंद सिंह, मगध प्रभारी अमर, श्रीनिवास शर्मा, जिला सचिव भोला राम, सावित्री देवी मौजूद थे। श्रीभट्टाचार्य ने कहा कि जमीन सर्वे से पूरे बिहार में अफरा-तफरी मची हुई है। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद को समाप्त करने के बड़े दावे के साथ हो रहा जमीन सर्वे बिहार में नया भूमि संकट लेकर आया है, जहां आम लोग दस्तावेज बनाने और दुरूस्त करने में भ्रष्टाचार की भेट चढ़ रहे है।

## सभी जलाशय पानी से लबालब, दूर हुई सिंचाई की चिंता

**नवादा (नि.सं.)**। नवादा जिले में पिछले दिनों हुई अच्छी बारिश के बाद सभी जलाशय अघा गए हैं। जिले के सभी पांच प्रमुख जलाशयों में वाटर लेवल इस सीजन के अब तक के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गया है। ऐसे में सिंचाई की चिंता अब पूरी तरह से दूर हो गई है। फिलहाल जिले के यह सभी पांच जलाशय न सिर्फ खरीफ वरन रबी फसल को भी सिंचित करने में सक्षम हो गए हैं। विभागीय आंकड़े बताते हैं कि जिले के सभी प्रमुख पांच जलाशयों में शामिल फुलवरिया जलाशय, कोल महादेव जलाशय, पुरैनी जलाशय, जॉब जलाशय और ताराकोल जलाशय में वाटर लेवल वर्तमाान में फूल रिजर्वेयर लेवल अर्थात पूर्ण जलाशय स्तर यानी जलाशय की कुल जल क्षमता के बेहद करीब तक पहुंच चुका है। यह स्थिति जिले की सिंचाई जरूरतों के लिए बेहद अनुकूल हो गई है, जो जिले के किसानों के लिए खुशी की खबर है। उल्लेखनीय है कि खरीफ सीजन के तहत जून-जुलाई जैसे महीने में भी इन जलाशयों में वाटर लेवल डेड स्टोरेज लेवल से भी नीचे था, जिससे जिले के किसानों की चिंता बढ़ी हुई थी। आखिरकार जिले पर भी मानसून मेहरबान हुआ और फिर जलाशय लबालब भरते चले गए। बल्कि वर्तमान स्थिति यह है कि मानसून जहां 25 सितम्बर तक विदा हो जाता था, वह इस वर्ष अक्टूबर का आधा महीना बीत जाने के बाद विदा होने के क्रम में है।

# जंगल में महिला के साथ दुष्कर्म, पुलिस ने आरोपित युवक को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता | नवादा




जिले के उग्रवाद प्रभावित सिरदला थाना इलाके में महिला के साथ दुष्कर्म की घटना हुई। सूचना के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक ओर पीड़िता की चिकित्सीय जांच कराई तो दूसरी ओर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। घटना को तब अंजाम दिया गया जब महिला अपने मवेशियों को जंगल से लेकर घर लौट रही थी। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने प्रेस कांफ्रेंस कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 14 अक्टूबर की शाम 5 बजे 112 को सूचना मिली कि सिरदला थाना इलाके के हेमजा भारत गांव के बांग्लापर स्थित जंगल में एक महिला के साथ एक व्यक्ति के द्वारा दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई की गई। डायल 112 की पुलिस टीम और सिरदला थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पीड़िता को इलाज के लिए पीएचसी सिरदला लाया गया। पुलिस द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। आसपास के लोगों से पूछताछ की गई। एफएसएल टीम को बुलाकर साक्ष्य संकलन किया गया। इस दौरान प्राप्त सूचनाओं और साक्ष्य के आधार पर आरोपित 35 वर्षीय रामोतार चौधरी पिता स्व. कुलेश्वर चौधरी, ग्राम-परतापुर, थाना-सिरदला, जिला-नवादा को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने घटना में अपनी संलिप्तता को स्वीकार किया है। घटना की प्राथमिकी दर्ज कर कर आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। बताया गया कि महिला जब मवेशियों को जंगल से लेकर घर लौट रही थी, तभी युवक ने उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। एसपी ने बताया कि पीड़िता का इलाज किया जा रहा है। पीड़ित परिवार को सुरक्षा के साथ ही अन्य हर संभव मदद पुलिस के द्वारा उपलब्ध करायी जा रही है।

## प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर में तिथि भोजन का आयोजन



निज संवाददाता | पकरीबरावां

पकरीबरावां प्रखण्ड की एरुरी ग्राम पंचायत के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर में मंगलवार को तिथि भोजन आयोजित की गई। तिथि भोजन का आयोजन विद्यालय के शिक्षक मनोज कुमार ने किया। तिथि भोजन की जानकारी मिलते ही बच्चों में काफी खुशी एवं उत्साह देखा गया। बीआरसी से आए पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना के साधन सेवी संजय कुमार, बीआरपी मेदनीकांत झा, किशोरी शरण वर्मा, सुंदर प्रसाद यादव, विकास कुमार, वर्षा कुमारी, ज्ञानदीप, राजकुमार सिंह, विद्यालय के प्रभारी प्रधान शिक्षक सुरेंद्र प्रसाद सहित अन्य ने बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया। एमडीएम साधनसेवी ने बताया कि इससे समुदाय का विद्यालय के प्रति जुड़ाव की भावना प्रगाढ़ होता है।


## द्वितीय अपील के तहत् दो शिकायतों का हुआ निपटारा

निज संवाददाता | नवादा

आशुतोष कुमार वर्मा, जिला पदाधिकारी ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत् द्वितीय अपील की सुनवाई की। आज द्वितीय अपील के तहत 04 परिवादी उपस्थित हुए जिसमें से 02 मामलों का ऑन स्पॉट निवारण कर दिया गया। प्रस्तुत द्वितीय अपीलवाद उमेश प्रसाद, चालक, प्रखंड कार्यालय, काशीचक द्वारा दिनांक 28.03.2005 से 27.09.2006 तक निलंबन अवधि का बकाया वेतन भुगतान करने के संबंध में ऑनलाईन द्वितीय अपील दायर किया गया था, जिसको संबंधित पदाधिकारी द्वारा जांचोपरान्त मामले का निपटारा कर दिया गया। परिवादी दीनानाथ शंकर द्वारा प्रथम अपीलीय प्राधिकार, नवादा द्वारा पारित आदेश से विक्षुब्ध होकर बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत ऑनलाईन द्वितीय अपील दायर किया गया।

## पूर्व जिला पार्षद नारायण स्वामी ने कहा : जोर-शोर से चल रही तैयारी

निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)



कौआकोल के पाण्डेय गंगौट स्थित मड़ही में परम पूज्य शिरोमणि श्री महंथ बाबा की पूजा 19 एवं 20 अक्टूबर को होगी। मड़ही से जुड़े पूर्व जिला पार्षद नारायण स्वामी मोहन ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि यह पूजा कार्तिक महीने के द्वितीय को शुरु होती है। इस पूजा में शामिल होने के लिए देश के कोने-कोने से वारिस पिया के अनुयायी पहुंचते हैं तथा चादरपोशी करते हैं। ऐसी मान्यता है कि जिसने सच्चे मन से बाबा के दरबार में मन्नतें मांगी है, उनकी मुरादें अवश्य ही पूरी हुई है। 19 अक्टूबर को दस बजे दिन में नंदबाबा की पवित्र समाधि का स्नान एवं 56 प्रकार का भोग लगेगा। इसके बाद 12 बजे से लगातार 4 बजे शाम तक भजन व कव्वाली का कार्यक्रम होगा। बीच में 2 बजे अपराह्न से बाबा की समाधि पर श्रद्धालुओं द्वारा चादरपोशी की जायेगी। 4 बजे शाम से आगंतुकों के आगमन तक प्रसाद का वितरण तथा रात्रि में लंगर के आयोजन के बाद लोक संगीत एवं लोक नृत्य का कार्यक्रम होगा। जबकि 20 अक्टूबर को दिन के 2 बजे से भजन कीर्तन होगा जो 4 बजे तक लगातार चलता रहेगा। 4 बजे से प्रसादी का वितरण होगा। पुनः रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। तथा 20 अक्टूबर को ही दूर दराज से पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को विदाई दी जायेगी। दो दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्थानीय ग्रामीण डॉ. साधुशरण, उपेन्द्र सिंह सहित समस्त ग्रामीण जोर-शोर से तन, मन धन से लगे हुए हैं। कार्यक्रम को लेकर स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं।

## विभिन्न गांवों में चलाया गया सदस्यता अभियान : गगन

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में भाजपा का सदस्यता अभियान चलाया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष गौरव शांडिल्य गगन ने बताया कि 2 सितंबर से हर दिन भिन्न-भिन्न स्थान, पंचायत एवं बूथ पर घर-घर जाकर रजौली भाजपा के सदस्यों ने आम-आवाम को मिस्ड कॉल नंबर 8800002024, स्केनर, नमो एप, पार्टी का बेवसाईट एवं सुदूरवर्ती क्षेत्र में ऑफलाइन रसीद के माध्यम से पार्टी का सदस्य बना रहे है। इसी क्रम में रजौली के धमनी पंचायत एवं दरियापुर गांव, बूथ पर पहुंचकर भाजपा नवादा जिला प्रभारी राजेश चंद्रवंशी, जिला महामंत्री विजय पांडेय एवं अन्य रजौली भाजपा कार्यकर्ता एक बड़ी संख्या में स्थानीय क्षेत्रवासियों को सदस्य बनाएं। सदस्यता अभियान में पार्टी के लक्ष्य को पूरा करने में रजौली भाजपा के कार्यकर्ता एक टोली बनाकर अलग-अलग गांव और कस्बों में जाकर पार्टी के विचारधारा, अपने यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा किये गये कार्यों के विषय में अवगत कराते हुए सदस्य बना रहे है। जिला प्रभारी राजेश चंद्रवंशी, जिला महामंत्री विजय पांडेय ने आम-आवाम को अपने पार्टी के विचारधारा एवं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में किये गये जनकल्याणकारी योजना के विषय में अवगत कराया। मंडल अध्यक्ष गगन ने बताया कि हम सभी रजौली भाजपा के सभी कार्यकर्ता पार्टी के निर्देशानुसार सदस्यता अभियान को गति देने में हर दिन प्रयासरत है। हम सबों की कोशिश है कि जितना ज्यादा से ज्यादा आम-आवाम को पार्टी के विचारधारा एवं सदस्यता अभियान से जोड़े। इस मौके पर जिला प्रभारी राजेन्द्र चंद्रवंशी, जिला महामंत्री विजय पांडेय, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह जिला प्रवक्ता प्रमोद कुमार, अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष सह जिला बीस सूत्री सदस्य विमल राजवंशी, मंडल महामंत्री संतोष वर्मा, रजौली सदस्यता प्रभारी अमन कुमार, सह प्रभारी सुनील कुमार, आकाश कुमार, चंदन राजवंशी, सुरेन्द्र सिंह, बिसुनधारी राजवंशी, अमरजीत राजवंशी, नवल राजवंशी एवं रजौली भाजपा परिवार उपस्थित थे।

## यात्री बस से एक बोतल विदेशी शराब के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

थाना क्षेत्र के चितरकोली पंचायत स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद एसआई संगम कुमार विद्यार्थी ने एक यात्री बस की जांच में एक बोतल विदेशी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। साथ ही शराब पीकर बिहार प्रवेश करने वाले 24 लोगों को भी हिरासत में लिया गया। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि बिहार मद्दनिषेध को लेकर जांच चौकी पर झारखण्ड की ओर से आने वाली प्रत्येक छोटी एवं बड़ी वाहनों की सघन जांच की जाती है। बीती रात्रि रजौली उत्पाद टीम ने पश्चिम बंगाल के दार्जलिंग के एक यात्री बस की तलाशी लेने पर बस में सवार एक व्यक्ति के पास से 750 एमएल का एक बोतल विदेशी शराब बरामद किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान पश्चिम बंगाल निवासी अजय बरुआ के रूप में किया गया है। वहीं सोमवार की संध्या से लेकर मंगलवार की सुबह तक 24 शराबियों को हिरासत में लिया गया। सभी लोगों के शराब पीये होने की पुष्टि ब्रेथ एनालाइजर मशीन से हुई। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त शराब एवं गिरफ्तार व्यक्ति के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। साथ ही कहा कि गिरफ्तार व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। वहीं शराबियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां सभी लोगों ने जुर्माना राशि जमाकर अपने-अपने घर चले गए।

## हाथ धुलाई दिवस मनाया गया



निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)

प्रखंड के कोसला गांव में स्थित राजकीय बुनियादी विद्यालय व उच्च माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को हाथ धुलाई दिवस मनाया गया। बुनियादी विद्यालय में प्रभारी सरोज सुमन समेत अन्य शिक्षक, उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रभारी आरती कुमारी व अन्य शिक्षकों ने हाथ धुलाई की महत्ता की जानकारी छात्रों को दिया। इस दौरान छात्रों ने डिटोल हैंड बास से हाथ धुलाई की। मौके पर शिक्षक अनुपमा कुमारी, अक्षय कुमार, धीरज कुमार छात्र प्रीति कुमारी, श्वेता कुमारी, अंकित कुमार, बिक्रम राज समेत अन्य रहे।

## बदमाशों ने रास्ता रोक दो भाइयों के साथ की मारपीट, रेफर

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



थाना क्षेत्र के तारगीर-धमौल पथ पर कुतुलपुर विद्यालय के समीप बीते सोमवार की शाम को कुछ बदमाशों ने सामान खरीदकर लौट रहे दो भाइयों के साथ जमकर मारपीट की। घटना के बाद स्थनीय लोग जुटे तब डायल 112 को घटना के बारे में सूचित किया गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस टीम ने घायल को इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक ने घायल लोगों का इलाज कर बेहतर इलाज हेतु पावापुरी अस्पताल रेफर कर दिया। घायलों में तारगीर गांव निवासी पप्पू कुमार के पुत्र दीपक कुमार उर्फ नीरज एवं हरिओम कुमार के रूप में हुई है। घायलों के परिजनों ने बताया कि बीते सोमवार की संध्या लगभग 5:30 बजे नवादा से दुकान का सामान लेकर लौट रहा था। इसी बीच कुतुलपुर विद्यालय के समीप श्रवण रविदास के पुत्र राजा रविदास के साथ रहे पांच-छः लोगों ने रास्ता रोककर बाइक संख्या बीआर27डी8028 को रोककर लोहे के रॉड आदि से मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। साथ ही गले में रहे सोने के चैन एवं पांच हजार रुपये नगदी छीन लिए। जब हो-हल्ला होने पर आसपास के लोग जुटे तब सभी लोग फरार हो गए। पीड़ित परिजनों ने बताया कि बीते दशहरा में मेला घूमने के दौरान उक्त लोगों से नोकझोंक हो गई थी। जिसे पुलिस-प्रशासन की मदद से सुलझा लिया गया था। उसी को लेकर उक्त लोगों ने प्लानिंग कर जानलेवा हमला किया है। पीड़ित परिजन ने कहा कि घटना को लेकर लिखित आवेदन थाना को देकर न्याय की गुहार लगाई गई है। वहीं थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि मामले को लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### पैसे के गबन मामले में धरना को लेकर बैठक

**कोईलवर।** बीरमपुर मे सीएसपी संचालक के द्वारा पैसे के गबन मामले में भोजपुर डीएम के समक्ष धरना हेतु बीरमपुर पंचायत सरकार भवन पर एक बैठक किया गया। बता दूं कि सोमवार को दिन के 1:00 बजे इंडिया गठबंधन के द्वारा बीरमपुर गांव स्थित सीएसपी संचालक के द्वारा पैसे के गबन मामले में सभी खातेदारियों के साथ बीरमपुर पंचायत सरकार भवन पर एक बैठक किया गया। बैठक मे इंडिया गठबंधन के नेताओं के द्वारा पीड़ित महिलाओं तथा पुरुषों से उनकी समस्या को सुना गया और साथ ही सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि कल भोजपुर जिलाधिकारी के समक्ष इसको लेकर धरना दिया जाएगा।

### आरा में 18 तक पीजी विभाग और कॉलेज भेजे मार्क्स फाइल

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विवि ने सभी स्नातकोत्तर (पीजी) और कालेजों में पीजी विभाग को सेमेस्टर प्रथम सत्र, 2023-25 के आंतरिक और बाह्य परीक्षा के प्रैक्टिकल के मार्क्स फाइल को 18 अक्टूबर तक अपलोड करने का निर्देश दिया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो अनवारूल हक अंसारी ने बताया कि दुर्गा पूजा अवकाश के कारण कुछ कालेजों ने मार्क्स फाइल अपलोड नहीं किया है। पहले 15 अक्टूबर तक का समय निर्धारित था। पीजी विभाग और कालेजों को छुटे हुए परीक्षार्थियों की मार्क्स फाइल भेजना है, ताकि परिणाम को जारी किया जा सके।

### मोबाइल फोन से बने रावण का हुआ पुतला दहन

**आरा।** दशहरा के उपलक्ष्य में मौला बाग, गायत्री मंदिर के समीप रावण रूपी मोबाइल फोन का पुतला जलाया गया। इसे संभावना आवासीय उच्च विद्यालय के 7 वीं के छात्र अर्थ दीप उर्फ चुटुर ने बनाया था। अर्थ दीप ने बताया कि इस पुतले को बनाने का उद्देश्य था कि जिस तरह रावण में बुराइयों के अलावे अनेक अच्छाई थी, उसी तरह मोबाइल फोन में भी अच्छाई के साथ -साथ बहुत सारी बुराइयां भी हैं। इस लिए इस प्रकार के पुतला जलाकर लोगो को संदेश दिया गया कि मोबाइल फोन की अच्छी चीजों को ग्रहण कर उसकी बुराइयों को लोग अपने अंदर से दहन करें। मोबाइल रूपी रावण के पुतला दहन के दौरान साहेब लाल, अशोक मानव, मो अशफाक, मो इम्तियाज, गोरख नाथ मिश्रा, सुधीर शर्मा, अनिल तिवारी, लड्डू भोपाली, सुनील श्रीवास्तव समेत कई लोग मौजूद थे।




### कोईलवरः मां दुर्गा के प्रतिमा का किया गया विसर्जन

**कोईलवर।** दस दिनों तक शक्ति की अधिष्ठात्री माँ दुर्गा को आज भक्तों ने सोन में विसर्जित कर दिया।कोईलवर व बहियारा सोन घाटों पर दोपहर से ही मूर्ति विसर्जन को लेकर युवाओं की भीड़ लगी रही।डीजे की धुन पर गीतों पर ठुमका लगा अबीर गुलाल उड़ाते आरा से कोईलवर तक ट्रकों व ट्रैक्टरों की कतार लगी रही।आरा शहर से लेकर कोईलवर सोन में विसर्जन हेतु जा रहे मूर्तियों को देखने को लेकर सड़कों पर खासी भीड़ रही। पूरे प्रखंड के मूर्तियों को देर रात तक कोईलवर व बहियारा सोन नदी घाटों पर विसर्जित की जाती रही।इस दौरान रास्ते में स्थानीय पुलिस के साथ साथ जिले के पुलिस टीम भी मौजूद रही।शहरों से लेकर चौक चौराहों तक अधिकारी मूर्ति के घाट तक पहुंचने का जायजा लेते रहे।सोन नदी में देर रात तक चले विसर्जन कार्यक्रम में संबंधित थानों की पुलिस मौजूद रही।इस दौरान सड़कों पर यातायात प्रभावित रहा।

## पूर्व किसान नेता हत्याकांड में उलझी पुलिस, पोस्टमार्टम से खुलेगा राज



**बक्सर।** राजपुर थाना क्षेत्र के चौसा मोहनिया मार्ग पर सिकरौल गांव के समीप पूर्व किसान नेता अशोक तिवारी का शव बरामद होने के बाद एक तरफ जहां उनके पुत्र के द्वारा कुल चार नामजद व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। दूसरी तरफ पुलिस ने इस मामले में अनुसंधान को आगे बढ़ाते हुए एक नामजद आरोपित रिंकू राय को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपित को जेल भेज दिया गया। प्रेस वार्ता में सदर एसडीपीओ धीरज कुमार ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त रिंकू ने पुलिस को बताया है कि अशोक तिवारी की हत्या नहीं हुई है बल्कि यह दुर्घटना है। ऐसे में पुलिस अब कई बिंदुओं पर जांच कर रही है।एसडीपीओ के मुताबिक रिंकू ने बताया कि अशोक तिवारी ने घटना की रात संजय राय के घर पर थे जहां से रात को वह अपने घर के लिए निकले। रिंकू ने सोनू राय नामक एक व्यक्ति की बाइक पर उन्हें बैठाया और घर छोड़ने चल दिए। लेकिन रास्ते मे चौसा-मोहनिया मुख्य मार्ग पर सिकरौल मोड़ के पास बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई।जिसके बाद अशोक तिवारी सड़क किनारे गड्ढे में जबकि रिंकू राय सड़क पर ही गिरकर घायल हो गए। बाद में उसी रास्ते से गुजर रहे कृष्णा चौधरी ने उन्हें घायल अवस्था में घर पहुंचाया। रिंकू के मुताबिक वह तथा अशोक तिवारी दोनों नशे में थे। ऐसे में वह अशोक तिवारी के बारे में कृष्णा को कुछ बता नहीं सका और वह गड्ढे में ही पड़े रह गए जहां रात भर में उनकी जान चली गई। एसडीपीओ धीरज कुमार ने बताया कि इस मामले में रिंकू राय की भूमिका संदेहास्पद है। रिंकू ने कहा कि वह दुर्घटना के समय नशे में था, लेकिन जब उसे कृष्णा चौधरी उसे उठा कर ले जा रहे थे तो उसने अशोक तिवारी के बारे में क्यों नहीं बताया? दूसरी खास बात यह है कि दुर्घटना की जानकारी मिलने के बाद सोनू राय भी तीन अन्य लोगों के साथ मौके पर पहुंचकर अपनी बाइक ले गए लेकिन उन्होंने भी अशोक तिवारी के बारे में जानना नहीं चाहा।

## कल से 31 अक्टूबर तक भाजपा का सक्रिय सदस्यता अभियान, दी गई जानकारी

**आरा।** भारतीय जनता पार्टी का सक्रिय सदस्यता के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरुआत बुधवार से होगी। सक्रिय सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी कार्यशाला में कार्यशाला आयोजित सोमवार को किया गया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दुर्गा राज व संचालन महामंत्री नरेन्द्र तिवारी ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि व वंदेमातरम के साथ हुआ। मुख्य वक्ता प्रदेश अध्यक्ष सह शाहाबाद क्लस्टर प्रभारी, सिदार्थ शंभु ने सक्रिय सदस्य बनने और उस अभियान को सफल बनाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी।उन्होंने कहा कि 16 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक पार्टी का सक्रिय सदस्यता अभियान चलेगा। सक्रिय सदस्य पार्टी के वैसे कार्यकर्ता बनेंगे, जिसने पचास प्राथमिक सदस्य बनाएं है। इस दौरान जिला मे एक लाख प्राथमिक सदस्य बनने पर जिला के कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दी और कहा कि 15,16 एवं 17 अक्टूबर को जिला मे सघन प्राथमिक सदस्यता अभियान चला कर सक्रिय सदस्य बनने के पात्र को अधिक से अधिक सदस्य बनाएं। जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने कहा कि जिले मे प्राथमिक सदस्यता एक लाख पहुंच चुका है, तीन दिनों मे सदस्यता को दो लाख से ऊपर पहुंच जायेगा। प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष पाठक ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल का भोजपुर जिला मे आगमन 17 अक्टूबर को होगा। मौके पर उदय प्रताप सिंह, वंदना राजवंशी, राजकुमार कुशवाहा, कौशल विद्यार्थी, डा प्रेम रंजन चतुर्वेदी समेत कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नवविवाहिता की गला दबाकर हत्या, मायके वालों ने लगाया आरोप

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महुली गांव में सोमवार को गला दबाकर एक नवविवाहिता की हत्या कर दी गई। मृतका के परिजन ने पैसे की मांग को लेकर ससुराल वालों पर गला दबाकर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है। मृतका मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महुली गांव मंटू पासवान की 19 वर्षीय पत्नी गुड़िया कुमारी है।

**पांच लाख रुपए मांगे गए थेः** मृतका के चचेरे भाई गोपाल पासवान ने बताया कि धोबहां थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव निवासी व उसके चाचा ओम प्रकाश पासवान ने अपनी बेटी गुड़िया कुमारी की शादी इसी वर्ष 24 अप्रैल को मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महुली गांव निवासी मन पासवान के बेटे मंटू पासवान से की थी। शादी में पांच लाख रुपए देने की मांग की गई थी। शादी के समय उन्होंने दहेज में एक बाइक, दो लाख रुपए और गहने दिए थे। नगद कम दी थी।

**पैसे के लिए प्रताड़ित किया जा रहा थाः** जितने कम पैसे दिए थे शादी के बाद पति और ससुराल वालों देने का दबाव डाला। कहने लगे जाओ अपने मायके से पैसे लेकर आओ। उसे प्रताड़ित किया जाता था। ससुराल वालों ने कुछ दिन पहले मायके भेजा था।

बाद में वे लोग आए और उसे ले गए। इसी बीच उसके ससुर मन पासवान ने फोन कर सूचना दी कि उसकी मौत हो गई है। ससुराल महुली गांव पहुंचे तो देखा कि शव ऑटो में पड़ा है और ससुराल के सभी लोग फरार हैं। इसके पश्चात परिजन ने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में कराया।

**2015 में मां की हुई थी मौतः** वहीं दूसरी तरफ मृतका के चचेरे भाई गोपाल पासवान ने उसके पति मंटू पासवान, ससुर मन पासवान, सास और ससुराल के अन्य लोगों पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। बताया जाता है कि मृतका अपने तीन बहन व एक भाई में बड़ी थी। उसके परिवार में दो बहन खुशी कुमारी, पूजा कुमारी व एक भाई शंकर पासवान है। मां निंता देवी की मौत 2015 में बीमारी के कारण हुई थी।

# सोन नदी में डूबकर बुजुर्ग की मौत



निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र के सेमरा गांव में खेत जोतने निकले मजदूर का शव दूसरे दिन बरामद हुआ है। उनका शव गांव में स्थित बांध के समीप सोन नदी के किनारे से सोमवार को बरामद किया गया है। मृतक बड़हरा थाना क्षेत्र के सेमरा गांव वार्ड नंबर 15 निवासी नाथुन महतो के 68 वर्षीय पुत्र कृष्णा महतो एवं पेशे से मजदूर थे। इधर मृतक के चाचा पारस महतो ने बताया कि रविवार दोपहर करीब 12 बजे वह खेत जोतने के लिए दियारा इलाके में गए थे। इसी बीच वह सोन नदी में गिरकर डूब गए।

❒ भोजपुर में खेत जोतने के लिए घर से निकले थे, घटना के दूसरे दिन शव बरामद

**भतीजे ने लाश देखीः** देर शाम तक जब वे घर वापस नहीं लौटे तो परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। जब उनका भतीजा सेमरा गांव स्थित बांध के समीप सोन नदी के किनारे गया। तभी उसने उन्हें सोन नदी के किनारे मृत अवस्था में पड़ा देखा। इसके बाद उसने इसकी सूचना परिजनों को दी। सोन नदी से शव बाहर निकाला गया।

# बक्सर में 21 दिवसीय रामलीला का समापन

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर के ऐतिहासिक किला मैदान में गुरुवार की देर रात 21 दिवसीय रामलीला का समापन भरत मिलाप के साथ संपन्न हुआ। जिला का यमुना चौक अयोध्या बन गया। जहां लंका पर विजय पाकर राम-लक्ष्मण पहुंचे तो शत्रुघ्न को देखकर उनकी आंखें भर आई। उन्होंने दौड़कर भाई को गले लगाया। यमुना चौक पर इस दृश्य को देखने के बाद जय श्री राम के नारे गूंजने लगे। लोग फूलों की बारिश करने लगे। इस दौरान रात 11 बजे तक यमुना चौक पहुंचने वाले सभी रास्तों पर जाम लग गया था। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मजिस्ट्रेट और पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी।

**प्रस्तुत की गई धार्मिक और सामाजिक झांकियांः** इस दौरान बक्सर जिला मुख्यालय के विभिन्न टोला के लोगों द्वारा मन मोहक धार्मिक और सामाजिक झांकियां भी प्रस्तुत की गई। पहली झांकी प्रदूषण को लेकर था। जिसमें धरती माता से बड़ा प्रदूषण को दिखाया गया। धरती माता ने हाथ जोड़कर लोगों से अपील किया कि हमें प्रदूषित नहीं करें। दूसरी झांकी बड़ी देवी पूजा समिति द्वारा प्रस्तुत किया गया था। जिसमें शराब को लेकर था। शराबी नीचे लेटा हुआ है और बच्चे हाथ में कटोरा लिए भीख मांग रहे है। एक तरफ एक औरत उसके पास बैठ कर रो रहीं है। दूसरी तरफ एक औरत को शराबी को झाड़ू से पिटाई करते दिखाया गया है।

# दो वर्ष पहले शिलान्यास, अब निर्माण शुरू

निज संवाददाता। गड़हनी



दो वर्ष बाद गड़हनी ब्लॉक रोड में विधायक निधि क 35 लाख की लागत से मॉडल पुस्तकालय का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। जमीन का अनापत्ति प्रमाणपत्र मिलने के बाद नवम्बर 2022 में अगिआंव के पूर्व विधायक मनोज मंजिल ने शिलान्यास किया था। उस समय कहा था कि मेरा सपना इसको बिहार का टॉप पुस्तकालय बनाना है। पुस्तकालय को ले स्थल चैन के बाद 2022 में विधायक के पहल पर पूर्व अंचल अधिकारी उदयकांत चौधरी के द्वारा स्थल का अनापत्ति प्रमाणपत्र दिया गया था।यह जमीन 115 फीट लंबा और 85 फीट चौड़ा है। लेकिन दूसरे अंचल अधिकारी ने यह कह कर रोक लगा दिया कि ये जमीन केसर-ए- हिंद का है। जमीन का आना पति प्रमाण पत्र अंचल अधिकारी नहीं, जिलाधिकारी देंगे। इस तरह के बदलते घटनाक्रम के बाद जिलाधिकारी से जमीन का अनापत्ति प्रमाणपत्र मिला। दो वर्ष बाद पुस्तकालय बनने का काम शुरू हो गया है। पुस्तकालय में निर्माण कार्य होने से स्थानीय युवाओं में खुशी है। निर्माणाधीन पुस्तकालय की विशेषता पुस्तकालय में 40 फीट लंबा व 20 फीट चौड़ा में एक स्टडी रूम बनेगा। इसके अलावा 20 फीट लंबा व 12 फीट चौड़ा में बुक स्टोर रूम बनेगा और 12 फीट लंबा व 10 फीट चौड़ा में एक ऑफिस बनाने का प्रस्ताव है। साथ ही पुस्तकालय में चार शौचालय जिसमे 3 इंडियन व एक इंग्लिश शौचालय बनाये जाने को ले ऐस्टीमेट बना था। 35 लाख रुपए अपने निधि से विधायक मनोज मंजिल ने दिया था। कहा था कि यदि और भी पैसा लगने पर दूंगा इसमें देश और विदेश के सभी इतिहासकारों का पुस्तक इस पुस्तकालय में उपलब्ध रहेगा। जिससे छात्र-छात्राओं को इतिहास पढ़ने में आसानी होगी। लेकिन अब मनोज मंजिल अगिआंव का विधायक नहीं हैं। वर्तमान विधायक शिव प्रकाश रंजन पूर्व विधायक के वादों को कितना पूरा कर पाएंगे, यह लोगों में चर्चा है।

# दस्तावेजों की कमी और निजी बंटवारे की वजह से सर्वे कार्य में आ रही रुकावट

निज संवाददाता। बक्सर




जिले में सर्वे का काम तेजी से चल रहा है, लेकिन कुछ क्षेत्रों में देरी देखी जा रही है। लोग सर्वे कराने के लिए शिविरों में पहुंच रहे हैं, जहां उन्हें बेहतर परामर्श और सुविधाएं दी जा रही हैं। हालांकि सर्वे के काम में अपेक्षित तेजी नहीं आ पाई है, जिससे संबंधित अधिकारी अब लोगों को अधिक जागरूक कर रहे हैं। चौसा प्रखंड कार्यालय में लगे सर्वे शिविर में पहुंचे अरविंद कुमार ने बताया कि सर्वे की जानकारी मिलते ही वह अपने गांव लौट आए हैं। यहां उन्होंने आवश्यक कागजात जमा कर दिए हैं, जिससे उनका सर्वे कार्य जल्द ही पूरा हो जाएगा। शिविर में उन्हें काफी मदद भी मिली है। कागजातों की कमी के कारण हो रही देरी स्पेशल सर्वे अमीन अंकित कुमार ने बताया कि सर्वे की प्रक्रिया के तहत प्रपत्र-एक की उद्घोषणा अपलोड की जा चुकी है। अब प्रपत्र-दो रैयतों के द्वारा भरकर जमा किया जा रहा है। इस प्रक्रिया को पूरा करने के लिए हर मौजा में जाकर लोगों को प्रपत्र-दो भरने के लिए कहा जा रहा है। लेकिन कई लोग दस्तावेजों की कमी या दाखिल-खारिज न होने की बात कह रहे हैं, जिससे वह प्रपत्र-दो जमा नहीं कर पा रहे हैं। अंकित कुमार ने बताया कि कई जगह निजी बंटवारे की वजह से भी दिक्कत हो रही है, जैसे दो भाई सर्वे के लिए तैयार हैं, लेकिन तीसरा नहीं। जुलाई से ही चल रहा सर्वे कार्य चौसा के सर्वे शिविर प्रभारी सौरभ कुमार ने बताया कि सर्वे का कार्य जुलाई से ही शुरू हो चुका है। अगस्त में ग्राम सभा के बाद स्वघोषणा की प्राप्ति की जा रही है। लोगों को ऑनलाइन आवेदन करने के लिए भी कहा जा रहा है। स्वघोषणा के बाद सभी क्षेत्रों में जाकर वास्तविक स्थिति का मिलान किया जाएगा। हर कार्य के लिए समय सीमा तय है, और संभवतः छठ के बाद यह कार्य फिर से तेज़ी से शुरू हो जाएगा। अमीन सुबह 10 से शाम 5 बजे तक मौजा में उपलब्ध अंकित कुमार ने बताया कि सभी अमीन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक मौजा में ही रहते हैं और लोगों की समस्याओं को जानकर उनका निराकरण करते हैं। कोई भी व्यक्ति उनसे संपर्क कर सकता है और अपनी समस्याएं हल करवा सकता है।

# 26 लाख रुपए की विदेशी शराब बरामद, 2 गिरफ्तार, बक्सर में सेव की पेटी के बीच छुपाकर तस्करी

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर जिले में बिहार यूपी को जोड़ने वाला गंगा पुल के पास उत्पाद विभाग ने सेब की पेटी के बीच रखा विदेशी शराब बरामद किया है। शराब की कीमत 26 लाख से ज्यादा बताई जा रही है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने दो लोगों को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार हुए लोगों ने पूछताछ के दौरान बताया कि शराब हिमांचल प्रदेश से लोड किया गया था जिसे बिहार के पूर्णिया जिला में पहुंचना था। हालांकि यूपी से वीरकुवंर सिंह रास्ते से बिहार में प्रवेश करते ही गाड़ी पकड़ी गई।

**भारी मात्रा में शराब बरामदः** इस सम्बन्ध में उत्पाद निरीक्षक आलोक कुमार ने बताया कि गंगा नदी पर बनी वीरकुंवर सिंह पुल के पास उत्पाद विभाग की पुलिस तैनात है। यूपी से बिहार में प्रवेश करते ही शक के आधार पर एक ट्रक को रोका गया। पहले ट्रक वाला हल्का ब्रेक लिया, उसके बाद आगे बढ़ने लगा। जिसे उत्पाद पुलिस द्वारा आगे से घेरकर रोका गया। पूछताछ करने पर चालक ने बताया कि ट्रक में सेब है। लेकिन शक के आधार पर तलाशी ली गई। इस दौरान सेव की पेटी के बीच शराब छुपाकर रखा गया था। पुलिस ने त्वरित करवाई करते हुए ट्रक में बैठे चालक और सह चालक को गिरफ्तार कर पूछताछ किया जाने लगा। बता दें कि तलाशी के दौरान ट्रक से कुल 2687.400 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया है।जिसकी कीमत 26 लाख रुपए से ऊपर है। गिरफ्तार हुए चालक सोमीन हासन पिता बारूख हासन और सह चालक अनीश पिता मीर हासन शेरपुर लोहारा,बागपत थाना छतरौली निवासी है।

# रोड़ेबाजी में तीन पुलिसकर्मी हुए घायल

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के धोबहां थाना क्षेत्र के सलेमपुर बंगला के समीप में सोमवार को मूर्ति विसर्जन के दौरान जाति सूचक गाना बजाने को लेकर दो गुटों के बीच रोड़ेबाजी हुई। जिसमें होमगार्ड जवान और तीन पुलिसकर्मी जख्मी हो गए। इसके अलावा पुलिस की प्राइवेट गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई। घायलों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जख्मियों में होमगार्ड जवान धारीक्षण दुबे के 55 वर्षीय बेटे सियाराम दुबे, स्व. प्रभाहंस सिंह के 54 वर्षीय बेटे योगेंद्र सिंह और उदय पासवान के 24 वर्षीय बेटे व सिपाही रोहित कुमार शामिल हैं। वह तीनों धोबहा थाना में कार्यरत हैं। इधर होमगार्ड जवान सियाराम दुबे ने बताया कि वे लोग मूर्ति विसर्जन के दौरान ड्यूटी पर थे। तभी जाति सूचक गाना बजा दिया गया। जिसको लेकर दूसरे पक्ष के लोग भड़क उठे और उनके बीच पहले धक्का-मुक्की हुई। इसके बाद रोड़ेबाजी हुई। जब पुलिस ने उन्हें मना किया तो पुलिस पर भी रोड़ेबाजी कर दी गई।

**अतिरिक्त पुलिस बल के साथ पहुंचे थानाध्यक्षः** धोबहा थानाध्यक्ष संजीव कुमार अतिरिक्त पुलिस बल के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और मामले को शांत कराया। वहीं, दूसरी और पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छह लोगों को हिरासत में भी लिया है।

# लोक नृत्य प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

निज संवाददाता। आरा



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पिरौटा में रोल प्ले एवं लोक नृत्य प्रतियोगिता हुआ। इस रोल प्ले एवं लोक नृत्य प्रतियोगिता में जिले के सभी +2 विद्यालय एवं सभी उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने सहभागिता की। रोल प्ले प्रतियोगिता में प्रथम स्थान इंटर स्तरीय +2 विद्यालय कड़ारी भोजपुर, द्वितीय स्थान टी.ए.जे. +2 विद्यालय धमार एवं तृतीय स्थान मनमरणा +2 विद्यालय बारा ने प्राप्त किया। लोक नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान इंटर स्तरीय +2 विद्यालय कड़ारी भोजपुर और द्वितीय स्थान टीएजे. +2 विद्यालय धमार ने प्राप्त किया। व्याख्याता डॉ. वीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि टीएटी +2 उच्च विद्यालय धमार ने नाटक एवं नृत्य में सहभाग किया। जिसमें नाटक का थीम स्वास्थ्य रूप से रहना, स्वच्छता अभियान था जिसका उद्देश्य अपने पर्यावरण को स्वच्छ रखना था। +2 विद्यालय करारी ने नाटक एवं नृत्य में सहभाग किए जिसमें नाटक का थीम नशा मुक्ति था। जिसका उद्देश्य किशोरावस्था में बच्चों को अकेला नहीं छोड़ना चाहिए। उन पर विशेष ध्यान देना चाहिए की बच्चों क्या कर रहे हैं। किसके साथ अपना समय बिता रहे हैं। उन्होंने ने कहा कि यह प्रतियोगिता बच्चों के सर्वांगीण के लिए सहायक होती है। इसलिए ऐसी प्रतियोगिताएं निरंतर समय-समय पर होनी चाहिए। व्याख्यता डॉ. श्रवन कुमार ने कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों के अन्दर छिपी हुई प्रतिभा एवं कौशल का विकास किया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि बच्चों में अनंत क्षमताओं होती है। यह वह मंच है जिसके माध्यम से वह अपनी सभी क्षमताओं का विकास कर सकते हैं। इसमें भी बच्चे अपना भविष्य बना सकते हैं। निर्णायक मण्डल के रूप में व्याख्याता .डॉ निधि प्रिया डायट पिरौटा भोजपुर, सर्वोदय + 2 विद्यालय पिरौटा की अध्यापिका श्रीमती संजना सिंह और पी.एम. केन्द्रीय विद्यालय की अणिमा सिंह की भूमिका रही। संचालक व्याख्याता रेखा कुमारी ने किया। इस रोल प्ले एवं लोक नृत्य प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए डॉ. राजीव रंजन, सुनील कुमार, राधा कुमारी, एच.पी.पी.ई के डॉ. हर्षवर्धन एवं डी.एल.एड. द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी अश्विनी रंजन सिंह, अविनाश कुमार, प्रकाश कुमारी तिवारी,सूरज कुमार राम, सुमंत कुमार, पवन कुमार और मुकेश सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### छुट्टी के बाद मायागंज अस्पताल में 2196 मरीजों ने कराया इलाज

**भागलपुर**। दुर्गा पूजा व रविवार के अवकाश के बाद सोमवार को मायागंज अस्पताल के ओपीडी में मरीजों की भीड़ उमड़ी। दोनों पालियों में 2196 मरीजों का इलाज हुआ। इससे ओपीडी में भीड़ के चलते इलाज में मरीजों को परेशानी हुई। क्योंकि एक मरीज के साथ दो से तीन परिजन भी साथ आये थे। लिहाजा वहां छह हजार से ज्यादा लोगों की भीड़ दिनभर बनी रही। वहीं सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में सोमवार को 81 मरीजों का इलाज हुआ। इसमें सबसे ज्यादा न्यूरो सर्जरी के 48, हार्ट के 26 व किडनी के सात मरीजों को डॉक्टरों ने दवा व इंजेक्शन की सलाह दी। हॉस्पिटल मैंनेजर सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि अब यहां भी मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। धीरे-धीरे सुविधाएं बढ़ेंगी तो और भी मरीज यहां आएंगे।

### "जय विहार' के पास बॉक्स में लगी आग, 2 घंटे बत्ती गुल

**भागलपुर**। विसर्जन के दौरान लंबी कटौती के बाद जब रविवार देर रात अलग-अलग क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति दी गई तो फॉल्ट, ट्रिपिंग, फेज उड़ने व तार गिरने की समस्या बनी रही। हालांकि एक-दो घंटे के बाद यह समस्या दूर हो गई। लेकिन जिन लोगों के घर की बिजली पोल से खराब हुई वह देर रात तक ठीक नहीं हो सकती। दरअसल, ज्यादातर बिजली कर्मी विसर्जन जुलूस में ही लगे हुए थे। इसलिए लोगों के घर की बिजली घंटों ठीक नहीं हो सकी। इशाकचक में विसर्जन जुलूस में बिजली कटौती के बाद जब बिजली आपूर्ति की गई तो ओवरलोड के तार से चिंगरी निकलने लगी और तार में तार सट गया। इससे इलाके की बिजली गुल हो गई। मिरजान के पास भी विसर्जन जुलूस के बाद जब बिजली आयी तो फेज उड़ गया। इससे घंटों लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। वहीं सोमवार को जय बिहार कॉलोनी के पास बॉक्स में आग लगने के कारण इलाके में लगभग दो घंटा बिजली गुल रही। शाम के लगभग सात बजे बॉक्स में आग लग गयी। इससे इलाके में अंधेरा छा गया। खलीफाबाग के पास शाम के लगभग छह बजे फेज उड़ने से कई दुकानदारों की बिजली गुल हो गई। बरारी सब्जी चौक के पास शाम के लगभग 4.53 बजे फेज उड़ने से लगभग दो घंटे तक लोगों को परेशानी हुई। पोल गाड़ने और केबल खींचने का नहीं हुआ काम बरारी उपकेंद्र का बरारी फीडर सुबह 10.30 बजे से 1.30 बजे तक एवं सेंट्रल जेल उपकेंद्र का जीरोमाइल फीडर दिन के 2.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक काम को लेकर बिजली आपूर्ति बंद करने की घोषणा की गई थी, लेकिन काम नहीं हो सका। क्षेत्र के जेई आदित्य तरंग ने बताया कि सोमवार के दिन में बरारी फीडर क्षेत्र में जीरोमाइल के पास पोल गाड़ने और इस पर केबल खींचने सहित झुरखुरिया मोड़ ज्योति बिहार के पास भी केबल खींचने का काम होना था, लेकिन काम नहीं सका।

### फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मैच में मुंगेर बना उपविजेता

**मुंगेर**। इलेवन स्टार मुबारकचक मुंगेर के उपविजेता बनने पर खुशी की लहर दौड़ गई है। खेल प्रवक्ता, महमूद आलम ने बताया कि श्री श्री 108, श्री दुर्गा पूजा समिति फुटबॉल टूर्नामेंट खजौली मधुबनी में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मैच में इलेवन स्टार मुबारकचक मुंगेर का मुकाबला जलकौड़ा खगड़िया की टीम के साथ हुआ। संघर्षपूर्ण मुकाबले में मुंगेर की टीम 2-1 गोल से पराजित होकर टूर्नामेंट में उपविजेता बनी। मुंगेर के खिलाड़ी सोहेल ने एकमात्र गोल किया। टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल मैच में मुंगेर ने पूर्णिया की टीम को 3-1 गोल से पराजित किया था।

### शपथ पत्र देकर एजेंसी ने निगम को दिलाया था भरोसा- आगे से सफाई व्यवस्था में नहीं बरती जाएगी कोताही

**भागलपुर**। फैसले और आदेशों के इतर शहर की सफाई व्यवस्था नहीं सुधर रही। दुर्गापूजा खत्म हो गई, लेकिन सफाई का हाल पहले जैसा ही है। गली-मोहल्ले की सड़कों पर गंदगी फैली है। तो अफसरों के बंगले और घरों के सामने की सड़कों की सफाई में एजेंसी कोई कसर नहीं छोड़ रही। सफाई व्यवस्था की हकीकत यह है कि एक ही वार्ड में अफसरों के घर के आगे सफाई दिख रही और उसी वार्ड में आमलोगों के घरों के आगे कचरे पर सूअर विचरण करते दिख रहे। आठ अक्टूबर को स्थायी समिति की बैठक में सफाई एजेंसी की 10 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि पर लगी रोक हटा ली गई थी। एजेंसी ने नगर आयुक्त को शपथ पत्र देकर भरोसा दिलाया था कि अब सफाई में किसी तरह की कोताही नहीं बरती जाएगी। हालांकि हालत यह है कि सप्ताहभर के बाद भी अब तक गलियों में गंदगी फैली है। निगम प्रशासन की निगरानी टीम व्यवस्था को देख तक नहीं पा रही।

### मच्छरों के प्रकोप से लोगों की बढ़ रही परेशानी

**भागलपुर**। हाल के दिनों में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। शाम ढलते ही लोगों को मच्छरों के काटने से परेशानी हो रही है। निगम प्रशासन की ओर से शहर में नियमित फॉगिंग नहीं कराए जाने का खामियाजा आमलोगों को भुगतना पड़ रहा है। वार्ड-31 न्यू शिवपुरी कॉलोनी में रह रहे संजीव कुमार, कुंदन कुमार, आरती देवी आदि ने बताया कि शाम ढलते ही मच्छरों से परेशानी होने लगती है। अकसर घर का दरवाजा बंद कर रखना पड़ता है, ताकि घरों में मच्छरों का प्रवेश न हो, फिर भी इस समस्या से निजात नहीं मिल पा रहा है।

### फिर मिले डेंगू के लक्षण वाले दो मरीज, हुए भर्ती

**मुंगेर**। जिला में डेंगू व डेंगू संभावितों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। सदर अस्पताल मुंगेर में सोमवार को डेंगू के 2 नये संभावित मरीज मिले जिसे इलाज के लिये भर्ती किया गया। वहीं रविवार तक सदर अस्पताल के डेंगू वार्ड में कुल 5 मरीज इलाजरत हैं। इसकी जानकारी देते हुए अस्पताल उपाधीक्षक डॉ रमन कुमार ने बताया कि चुआबाग निवासी 27 वर्षीय शशिकांत पटेल और मकसुसपुर निवासी 55 वर्षीय अनिता शर्मा को एनएस-1 पॉजिटिव पाये जाने के बाद इलाज के लिये भर्ती किया गया है। वहीं वार्ड में पूर्व से भर्ती संभावित मरीज मकसुसपुर निवासी 16 वर्षीय केशव कुमार, 17 वर्षीय हर्ष तथा बेटवन निवासी 43 वर्षीय संजय कुमार राउत सहित 5 मरीजों का इलाज चल रहा है।

### भूगोल के असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए इंटरव्यू 23 से शुरू

**भागलपुर**। बिहार विश्वविद्यालय सेवा आयोग ने भूगोल में अभ्यर्थियों के इंटरव्यू की तिथि तय कर दी है। आयोग ने कुल 592 अभ्यर्थियों का चयन इंटरव्यू के लिए किया है। इनका इंटरव्यू 23 अक्टूबर से शुरू होगा। अलग-अलग समूह में इंटरव्यू 26 अक्टूबर तक चलेगा। आयोग ने इसकी सूचना जारी की है। इंटरव्यू में जो अभ्यर्थी सफल होंगे उनकी सूची आयोग इस माह के अंत तक या नवंबर के पहले हफ्ते तक जारी करेगा। इसके बाद उनकी पोस्टिंग होगी। दूसरी ओर आयोग ने इतिहास में इंटरव्यू के लिए भी चयनित अभ्यर्थियों की सूची बना ली है। इतिहास के लिए 4440 अभ्यर्थियों का आवेदन स्वीकार किया गया है। बताया गया कि जिन विषयों में इंटरव्यू की प्रक्रिया बची हुई है उसे आयोग इस साल तक पूरा कर नियुक्ति की प्रक्रिया समाप्त करने की तैयारी कर रहा है। नियुक्ति के लिए आयोग ने 2020 में विज्ञापन जारी किया था। चार साल बीतने को आए लेकिन अभी भी कुछ विषयों में इंटरव्यू होना बाकी है।

### सोझी घाट नियंत्रण कक्ष से जुलूस की हुई मॉनिटरिंग

**मुंगेर**। सोझी घाट पर प्रतिमा विसर्जन के दौरान नियंत्रण कक्ष में जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह मौजूद रहे। साथ में पुलिस उपाधीक्षक भी थे। डीएम ने कहा कि सोमवार की दोपहर तक जमालपुर की भी लगभग आधी-से-अधिक प्रतिमाओं का विसर्जन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। रविवार को बड़ी मां दुर्गा की प्रतिमा के साथ शहर की अन्य सभी प्रतिमाएं देर रात तक विसर्जित कर ली गई। इस पूरे विसर्जन में आमजन के अलावा जिला व पुलिस प्रशासन की टीम का जा सहयोग रहा, वह अत्यंत ही सराहनीय है। पिछले 72 घंटों से जिला व पुलिस प्रशासन की पूरी टीम बिना पलक झपकाए अपनी ड्यूटी पर लगे रहे हैं। ड्यूटी में तैनात सभी जिला प्रशासन पदाधिकारी व कर्मी को धन्यवाद देता है।

# बिजली विभाग कार्यालय का घेराव, 5 दिनों से बत्ती गुल

## भागलपुर में ग्रामीणों ने किया बिजली समस्या को लेकर प्रदर्शन, 2 महीने पहले गल गया था तार

निज संवाददाता | भागलपुर



भागलपुर के सुल्तानगंज के मदारिया गांव में पिछले पांच दिनों से इलाके में बिजली नहीं रहने की वजह से मंगलवार को ग्रामीणों ने सुल्तानगंज विद्युत कार्यालय में पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया। बिजली विभाग को घेरकर धरना प्रदर्शन पर बैठे लोगों पूरी जानकारी दी। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि दो महीने पहले इलाके का 11000 का तार कनेक्शन गल गया था। जिसके बाद सभी के घरों को बिजली गुल हो गई। स्थानीय मिस्त्री द्वारा लोगों ने इसे ठीक करवाया लेकिन बिजली समस्या बरकरार है।

**मांग पूरी नहीं होने पर प्रदर्शन जारी**: लोगों ने कहा कि बिजली का कनेक्शन कभी भी कट जाने के कारण लोगों को परेशानियों होने लगी। बार-बार स्थानीय लोगों के सहयोग से इसे ठीक कराना पड़ता था। पांच दिन पूर्व बिजली तार में अचानक आग लग गई। खंभे से टूटकर तार नीचे गिर गया। हालांकि इस दौरान कोई हादसा नहीं दिया उसके बावजूद भी समय रहते बिजली विभाग के अधिकारियों ने मामले को लेकर ध्यान नहीं दिया। लोग एक-एक बूंद के पानी के लिए तरसने लगे। मोबाइल चार्ज समेत अन्य बिजली से जुड़े चीज बंद हो गई। जिससे नाराज होकर हम लोगों ने आज धरना प्रदर्शन पर बैठे हैं। प्रदर्शन कर रहे लोगों की मांग है कि जल्द से जल्द दुरुस्त कर समस्या को समाधान की जाए। अन्यथा यह धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। इस संबंध में बिजली विभाग के एसडीओ ने बताया कि बिजली की तार मरम्मती की जा रही है। नया तार का प्रावधान नहीं है और ऐसा बार-बार हो रहा है तो वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। कई लोगों ने सरकारी संपत्ति पर नुकसान पहुंचाया है। उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाई जाएगी।

# TNB कॉलेज में विश्व छात्र दिवस पर सेमिनार का आयोजन

निज संवाददाता | भागलपुर



♦ भागलपुर के सैकड़ो बच्चों ने लिया हिस्सा, संगठन ने कई लोगों दी जिम्मेदारी

भागलपुर में विश्व छात्र दिवस के मौके पर मंगलवार को छात्र राष्ट्रीय लोक मोर्चा टीएनबी कॉलेज इकाई द्वारा छात्र संघ व छात्रों के बीच संबंध और कार्य पर एक दिवसीय सेमिनार कॉलेज इकाई अध्यक्ष सत्यम मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत दीपप्रज्वलन कर की गई। कार्यक्रम में आए अतिथियों ने छात्र हित को ध्यान में रखते हुए जुड़े मुद्दे को छात्रों से संबोधित किया। आगे काम करने मजबूती के साथ खड़ा रहने की बात कही। छात्र-छात्राओं के हर समस्या समाधान के लिए लड़ाई लड़ी जाएगी। उनको उनका मिलेगा।

**नई टीएनबी इकाई का गठन**: कॉलेज अध्यक्ष सत्यम मिश्रा ने कहा कि छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास हमारा उद्देश्य इसके लिये हम हमेशा तत्पर रहें। मौके पर प्रदेश छात्र प्रदेश उपाध्यक्ष प्रतीक कुशवाहा, सूरज मौर्य, आदित्य वर्मा, युवा नगर अध्यक्ष राजेश राजा, विवि अध्यक्ष आर्यन सिंह राठौड़ ने अपनी बात रखी। इसी के साथ नई टीएनबी इकाई का भी गठन किया गया। जिसमें राज पासवान को अध्यक्ष, मनीष को उपाध्यक्ष, दिव्यमणि को सचिव, ऋषिकेश को महासचिव, साक्षी को उपाध्यक्ष व ख़ुशी को छात्रा प्रमुख बनाया गया है। कार्यक्रम में अविनाश,गौरव कुमार, राज पासवान, ऋषिकेश , रवि कुमार, रहमान, अमन ,अविनव, दिवेश, सुधांशु राज,मिथुन कुमार, वसीम सहित अन्य छात्र मौजूद थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि में प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक वर्मा, जिलाध्यक्ष सुमन प्रसून ,छात्र वरीय उपाध्यक्ष प्रतीक कुशवाहा, छात्र प्रदेश उपाध्यक्ष सूरज मौर्य, प्रदेश सचिव आदित्य वर्मा, रजनीश रंजन थे।

# मेडिकल छात्रा हत्या मामले में गिरफ्तारी की मांग



निज संवाददाता | भागलपुर

पश्चिम बंगाल में मेडिकल छात्रा की नृशंस हत्या मामले को लेकर आंदोलन लगातार जारी है। इसको लेकर कुछ मेडिकल छात्र अब भी भूख हड़ताल पर बैठे हैं। मंगलवार को जारी आंदोलन को समर्थन देने के लिए केंद्रीय आईएमए ने भी सहयोग किया है। केंद्रीय आईएमए से जुड़े डॉक्टर एक दिन के सामूहिक अवकाश पर हैं। भागलपुर स्थित जेएलएनएमसीएच में भी आईएमए और जेडीए से जुड़े डॉक्टर एक दिवसीय सामूहिक अवकाश पर बैठें हैं। हालांकि इसका अस्पताल में मरीजों के इलाज व्यवस्था पर कोई प्रभाव नहीं पड़ने दिया जा रहा है।

**ओपीडी और इमरजेंसी सेवा जारी**: सांकेतिक उपवास पर रहने के कारण मरीज समुचित इलाज कर पा रहे हैं। जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भूख हड़ताल पर बैठे जूनियर डॉक्टर बंगाल सरकार और केंद्र सरकार से सभी आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। डॉक्टरों ने कहा कि डॉक्टर बिटिया को न्याय नहीं मिल सका है। न्याय नहीं मिलेगा? हांलाकि स्ट्राइक के दौरान अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधा पर रोक नहीं लगाया गया है। ओपीडी और इमरजेंसी सेवा जारी है। भूख हड़ताल में डॉ. सौरव कुमार, डॉ. आदित्य कुमार, डॉ. विवेक, डॉ. आमिर, डॉ. मिले चौरसिया, अभिनव समेत अन्य शामिल थे।

## काम नहीं करने वाले पदाधिकारी पर होगी कार्रवाई

# डीएम ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा, हर शुक्रवार आमलोगों से मिलेंगे अधिकारी

निज संवाददाता | भागलपुर



भागलपुर समरणालय स्थित समीक्षा भवन में जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में सभी विभागों के विभागीय कार्यों की समीक्षा हुई। डीएम ने दुर्गापूजा शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए सभी पदाधिकारियों को बधाई दी। काली पूजा व छठ भी बेहतर तरीके से संपन्न कराने को कहा। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय काम करने का है। जो पदाधिकारी व कर्मचारी काम नहीं करेंगे वे विभागीय दंड के भागी होंगे। प्रखंड स्तरीय कोई पदाधिकारी या कर्मचारी काम नहीं करते हैं, तो उनके विरुद्ध कार्रवाई का प्रस्ताव दिया जाए। सभी पदाधिकारी को हर शुक्रवार को आम लोगों से मिलने के लिए समय निर्धारित करने को कहा। ग्रामीण क्षेत्र के आधार लिंक वाले लोगों से ई-केवाइसी के लिए अपने अंगूठे का थंब इंप्रेशन लगवाने के लिए विकास मित्र, आवास सहायक व किसान सलाहकार को लगाने का निर्देश दिया। जिला शिक्षा पदाधिकारी को बिना स्वीकृति प्राप्त किए निजी विद्यालय संचालन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने कहा गया। सभी को अपने-अपने विभागीय लंबित पत्रों का त्वरित कार्रवाई करने कहा गया। डीएम ने उन्हें कहा कि स्मार्ट मीटर का विरोध करने वाले लोगों के घर पर चेक मीटर लगा कर उन्हें संतुष्ट किया जाए। साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर लोगों को जागरूक करें।

**दाखिल-खारिज के मामलों में नहीं चलेगी लापरवाही**: दाखिल-खारिज और परिमार्जन के लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए तीनों डीसीएलआर को अपने-अपने सभी सीओ के साथ बैठक करने कहा गया। इसमें लंबित मामलों की समीक्षा कर लेने और काम नहीं करने वाले कर्मचारी व सीआई के विरुद्ध कार्रवाई का प्रस्ताव देने का निर्देश दिया गया।

**माफियाओं से जुड़े 25 बड़े मामलों का फॉलो कराने का निर्देश**: विधि शाखा के कार्यों की समीक्षा के दौरान डीएम ने भू-माफिया, खनन-माफिया व दुर्दांत अपराधियों से संबंधित 25 बड़े मामले का ट्रायल व कनविक्शन करवाने के लिए केस को फॉलो करवाने का निर्देश दिया। खास कर जिन मामलों में गवाही गुजर गई है। उन्हें प्राथमिकता देने का निर्देश दिया।


समाहरणालय, लातेहार
(योजना शाखा)
Website: www.latehar.nic.in

(आवश्यक सूचना)

| S.no | Particular | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Supply of 20 **Drones** along with accessories on Turn Key basis in office of District Planning Office Latehar District. |

कार्यालय ज्ञापांक 349/जि०यो० दिनांक 26.09.2024 के द्वारा निकाली गयी REQUEST FOR PROPOSAL (RFP)/निविदा PNR No.- 337293/27.09.2024 को अपरिहार्य कारणों से स्थगित की जाती है।

PR 338948 Planning and Development(24-25)#D

जिला योजना पदाधिकारी, लातेहार


# विधायक ने किया 15 करोड़ के आठ योजनाओं का शिलान्यास



**प्रतिनिधि हरिहरगंज** : हरिहरगंज व पिपरा प्रखंड क्षेत्र में हरिहरगंज- हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने आठ योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास किया. विधायक ने लगभग 15 करोड़ की लागत से सात सड़क के अलावा एक पुल निर्माण की आधारशिला रखा. ऑनलाइन संबोधन में विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि क्षेत्र का चौमुखी विकास करना उनकी पहली प्राथमिकता है. उन्होंने कहा कि सभी गांव में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने का भरपूर प्रयास किया गया. वही पिपरा प्रखंड अंतर्गत मेन रोड़ से तेंदुई तक पथ का सुदृढ़ीकरण, मेन रोड़ से दमवा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य, आरसीडी पथ से पिपरा ब्लॉक एवं थाना तक सुदृढ़ीकरण कार्य, मेन रोड़ बारा से बनाही तक पथ का सुदृढ़ीकरण, दलपतपुर से पोलदा भाया महुगाईन तक पथ का सुदृढ़ीकरण जबकी हरिहरगंज एनएच 139 ढाबकला से भांवर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य, तुरी पथ से कोशडीहरा भाया विशुनपुर पिपरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य तथा मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना अंतर्गत तेंदुई पंचायत के टंडवा जगदीशपुर अमझर नदी पर पुल निर्माण कार्य शामिल हैं. मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजीत कुमार सिंह, कान्हा सिंह, बबलू सिंह, जनेश्वर भुइयां, रामप्रवेश भुइयां विजय भुइयां, सुनील सिंह, भगवती सिंह, जयशंकर सिंह, नागेंद्र सिंह प्रहलाद सिंह विमलेश सिंह महेंद्र भुइयां, प्रमोद, हरेंद्र, सीताराम, भुइयां सहित भाजपा के कई नेता कार्यकर्ता व ग्रामीण शामिल थे.


रेलवे भर्ती सेल
पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर

वर्ष 2024-25 के लिये स्काउट-गाइड कोटा के अंतर्गत भर्ती
रोजगार सूचना सं.-एनईआर/आरआरसी/एसजी/2024-25 दिनांक 12-10-2024
ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि व समय: 12-10-2024, 10:00 बजे
ऑनलाइन आवेदन समाप्त होने की तिथि व समय: 11-11-2024, 18:00 बजे

वर्ष 2024-25 के लिये स्काउट–गाइड कोटा के अंतर्गत ग्रुप 'सी' (लेवल–2, छठवें वेतन आयोग के ग्रेड पे रु. 1900/-) के 03 पदों (पूर्वोत्तर रेलवे-02 एवं बीएलडब्ल्यू/वाराणसी-01) तथा पूर्ववर्ती ग्रुप 'डी') (लेवल–1 छठवें वेतन आयोग के ग्रेड पे रु. 1800/-) के 08 पदों (पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर, लखनऊ एवं वाराणसी मण्डलों तथा बीएलडब्ल्यू/वाराणसी, प्रत्येक में 02 पदों) के लिए पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

विस्तृत सूचना के लिये दिनांक 12-10-2024 का रोजगार समाचार तथा पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ner.indianrailways.gov.in देखें।

मुजाधि/आर.आर.सी-03

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती सेल, गोरखपुर


# आरसीसी नाली निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास



**प्रतिनिधि हरिहरगंज** : नगर पंचायत क्षेत्र के चरकेडिया मोहल्ला वार्ड नंबर 11 में नगर विकास एवं आवास विभाग की इस योजना से यमुना सिंह के घर से बटाने नदी तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास मंगलवार को सांसद प्रतिनिधि अरुण कुमार मिश्रा तथा भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष समाजसेवी राजीव रंजन ने विधिवत् पूजा अर्चना के बाद नारियल फोड़कर किया. मुहल्ले में नाली निर्माण नही होने से ग्रामीणों को एक साथ कई परेशानियों से गुजरना पड़ रहा था. अब नाली बन जाने के बाद मुहल्ले वासियों को जल निकासी की समस्या का निदान हो जाएगा. वहीं लोगों ने नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किए जाने पर प्रसन्नता जताई है. उक्त कार्य का निर्माण महाकाल इंटरप्राइजेज के द्वारा कराया जाना है. शिलान्यास के मौके पर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह समाजसेवी राजीव रंजन, संवेदक विपुल गुप्ता, मुखिया प्रतिनिधि अरविंद पासवान, शिक्षक मृत्युंजय सिंह, अभय सिंह, धर्मेंद्र पटेल, दिनेश मेहता, मुकेश मेहता, सुरेंद्र सिंह, विजय प्रजापति, पवन कुमार तथा सरस्वती देवी आदि कई ग्रामीण मौजूद थे.

# विचार गोष्ठी सम्मेलन का हुआ आयोजन, चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील



**प्रतिनिधि हरिहरगंज** : प्रखंड क्षेत्र के नेशनल आइटीआइ कॉलेज कौवाखोह में मंगलवार को युवा समाजसेवी राजीव रंजन की अध्यक्षता में विधानसभा चुनाव को देखते हुए विचार गोष्ठी सम्मेलन का आयोजन किया गया. इस दौरान प्रबुद्ध लोग, जन प्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया. विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता राजीव रंजन ने कहा कि पहले की अपेक्षा आज के माहौल में वोटर्स में जागरूकता बढ़ी है. वे अपने हक और अधिकारों को समझने लगे हैं. जरूरत है कि क्षेत्र की सर्वांगीण विकास के लिए ईमानदार छवि के जनप्रतिनिधि को ही चयन किया जाए. इसके लिए क्षेत्र के तमाम मतदाताओं को वोट की अहमियत समझना होगा. उन्होंने तमाम वोटरों से वोट के अधिकार का प्रयोग करते हुए लोकतंत्र को और मजबूत बनाने पर जोर दिया. विचार गोष्ठी के बाद दोपहर में भोज का आयोजन भी किया गया. कार्यक्रम में समाजसेवी सत्येंद्र मेहता, पूर्व मुखिया सुरेश चौधरी, अवधेश मेहता, रघुनंदन साव, मृत्युंजय सिंह, विनय सिंह, विश्वदीप कुमार, विजय प्रजापति, संजय मेहता, अरविंद बोस, नवीन दुबे, ब्रजेश सिंह, संजय पासवान, विनय विश्वकर्मा, मनोज विश्वकर्मा, सुरेश यादव, अनिल यादव, मनोज सिंह, अजय स्वर्णकार, शंभू यादव, दिलीप मेहता, अनुज मिश्रा, विजय शौंडीक, नरेंद्र गुप्ता, रवि रंजन वर्मा सहित सैकड़ो की संख्या में लोग शामिल थें.


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज
(E-mail: eercdmedini-jhr@nic.in)

शुद्धि–पत्र

एतद द्वारा सूचित करना है कि इस कार्यालय द्वारा दिनांक–30.09.2024 को विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से ई–निविदा पत्रांक सं0– **5/RCD/Daltonganj/2024-25/952** आमंत्रित की गई है, जिसका **PR No. 337786Road(23-24)D** है। अपरिहार्य कारण से अगले आदेश तक रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमंडल, डाल्टेनगंज।

PR 338999 (Road) 24-25 (D)

## संक्षिप्त समाचार

### आग लगने से दो दुकानें जलकर राख

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** रामदेव मार्केट में शॉट-सर्किट से दो साइबर कैफे की दुकानें जलकर राख हो गईं। दुकानदार छोटेलाल साह के पुत्र ललन कुमार साह व चुन्नू साह के पुत्र दीपक कुमार ने थाना में आवेदन दिया है। दोनों ने पुलिस को बताया कि सोमवार सुबह से बिजली के तार में शॉर्ट-सर्किट हो रहा था। इसकी सूचना बिजली विभाग को दी थी। बावजूद ध्यान नहीं दिया गया। आग लगने से करीब चार लाख रुपए का नुकसान हुआ है। थानाध्यक्ष मो. आलम ने बताया कि छानबीन की जा रही है।

### मोतीझील में वाहन जांच, 41 गाड़ियों से 1.57 लाख जुर्माना वसूला

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** जिला परिवहन विभाग की ओर से सोमवार की शाम को शहर के मोतीझील ओवरब्रिज पर औचक जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 121 वाहनों की जांच की गई, जिसमें 41 वाहनों से 1.57 लाख रुपये जुर्माना वसूला गया। एडीटीओ राजू कुमार के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से मोडिफाइड साइलेंसर, ट्रिपल लोड, हेल्मेट को लेकर बाइक और स्कूटर की जांच की गई। जांच में दौरान कई सरकारी कर्मी भी अपनी बुलेट बाइक के मोडिफाइड साइलेंसर के साथ पकड़े गए। सभी से जुर्माना वसूला गया। अचानक जांच होता देख ओवरब्रिज पर तीनों ओर से आ रहे वाहनों की रफ्तार थम गई। लोग गाड़ी मोड़कर भागने लगे। एडीटीओ ने बताया कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान त्योहार में सुरक्षा को लेकर विशेष रूप से मोडिफाइड साइलेंसर, ट्रिपल लोड वाहन के खिलाफ जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया था।

### ट्रक ने बाइक सवार को कुचला, गंभीर

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** पुराना जीरोमाइल-बखरी रोड में अहियापुर थाना के शाहबाजपुर में एसडीपीओ टाउन टू के ऑफिस के निकट ट्रक से सोमवार की रात बाइक सवार को ठोकर लग गई। ट्रक से कुचलकर बाइक सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। राहगीर ने उसे एसकेएमसीएच भेजा। स्थानीय सुनील शाही ने सिटी एसपी व थानेदार को सूचना दी। इसके बाद स्थानीय थाने की पुलिस ने ट्रक जब्त कर लिया। थानेदार रोहन कुमार ने बताया कि घायल की पहचान की कोशिश की जा रही है।

### कार्यकर्ताओं की बदौलत पार्टी वट बृक्ष की तरह खड़ा : अनिल ठाकुर

**भागलपुर, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी, नवगछिया कार्यालय में सक्रिय सदस्यता अभियान के एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिलाध्यक्ष मुक्तिनाथ निषाद की अध्यक्षता में आयोजित हुई। कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री मुकेश राणा ने किया। कार्यशाला को मुख्य रूप से प्रदेश मंत्री सह क्षेत्रीय प्रभारी अनिल ठाकुर, सह प्रभारी मनीष पांडे, बिहपुर विधायक ई. शैलेन्द्र, पूर्व सांसद अनिल यादव, जिला प्रभारी कन्हाई मंडल, पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद मंडल ने संबोधित किया। अनिल ठाकुर ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ताओ की बदौलत ही संगठन आज वटवृक्ष की तरह हो रहा है।

### समाज में फैले कुरीतियों को बदलने की ली शपथ

**भागलपुर, एजेंसी।** रंगरा प्रखंड मुख्यालय स्थित गायत्री मंदिर में हवन पूजन और संस्कार के साथ प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर कई गांवों के श्रद्धालुओं ने हवन पूजन में भाग लिया। मंदिर के प्रांगण में होने वाले यज्ञ में आचार्य की भूमिका विभाकर ने निभाई। इस अवसर पर महिलाओं ने समाज में फैले कुरीतियों को खत्म करने, दहेज नहीं लेने और समाज को बदलने की शपथ ली।

# रोहतास में 6 बच्चियों ने लगाया बैड टच का आरोप, हंगामे के बाद टीचर गिरफ्तार

**सासाराम (रोहतास), एजेंसी।** रोहतास के सरकारी स्कूल में दूसरी और तीसरी क्लास की बच्चियों के साथ अश्लील हरकत हुई है। बच्चियों का कहना है कि सर गलत तरीके से छूते हैं, मारते हैं। बच्चियों ने जब पेरेंट्स को मामले की जानकारी दी। इसके बाद परिजनों ने स्कूल पहुंच कर सोमवार को जमकर हंगामा किया। आक्रोश को देखते हुए पुलिस ने आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है। छात्राओं के साथ अश्लील हरकत के आरोप में गिरफ्तार टीचर से पुलिस पूछताछ कर रही है। टीचर इश्तेयाक के खिलाफ अभिभावकों ने थाने में आवेदन दिया गया है। मामला छह बच्चियों से जुड़ा है। अभिभावकों ने बताया कि दशहरे की छुट्टी के बाद बच्चियां स्कूल नहीं जाना चाहती थीं। पूछने पर बताया कि इश्तेयाक सर उन्हें गलत तरीके से छूते हैं। जब बच्चियों ने प्रधानाध्यापक सुनील सोनी से शिकायत की तो उन्होंने सबको डांट कर भगा दिया। मामला तिलौथू थाना क्षेत्र के सनौरा मध्य स्कूल का है। परिजनों के हंगामे के बाद आरोपी शिक्षक दूसरे कमरे में छिप गया था। वहीं लोगों ने स्कूल के प्रधानाध्यापक पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया है।



### बच्चों का गुड टच-बैड टच के बारे में जानना जरूरी

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो की 2020 की रिपोर्ट कहती है कि भारत में बच्चों के साथ यौन शोषण मामलों की दर जो वर्ष 2019 में 34.3प्रतिशत थी, वह 2020 में बढ़कर 44.8प्रतिशत हो गई। यूनिसेफ की रिपोर्ट के मुताबिक पूरी दुनिया में 50प्रतिशत बच्चे अपने जीवन में कभी-न-कभी शारीरिक या मानसिक हिंसा का सामना करते हैं। ऐसे में बच्चों को गुड टच और बैड टच का अंतर समझाना बहुत जरूरी है। इससे बच्चों को सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी। बहुत कम बच्चे हैं, जिन्हें गुड टच और बैड टच को लेकर जानकारी होती है। इस विषय पर बात करना बहुत जरूरी है ताकि बच्चे ऐसी घटनाओं से बच सकें। आजकल बच्चों के साथ जिस प्रकार सेक्सुअल अपराध बढ़ते जा रहे हैं, उसे देखते हुए माता-पिता और स्कूल, सभी को सतर्क रहने की जरूरत है।

### बीईओ पर भड़के छात्राओं के परिजन

मामले की सूचना मिलते ही प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी भी स्कूल में पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों ने उन्हें भी खरी-खोटी सुनाई। मामले की गंभीरता को देखते हुए बीईओ ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शिक्षक को अरेस्ट कर लिया। घटना के बारे में स्थानीय लोगों ने बताया कि शिक्षक ने कई बार इस किस्म की हरकत की है। छात्राएं अपने घर में शर्म के कारण नहीं बता रही थी।

### हंगामे के बाद पहुंची पुलिस

सोमवार को टीचर के रवैए पर मामला हद से आगे बढ़ गया। पुलिस ने शिक्षक को पकड़ लिया है। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि इस मामले में लिखित आवेदन मिला है। शिक्षक को गिरफ्तार कर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। स्कूल के प्राचार्य सुनील सोनी ने बताया कि इश्तियाक शिक्षक पर लगे आरोप के संबंध में विभाग को भी जानकारी दी गई है।



## हाईटेंशन तार की चपेट में आने से मजदूर की मौत आक्रोशितों ने शव को रखकर सड़क किया जाम

**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा के बिंद थाना क्षेत्र के अमावां गांव में एक मजदूर की हाईटेंशन तार की चपेट में आने से सोमवार की शाम मौत हो गई। मृतक की पहचान शेखपुरा जिला के कोरमा थाना क्षेत्र के मुरारपुर गांव निवासी स्व. पदारथ राम के (28) वर्षीय पुत्र विपिन कुमार उर्फ विपिन राम के रूप में हुई है। देर शाम परिजन शव को लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंचे। विपिन पिछले 12 साल से अपने ससुराल सारे थाना क्षेत्र के मानपुर गांव में मजदूरी करते थे। दुर्गा पूजा के दौरान वह अमावां गांव में टेंट लगाने का काम कर रहा था। बीते शनिवार को दुर्गा पूजा का मेला समाप्त होने के बाद विपिन सोमवार शाम को पीपल के पेड़ पर चढ़कर टेंट खोल रहा था, तभी वह हाईटेंशन तार के संपर्क में आ गया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

### पुलिस के आने के बाद मामला शांत हुआ

घटना की सूचना मिलते ही बिन्द थानाध्यक्ष रौशन कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मृतक के स्वजनों को समझा-बुझाकर यातायात सेवा बहाल की। अमावां पंचायत के मुखिया प्रशांत कुमार उर्फ राजा बाबू भी घटनास्थल पर पहुंचे और मृतक के परिजनों को सांत्वना दी। पत्नी दौलती देवी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक अपने पीछे 3 साल का बेटा और एक वर्ष की पुत्री को छोड़ गया है।थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## काम नहीं करने वाले पदाधिकारी पर होगी कार्रवाई डीएम ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा

### हर शुक्रवार आमलोगों से मिलेंगे अधिकारी

**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर समरणालय स्थित समीक्षा भवन में जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में सभी विभागों के विभागीय कार्यों की समीक्षा हुई। डीएम ने दुर्गापूजा शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए सभी पदाधिकारियों को बधाई दी। काली पूजा व छठ भी बेहतर तरीके से संपन्न कराने को कहा। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय काम करने का है। जो पदाधिकारी व कर्मचारी काम नहीं करेंगे वे विभागीय दंड के भागी होंगे। प्रखंड स्तरीय कोई पदाधिकारी या कर्मचारी काम नहीं करते हैं, तो उनके विरुद्ध कार्रवाई का प्रस्ताव दिया जाए। सभी पदाधिकारी को हर शुक्रवार को आम लोगों से मिलने के लिए समय निर्धारित करने को कहा। ग्रामीण क्षेत्र के आधार लिंक वाले लोगों से ई-केवाइसी के लिए अपने अंगूठे का थंब इंप्रेशन लगवाने के लिए विकास मित्र, आवास सहायक व किसान सलाहकार को लगाने का निर्देश दिया। जिला शिक्षा पदाधिकारी को बिना स्वीकृति प्राप्त किए निजी विद्यालय संचालन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने कहा गया। सभी को अपने-अपने विभागीय लंबित पत्रों का त्वरित कार्रवाई करने कहा गया। डीएम ने उन्हें कहा कि स्मार्ट मीटर का विरोध करने वाले लोगों के घर पर चेक मीटर लगा कर उन्हें संतुष्ट किया जाए। साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर लोगों को जागरूक करें।




### दाखिल-खारिज के मामलों में नहीं चलेगी लापरवाही

दाखिल-खारिज और परिमार्जन के लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए तीनों डीसीएलआर को अपने-अपने सभी सीओ के साथ बैठक करने कहा गया। इसमें लंबित मामलों की समीक्षा कर लेने और काम नहीं करने वाले कर्मचारी व सीआई के विरुद्ध कार्रवाई का प्रस्ताव देने का निर्देश दिया गया।

### माफियाओं से जुड़े 25 बड़े मामलों का फॉलो कराने का निर्देश

विधि शाखा के कार्यों की समीक्षा के दौरान डीएम ने भू-माफिया, खनन-माफिया व दुर्दांत अपराधियों से संबंधित 25 बड़े मामले का ट्रायल व कनविक्शन करवाने के लिए केस को फॉलो करवाने का निर्देश दिया। खास कर जिन मामलों में गवाही गुजर गई है। उन्हें प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। उन्होंने ट्रायल वाले मामलों की सूची में दुर्दांत अपराधियों के नाम छूट जाने को लेकर तीनों एसडीओ को अपने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी से बात करने का निर्देश दिया।

डीएम ने जिला भू-अर्जन पदाधिकारी से कहा कि आधारभूत संरचना के निर्माण के लिए किए जाने वाले भू-अर्जन के मामलों में अनावश्यक प्रतिवाद करने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करें। आधारभूत संरचना के कार्य को रोका नहीं जा सकता है। नीलाम पत्र वाद के मामलों में तेजी लाने। विस्थापित परिवारों को प्राथमिकता देते हुए उनकी एंट्री अभियान बसेरा के पोर्टल पर करवाने का निर्देश दिया।

## आयुष मंत्रालय की 100 दिनों की प्रमुख उपलब्धियां

**निज संवाददाता | पटना**

क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, पटना के प्रभारी डॉ. रोहित कुमार रावते ने मंगलवार को प्रेस वार्ता में आयुष मंत्रालय की पहले 100 दिनों की प्रमुख उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में आयुष मंत्रालय ने पारंपरिक भारतीय चिकित्सा को बढ़ावा देने और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। डॉ. रावते ने कहा कि आयुष मंत्रालय ने कई नई पहलों के माध्यम से भारतीय चिकित्सा पद्धतियों का वैश्विक स्तर पर प्रसार किया है। इनमें विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के साथ साझेदारी, वियतनाम और मलेशिया के साथ आयुर्वेद और औषधीय पौधों पर समझौता ज्ञापन शामिल हैं। इसके साथ ही, "एक जड़ी-बूटी, एक मानक" पहल को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 100 दिनों में 1489 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (आयुष केंद्रों) का एनएबीएच मूल्यांकन पूरा किया गया है। इसके अलावा, "हर घर आयुर्योग" अभियान के अंतर्गत स्वस्थ भारत के लिए व्यापक प्रयास किए गए हैं। वृद्धजनों के लिए आयुष शिविर आयोजित किए गए और आयुष उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। आयुष पैकेज को आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (AB-PMJAY) में शामिल कर दिया गया है। नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (AIIA) के दूसरे चरण का विकास कार्य और हरियाणा के पंचकूला में 294.91 करोड़ रुपये के निवेश से राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की स्थापना की जा रही है। इसके अलावा, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश में तीन केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (CRYNN) की स्थापना की प्रक्रिया भी प्रारंभ हो चुकी है। इस अवसर पर राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल, कदमकुआँ, पटना के प्राचार्य डॉ. सम्पूर्णानंद तिवारी, डॉ. अमरेन्द्र कुमार सिंह (रोग निदान एवं विकृति विज्ञान विभाग), भूतपूर्व सहायक निदेशक डॉ. कृष्ण कुमार सिंह और अनुसंधान अधिकारी डॉ. बालाजी पोटभरे, डॉ. अशोक कुमार सिन्हा, डॉ. रितिका मिश्रा एवं डॉ. कुमारी अर्चना भी उपस्थित थे।




## चार दिन में डेंगू के मिले 16 नए मरीज:मुजफ्फरपुर में 124 पॉजिटिव केस

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर जिले में पिछले चार दिनों में डेंगू के 16 नए मरीज मिले हैं। यह मरीज मुशहरी, मीनापुर और औराई कटरा के रहने वाले हैं। एसकेएमसीएच में डेंगू जांच के दौरान इसकी पुष्टि हुई है। जनवरी से अक्टूबर तक जिले में अब तक डेंगू के 124 पॉजिटिव मरीज मिले हैं। नए इलाके में डेंगू मरीज मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग की परेशानी बढ़ गई है। जिला वेक्टर जनित रोग अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार ने कहा कि मौसम में कभी गर्मी तो कभी नरमी के कारण जिले में डेंगू का भी प्रकोप बढ़ने लगा है। डेंगू से निपटने के लिए एसकेएमसीएच और सदर अस्पताल में एयर कंडीशनर डेंगू वार्ड बनाया गया है। डेंगू के केस में कोई कमी नहीं आ रही है। हालांकि चिकनगुनिया पर कुछ दिनों से ब्रेक लगा है। एक सितंबर के बाद से जिले में चिकनगुनिया का कोई केस नहीं मिला है।

### पिछले साल 432 मरीज मिले थे

कहा कि डेंगू केस मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग की तरफ से मरीजों के घरों व आसपास के एरिया में फॉगिंग कराई गई। इस बार गर्मी का सीजन काफी लंबा चला। दिन में तो अभी तक गर्मी रही। सप्ताह भर से ठंड बढ़ने लगी है। गत वर्ष जिले में डेंगू के कुल मरीज 432 मिले थे। जिस तरह से रोजाना औसतन सात केस मिल रहे हैं, उससे लगता है कि जल्द ही पिछले साल का रिकॉर्ड भी टूट जाएगा।




# पटना में छठ महापर्व की तैयारी शुरू, 21 टीम तैनात, डीएम ने जारी किया निर्देश



### कहा- 109 घाटों का निरीक्षण कर, 5 दिन के अंदर रिपोर्ट सौंपे

**पटना, एजेंसी।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा में महज कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। इसको देखते हुए पटना में छठ घाटों की साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण का काम तेजी से चल रहा है। पटना डीएम डॉ. चंद्रशेखर सिंह की ओर से छठ महापर्व, 2024 के सफल आयोजन के लिए छठ पर्व कोषांग का गठन किया गया है। उप विकास आयुक्त इस कोषांग के वरीय नोडल पदाधिकारी बनाए गए हैं।

डीएम की ओर से छठ पर्व के अवसर पर समय से घाटों को तैयार करने के लिए घाटों का निरीक्षण, खतरनाक घाटों की पहचान और अन्य आवश्यक सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए 109 घाटों को 21 सेक्टर में बांटकर सेक्टर पदाधिकारियों एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों के नेतृत्व में 21 टीम तैनात किया गया है। इन पदाधिकारियों द्वारा 109 घाटों का निरीक्षण कर 18 अक्टूबर तक रिपोर्ट सबमिट किया जाएगा।

### इस साल इस दिन होगा छठ महापर्व

छठ महापर्व 07-08 नवम्बर को मनाया जाएगा।
5 नवंबर, 2024 को नहाय-खाय से पर्व का अनुष्ठान होगा।
6 नवंबर, 2024 को खरना
7 नवंबर, 2024 को संध्या अर्घ्य
8 नवंबर, 2024 को प्रातः अर्घ्य

**सीसीटीवी , शौचालय, चापाकल की भी होगी व्यवस्था** :डीएम डॉक्टर चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि छठ महापर्व के अवसर पर विधि व्यवस्था बनाए रखना के प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। डीएम ने छठ घाटों की तैयारी, स्वच्छता, यातायात व्यवस्था, घाटों पर नियंत्रण कक्ष और वाचटावर की स्थापना, आपदा प्रबंधन, चिकित्सा व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, लाउडस्पीकर की व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा, शौचालय, चापाकल और यूरिनल की व्यवस्था, विधि-व्यवस्था संधारण सहित विभिन्न बिन्दुओं पर आवश्यक निर्देश दिया है।

### घाटों की बैरिकेडिंग की जाएगी

डीएम डॉ. सिंह ने कहा कि पदाधिकारियों द्वारा जिला अन्तर्गत सभी घाटों का सम्यक निरीक्षण किया जाएगा। घाटों पर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। पुरूष और महिलाओं के लिए अलग-अलग शौचालय, स्वच्छ पेयजल की सुविधा, पर्याप्त संख्या में चेंजिंग रूम, छठव्रतियों के ठहरने हेतु यात्री शेड, घाटों के बाहर वाहन पार्किंग की सुविधा रहेगी। घाटों की बैरिकेडिंग की जाएगी। घाटों पर जाने के लिए सम्पर्क पथ की अच्छी स्थिति सुनिश्चित की जाएगी। वाच टावर, नियंत्रण कक्ष, साउंड बॉक्स और सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था की जाएगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com


## संक्षिप्त समाचार

### टाटा-जम्मूतवी को भोडवाल मजरी स्टेशन पर ठहराव

**जमशेदपुर, एजेंसी।** यात्री सुविधा में टाटानगर-जम्मू एक्सप्रेस और संबलपुर-जम्मू एक्सप्रेस को 22 अक्तूबर से 22 नवंबर तक हरियाणा स्थित भोडवाल मजरी स्टेशन पर ठहराव मिला है। दक्षिण पूर्व रेलवे जोन से दोनों ट्रेनों के ठहराव को लेकर पत्र जारी हुआ है। रेलवे के अनुसार, दोनों ट्रेनें अप-डाउन में दो मिनट तक भोडवाल मजरी स्टेशन पर रुकेगी। जानकारी के अनुसार स्थानीय लोगों ने भोडवाल मजरी स्टेशन पर ठहराव की मांग पर रेलवे को पत्र दिया था।

### ट्रेन से हाथी के बच्चे की मौत पर दो लोको पायलट गिरफ्तार

**जमशेदपुर, एजेंसी।** मालगाड़ी की चपेट में आकर हाथी के बच्चे की मौत के बाद टाटानगर के दो लोको पायलट मनोज कुमार और कविराज कुमार को ओडिशा वन विभाग ने गिरफ्तार कर लिया। इससे मंडल के लोको पायलट आक्रोशित हो गए और राउरकेला-बंडामुंडा के लॉबी पर धरना दिया। मालूम हो कि बीते रात चक्रधरपुर रेल मंडल के बंडामुंडा ए केबिन के निकट मालगाड़ी की चपेट में आने से एक हाथी के बच्चे की मौत हुई है। इससे रात में हावड़ा-मुंबई रेलमार्ग पर आधा दर्जन ट्रेनों का परिचालन भी प्रभावित हुआ। इधर, गिरफ्तार लोको पायलट को रिहा कराने कई रेल अधिकारी चक्रधरपुर से बंडामुंडा गए हैं।

### जूनियर डॉक्टर ने ओपीडी बंद कराया, मरीजों का हंगामा

**जमशेदपुर , एजेंसी।** एमजीएम अस्पताल में मंगलवार को जूनियर डॉक्टरों ने ओपीडी सेवा बाधित कर दी जिससे नाराज होकर मरीज ने हंगामा किया। कोलकाता में मेडिकल कॉलेज की छात्रा के साथ गैंगरेप और हत्या के बाद चल रहे विरोध प्रदर्शन के समर्थन में झारखंडी के भी सभी मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टरों ने मंगलवार को भूख हड़ताल किया है। डाक्टरों ने एमजीएम के सेंट्रल रजिस्ट्रेशन काउंटर को बंद कर दिया। जिसके कारण मरीज नाराज हो गए और जमकर हंगामा किया। मरीजों का कहना था कि यहां आए दिन अस्पताल में इस तरह बंद करना मरीज को परेशान करना है। जूनियर डॉक्टरों को अपनी मांगों को पूरा करना है तो उचित मंच पर जाएं ना कि मरीजों को परेशान करें।

### महुदा में जमुनिया नदी पर पुल का शिलान्यास

**धनबाद , एजेंसी।** धनबाद जिला ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल की ओर से महुदा की लोहपिट्टी पंचायत की अंधारी बस्ती के समीप जमुनिया नदी उच्च स्तरीय पुल का शिलान्यास सोमवार को हुआ। सांसद प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो ने नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। जिप प्रतिनिधि राजू महतो ने बताया कि पुल के निर्माण पर 6 करोड़ रुपए लागत आएगी। इस पुल के बनने से महुदा, तेलमच्चो आदि क्षेत्र के लोगों को दुगदा, चन्द्रपुरा जाने में काफी सुविधा होगी। सांसद प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो ने कहा कि पहले लोगों को चंद्रपुरा जाने के लिए बहुत दूर से घूमकर जाना पड़ता था। मौके पर मुखिया सुनीता देवी, नारायण महतो, टेकलाल महतो, दिलिप साव, विजय दास, देवानंद सिंह, उत्तम सिंह, बीरू साव, भरत गोप, दीपक सिंह, भरत महतो आदि मौजूद थे।

### धनबाद में ईसीआरकेयू चुनाव की तैयारी शुरू

**धनबाद , एजेंसी।** ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन (ईसीआरकेयू) के चुनाव की धनबाद में तैयारी शुरू हो गई है। हाजीपुर महाप्रबंधक मुख्यालय में नामांकन 22 अक्टूबर को दाखिल किया जाएगा। यूनियन ने उक्त तिथि पर रेलकर्मियों की एक विशाल जनसभा करने का निर्णय लिया है। ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा सभा को संबोधित करेंगे और ईसीआरकेयू को पुन : बहुमत से जीत दिलाने का आह्वान करेंगे। ईसीआरकेयू के अध्यक्ष डीके पाण्डेय और महामंत्री एसएनपी श्रीवास्तव भी अपने संबोधन में ईसीआरकेयू एवं फेडरेशन के उपलब्धियों को जनसभा में रेलकर्मियों के समक्ष रखेंगे। ईसीआरकेयू के पूर्व अपर महामंत्री बीके सिंह भी रेलकर्मियों को एक मजबूत यूनियन बनाने के लिए ईसीआरकेयू को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए अपनी बात रखेंगे। यह जानकारी ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री सह धनबाद मंडल के पीएनएम प्रभारी मो। जियाउद्दीन ने दी।

# गठबंधन के तहत 81 विस क्षेत्र से लड़ेंगे चुनाव: हेमंत सोरेन



**रांची, एजेंसी।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय समिति की बैठक सोमवार को हरमू स्थित सोहराई भवन में दिन के 11 बजे से 7।30 बजे तक चली। इस मैराथन बैठक में सभी विधायक, सांसद, नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए। सुबह से शाम तक हुई कई पाली में बैठकों में मंथन का दौर जारी रहा। संध्या 6।15 बजे राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बैठक में शरीक होने के लिये सोहराई भवन पहुंचे। उनके पहुंचते ही सारे नेता कार्यकर्ताओं में एक अलग ही जोश आ गया। सुबह से शाम तक चली बैठक का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेने ने पहले बंद कमरे में आकलन लिया। दिनभर के मंथन के बाद शाम में जीत का खाका उपस्थित पार्टी समूह के बीच मुख्यमंत्री ने खींचा। जिससे जुटे मजमे में अलग ही खुशी की झलक देखने को मिली। बैठक के बाद बाहर निकलते समय सभी के चेहले खिले नजर आये।

उसके बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आगामी विधानसभा 2024 के चुनाव की तैयारी बैठक सोहराई भवन में सुबह से शाम तक हुई। यह बैठक झारखंड मुक्ति मोर्चा की केंद्रीय समिति की थी। इस बैठक में सभी लोग शरीक हुए। आगामी विधानसभा चुनाव की उत्तम तैयारी शुरू करने का निर्देश भी दिया गया है। झामुमो की केंद्रीय समिति का मैं भी सदस्य हूं। इस लिए बैठक में शरीक हूं, और अपनी जिम्मेदारी निभा रहा हूं। यह साल चुनाव का साल है, सीट शेयरिंग के प्रश्न के जवाब में हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार गठबंधन की सरकार है, इस लिए हम समस्त 81 विधानसभा सीट से गठबंधन के साथ चुनाव लड़ेंगे।

**बीजेपी जुमले करती है और हम करके दिखाते हैं - सरफराज :** राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद ने कहा कि हम लोग चुनाव के लिये पूरी तरह से तैयार हैं। झामुमो की केंद्रीय कमेटी की बैठक सुबह से शाम तक हुई, इसका फलाफल निकाल कर निर्णय लिया जाएगा। हमारी सरकार ने कार्य पूरे किये हैं। बीजेपी की तरह हम जनता को बहलाते नहीं हैं। मंईयां योजना ठीक चुनाव के समय शुरू करने के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सभी को योजना के तहत अधिकार दे रही है, लेकिन महिलाओं को नहीं मिल रहा था, इस पर गौर किया गया और 18 से 49 वर्ष की लड़कियों व महिलाओं को मंइयां योजना का लाभ दिया जा रहा है। बीजेपी की ओर से भी तो गोगो दीदी योजना महिलाओं के लिये है। राज्यसभा सांसद ने कहा कि एक योजना का लाभ देना और एक योजना आगे शुरू होगी दोनों में बहुत अंतर है। बीजेपी तो बस जुमले करती है, पहले उनकी सरकार भी तो रही है, तो अब याद आ रहा है, इसे क्या कहा जाएगा।

**ये बैठक थी बहुत खास -विनोद :** झामुमो के केंद्रीय महासिचव विनोद कुमार पांडे ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव से पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से विस्तारिक बैठक सुबह से रात तक हुई। इस बैठक में सारे सांसद, विधायक, नेता मंत्री शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आज की स्टेट कोऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक इसलिए अहम है कि इस बैठक में संगठनात्मक एकता, गठबंधन को और मजबूती प्रदान करने व पार्टी को धरदार बनाने और आगामी विधानसभा चुनाव में जीत को ले रणनीति तय करने पर मंथन किया गया।

**चुनाव के लिए हम लोग पूरी तरह से हैं तैयार -सुदीप :** गिरिडीह विधायक सुदीप कुमार सोनू ने कहा कि हम लोग चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार हैं, चुनाव में कहीं कोई कमियां नहीं हो इसी की आज झामुमो केंद्रीय समिति की बैठक हुई। हमारा राज्य स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार के क्षेत्र में बढ़ रहा है। आगे और भी बेहतर कार्य होंगे।

**विधानसभा चुनाव की तैयारी बैठक है - भूषण :** गुमला विधायक भूषण तिर्की ने कहा कि यह आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी बैठक है। चुनाव के लिये हम लोग पूरी तरह से तैयार हो गये हैं। आज की इस बैठक में झामुमो के सांसद, विधायक समेत सारे कार्यकर्ता शामिल हुए हैं।

## झरिया में अग्रसेन जयंती पर 17 को निकलेगी भव्य निशान सोभायात्रा



**धनबाद , एजेंसी।** झरिया में अग्रसेन जयंती पर 17 अक्टूबर को भव्य निशान सोभायात्रा निकाली जाएगी। यह जानकारी सोमवार को अग्रसेन भवन में मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से आयोजित प्रेसवार्ता में दी गई। मारवाड़ी सम्मेलन, झरिया के सचिव दीपक अग्रवाल ने बताया कि श्याम मंदिर से शोभायात्रा सुबह 10 बजे निकलेगी और पूरे झरिया का भ्रमण करते हुए अग्रवाल धर्मशाला में समाप्त होगी।

इसके बाद सामूहिक भोज का आयोजन होगा और शाम 5 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि अग्रसेन जी महाराज का जन्म भगवान राम के कुल में 5149 वर्ष पहले अग्रोहा में हुआ था। उनकी शादी नाग कन्या से हुई थी, जिनका नाम महारानी माधवी था। उन्होंने कहा था कि तुम अपने अगल-बगल रहने वालों की चिंता करो, तुम्हे अपनी चिंता करने की जरूरत नहीं है। समाज के सभी वर्गों का ख्याल रखो। माता लक्ष्मी की कृपा तुम पर हमेशा बनी रहेगी।

उनके बताये मार्ग पर चल कर ही समाज की ओर से स्कूल, कॉलेज, हॉस्पिटल, मंदिर आदि की स्थापना हुई और उनका संचालन भी बेहतर तरीके से हो रहा है। प्रेसवार्ता में रमेश अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, गणेश अग्रवाल, विनोद मोदी, विनोद अग्रवाल, सत्यनारायण भोजगढ़िया, महेश जालुका, दीपक अग्रवाल, अमित अग्रवाल, अनूप लिल्हा आदि मौजूद थे।

# रांची को मिल गए चार और नए थाने, विधानसभा चुनाव से पहले हेमंत सरकार का बड़ा फैसला



### गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी ह

**रांची, एजेंसी।** राज्य सरकार ने रांची में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए चार और यातायात थाने का सृजन किया है। इन चार थानों में पंडरा, खेलगांव, डेली मार्केट व डोरंडा यातायात थाना शामिल हैं।

रांची में पहले से चार यातायात थाने लालपुर, गोंदा, कोतवाली व जगन्नाथपुर में कार्यरत हैं। नए थानों से लोगों को काफी सुविधा होगी।

इस प्रकार रांची में यातायात थानों की संख्या आठ हो गई है। गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। इसी तरह लातेहार के चंदवा थाना क्षेत्र के ग्राम बेतर में पुलिस आउट पोस्ट का सृजन किया गया है। इस ओपी के अधीन दो पंचायत बरवाटोली व लाधुप होंगे।

इनमें बरवाटोली पंचायत के गांव बेतर, रोहुम, मुड़मा, बेलंगा, जमुआरी, हेसलांग, टाटा, रूद, बरवाटोली व चिलदिरी तथा लाधुप पंचायत के गांव लाधुप, आरा, कुदरा, गोली, दुधीमाटी, बेलगड़ा, पीरदाग, सेन्हा, हेसला व मनातु गांव शामिल किए गए हैं।

राज्य सरकार ने सिमडेगा थाना व मुफ्फसिल थाना के कार्यक्षेत्र का पुनर्निधारण किया है। इसमें सिमडेगा के सेवई पंचायत के सेवई व सनसेवई गांव को सिमडेगा से मुफ्फसिल थाना से संबद्ध किया गया है।

वहीं, पिथरा पंचायत के पिथरा, रिगड़ी, गुल्डा, मेरोमलोया, बड़कीछापर, जमुनाखैर, तुमडेगी व सेमरबेड़ा को सिमडेगा से मुफ्फसिल थाना के साथ जोड़ा गया है।

तामड़ा पंचायत चिकसुरा, तभाडीह, तामड़ा, कामतारा, कोनसेरा व डाडगुरदा गांव को मुफ्फसिल थाना से हटाकर उसे सिमडेगा थाना से जोड़ा गया है। गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है।

## झारखंड में फिर बजने वाली है विधानसभा चुनाव की रणभेरी, पिछली बार ऐसा था संख्याबल



**रांची, एजेंसी।** झारखंड में विधानसभा चुनाव की घोषणा आज यानी कि मंगलवार को होगी। इसी तरफ प्रदेश में आदर्श आचार संहिता भी लागू हो जाएगा। चुनाव आयोग इस संबंध में दोपहर तीन बजे प्रेस कांफ्रेंस करने वाला है। झारखंड में विधानसभा की 81 सीटें हैं।

पिछली बार यानी कि 2019 में पांच चरणों में झारखंड विधानसभा चुनाव आयोजित हुआ था। इस बार, उम्मीद है कि तीन से चार चरणों में चुनाव हो सकते हैं। बता दें कि 2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव में महागठबंधन ने भारी बहुमत से जीत दर्ज की थी। हेमंत सोरेन की पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा को 30 सीटें, कांग्रेस को 16, राजद को एक और बीजेपी को 25 सीटें मिली थीं।

चुनाव के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य आयोक्त ने अपनी टीम के साथ हाल ही में झारखंड का दौरा भी किया था। इस दौरान सभी राजनीतिक दलों से चुनाव की प्रक्रिया को लेकर सुझाव भी लिया था।

इस दौरान सभी राजनीतिक दलों ने छठ पूजा और राज्य स्थापना दिवस के बाद चुनाव कराने का अनुरोध किया था। साथ ही सभी ने कम से कम चरणों में चुनाव कराने का सुझाव आयोग को दिया था। बता दें कि झारखंड विधानसभा का कार्यकाल नए साल में पांच जनवरी को समाप्त हो रहा है।

## सड़क दुर्घटना में मृत वकील के परिजनों को 50:90 लाख मुआवजा देने का आदेश




**रांची, एजेंसी।** झारखंड हाईकोर्ट ने सड़क दुर्घटना में मृत अधिवक्ता के परिजनों को 50 लाख 90 हजार 176 रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है। साथ ही कोर्ट ने इंश्योरेंस कंपनी बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दी है, जिसमें उसने मोटर दुर्घटना ट्रिब्यूनल के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें इंश्योरेंस कंपनी को सड़क दुर्घटना में मारे गये वकील के परिवार को मुआवजा देने का आदेश दिया गया था।

इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुभाष चांद की कोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि प्रत्यक्षदर्शियों के बयान, एफआईआर, चार्जशीट और पोस्टमार्टम रिपोर्ट को ध्यान में रखते हुए दुर्घटना का तथ्य पर्याप्त रूप से सिद्ध है। इसलिए कंपनी की याचिका खारिज की जाती है।

**अधिवक्ता की पत्नी ने इंश्योरेंस के लिए किया था क्लेम :** बता दें कि वर्ष 2018 में धनबाद के अधिवक्ता अजीत कुमार की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी थी। इसके बाद उनकी पत्नी ने बीमा पॉलिसी के तहत इंश्योरेंस के लिए क्लेम किया था। मोटर दुर्घटना ट्रिब्यूनल ने कंपनी को मृतक के परिजनों को मुआवजा भुगतान का आदेश दिया था। मोटर दुर्घटना ट्रिब्यूनल के आदेश के खिलाफ इंश्योरेंस कंपनी ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

# ना खपत बढ़ी, न उत्पादन घटा, फिर भी सब्जियों के दामों में 78 प्रतिशत तक का हुआ इजाफा



**रांची, एजेंसी।** सब्जियों पर महंगाई की मार देखने को मिल रही है। सितंबर में सब्जियों की थोक महंगाई दर 48।73 फीसदी बढ़ गयी है। वहीं आलू और प्याज की कीमतों में 78 फीसदी, जबकि टमाटर की कीमतों में 48 प्रतिशत तक का इजाफा हुआ है। खुदरा महंगाई के आंकड़ों ने भी चिंता बढ़ा दी है। यह रिजर्व बैंक के 5 प्रतिशत की सीमा को पार कर गयी है और सब्जियों की महंगाई लगभग 36 प्रतिशत बढ़ी है (अगस्त में यह केवल 10प्रतिशत थी)। सितंबर में खाद्य महंगाई दर बढ़कर 9।24 प्रतिशत तक पहुंच गयी है, जो अगस्त में 5।66 प्रतिशत थी। खुदरा महंगाई के सूचकांक में सब्जियों का योगदान लगभग 7।46 प्रतिशत है।

आमतौर पर यह माना जाता है कि महंगाई किल्लत से बढ़ती है। लेकिन आलू, प्याज, और टमाटर की उपज लगातार बढ़ रही है। वर्ष 2022 तक पिछले एक दशक में उनकी पैदावार में 63 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। 2022-23 में भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा आलू-टमाटर का उत्पादक है। वहीं भारत प्याज का सबसे बड़ा उत्पादक है। इसके बावजूद सब्जियों पर महंगाई बढ़ती ही जा रही है।आंकड़े बताते हैं कि उपभोक्ताओं के मासिक खर्च में सब्जियों का हिस्सा पिछले एक दशक से 3-4 प्रतिशत पर स्थिर है। कुल उत्पादन का केवल 8।6 प्रतिशत प्याज और 2 प्रतिशत आलू-टमाटर निर्यात होता है। इसका मतलब है कि यह पूरी तरह से घरेलू खपत के लिए होते हैं, फिर भी महंगाई क्यों इतनी अधिक है? थोक व्यापारी भी 32 से 37 पैसे का मुनाफा कमाते हैं और बचे हुए पैसे का हिस्सा रेहड़ी वालों के पास जाता है, जो बड़ी कीमतों को बढ़ाकर बेची न गयी सब्जियों के नुकसान की भरपाई करता है।

सब्जियों के इस आर्थिक चक्र में मौसम का प्रभाव भी महत्वपूर्ण है। इसको संभालने के लिए भंडारण और आपूर्ति के नये उपायों की आवश्यकता है। इस स्थिति में सब्जियों की महंगाई किसान और उपभोक्ता दोनों की जेब काट रही है। तो फिर इस स्थिति का लाभ किसे मिल रहा है? खेती पर राजनीतिक भाषणों और वादों का गुणगान अपना ही महत्व रखता है और जब ये टूटते हैं, तब हमें यह समझ में आता है कि ताजा महंगाई वहां से आ रही है, जहां हम आत्मनिर्भर हैं।

# कैपिटल हिल में लगी मोदीगोल्ड सोने व हीरे के गहनों की प्रदर्शनी



**रांची, एजेंसी।** मोदीगोल्ड' सोने और हीरे की गहनों की आर्ट क्राफ्ट घराने की विशिष्ट प्रदर्शनी सोमवार को कैपिटल हिल में लगाई गई। बता दें कि मोदीगोल्ड ने आशा कमल मोदी और शिवानी मोदी सोनी द्वारा डिजाइन किए विशिष्ट गहनों का संग्रह है। जो पिछले तीन दशकों से आर्ट क्राफ्ट नाम से मशहूर पारम्परिक डिजाइन और केयर शुद्धता के लिए प्रसिद्ध है। 'मोदीगोल्ड' 18 कैरेट एवं 22 कैरेट सोना, हीरे एवं जेवरात के साथ सुन्दरता से बनायी गयी ज्वेलरी है, जो देखने में काफी पुराने जमाने के जेवरों जैसी लगती है। आशाजी द्वारा बॉलीवुड के 10 से अधिक मशहूर फिल्मों में ज्वेलरी का डिजाइन किया गया है, जिसमें पदमावत, बाजीरवा मस्तानी, रामलीला है।

इसके अलावा रानी डायाना, जॉर्डन की महारानी गायत्री देवी एवं यूएइ की राजकुमारी शेख शम्मा के जेवरों की डिजाईन तैयार किया गया है। आशाजी अपनी पुत्री शिवानी के साथ तीन दशकों से ज्वेलरी का डिजाइन कर रही हैं जो 'मोदी गोल्ड' के नाम से प्रसिद्ध है। इस प्रदर्शन में आप उनके उत्कृष्ठ सोना, चांदी तथा हीरा के जेवरात के डिजाइन देखेंगे। इस प्रदर्शनी में सोना, पोलकी, हीरा एवं कीमती बहुमूल्य रत्नों के समागम से बहुत ही खूबसूरती के साथ बनाया जाता है। 'मोदीगोल्ड' इन्हीं गहनों की एक प्रदर्शनी है जो सामान्यत: पुरानी तस्वीरों एवं एवं किताबों में देखने को मिलती है।

बाजार में उपलब्ध अधिकांश ज्वेलरी एक ही डिजाइन के बार-बार रूपांतरित कर बनाया जाता है किन्तु मोदी गोल्ड में विभिन्न प्राचीन सभ्यताओं में मिलने वाले डिजाइन को ध्यान में रखकर बनायी गयी है। पारखी नजर रखने वालों के लिए आशा मोदी, शिवानी मोदी द्वारा डिजाइन किया हुआ डक्न, मुगल, और यूरोपिय कलाओं से प्रेरित बहुमूल्य जवाहरातों के संग्रह की प्रदर्शनी है जिसे एक बार अवश्य देखना उचित रहेगा। इस प्रदर्शनी में उपलब्ध संग्रह में गले का हार, कान की बालियां, ब्रेसटलेट, बाजूबंध, मांगटीका, अंगुठी, नोजपीन उपलब्ध है जो कि 500 से अधिक डिजाइन में है और इनकी कीमत 50000 से 5 लाख तक के जेवरात बहुत ही आकर्षक दरों पर पेश किए जा रहे हैं।

## अराजू के बाबूलाल की तमिलनाडु में हुई मौत

**बोकारो, एजेंसी।** रोजी रोटी की तलाश में तमिलनाडु गये जरीडीह प्रखंड के अराजू निवासी बाबूलाल सिंह( 37 वर्ष ) भी पलायन की भेंट चढ़ गया। राजू के चालमुंडरी निवासी स्व तारु सिंह का पुत्र बाबूलाल सिंह मजदूरी करने गोवा गया था। वहां काम के दौरान कंपनी के कुछ लोगों व ठेकेदार से बहस व हाथापाई हुई तो वह एक मित्र से संपर्क कर तमिलनाडु के सेलम चला आया था। बताया गया कि वह सेलम में अपने एक रिश्तेदार के भाड़े के घर में सोया था। इसी बीच उसके सिर में दर्द उठा और उसकी तबीयत बिगड़ गयी। उसके साथी तुरंत स्थानीय अस्पताल में ले गये, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद रविवार को मृतक का शव गांव पहुंचा। घटना की सूचना के बाद स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों के अलावा समाजसेवी चीकू मेहता, संतोष कुमार नायक, जगदीश सिंह, टीकाराम सिंह, कलेवर सिंह, संजय सिंह व अन्य कई लोग पहुंचे और पीड़ित परिवार को ढाढ़स बंधाया। ग्रामीणों ने बताया कि जहां घटना घटी, उस ठेकेदार ने मानवता के नाम पर भी कुछ भी सहायता राशि या मदद नहीं भेजी। ग्रामीणों ने इस घटना की जांच कर पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद देने की मांग की।

## सफाई के लिये निगम खरीदेगा 3:20 करोड़ की मशीनें



**रांची , एजेंसी।** रांची नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न जलाशयों, तालाबों, डैम आदि की बेहतर सफाई के लिये सोमवार को सेंट्रल कोल फील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) एवं रांची नगर निगम के बीच एमओयू हुआ। जिसके तहत सीसीएल के सीएसआर राशि के सहयोग से निगम द्वारा दो अत्याधुनिक मशीन थ्रैश स्कीमर/वीड हार्वेस्टिंग मशीन, ड्रेन क्लीनिंग मशीन का क्रय खरीदी जायेगी। मालूम हो कि इन दोनों मशीनों की कुल लागत 3।20,00000 करोड़ (तीन करोड़ बीस लाख रुपए) होगी। जिसमें वीड हार्वेस्टिंग मशीन की लागत 1,46,00,000 रुपए तथा ड्रेन क्लीनिंग मशीन की लागत ।1,74,00,000 रुपए होगी। उक्त मशीनों के क्रय के लिये आज निविदा आमंत्रित की गई है। निगम की टीम में इन मशीनों के आ जाने से रांची शहर के जलाशयों को साफ करना सरल हो जायेगा।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

### आसियान में पीएम मोदी का चीन पर निशाना

दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन आसियान के लाओस शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने एक बार फिर एकजुटता की जरूरत रेखांकित की। यह सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है, जब दुनिया के कई देश परस्पर संघर्ष में उलझे हुए हैं और इसके चलते अनेक आर्थिक समस्याएं चुनौती बन कर खड़ी हो गई हैं। विकसित कहे जाने वाले देश भी मंदी और सुस्त अर्थव्यवस्था से पार पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने ऐसी स्थिति में दक्षिण एशियाई देशों से परस्पर सहयोग और शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की। दक्षिण एशिया के सभी देश चीन की विस्तारवादी नीतियों के चलते किसी न किसी रूप में असहज महसूस करते हैं। इसलिए सभी ने शिखर सम्मेलन के मंच से चीन की खुल कर आलोचना की। प्रधानमंत्री ने चीन का नाम लिए बगैर कहा कि हमारी नीति विकासवादी होनी चाहिए, न कि विस्तारवादी। दक्षिण चीन सागर में चीन की बढ़ती सक्रियता के मद्देनजर उन्होंने समुद्री गतिविधियों के संबंधित कानूनी ढांचे 'अनक्लोस' के तहत ही संचालित किए जाने पर बल दिया। निगरानी की आजादी और वायु क्षेत्र सुनिश्चित करने की जरूरत भी रेखांकित की। इस पर एक ठोस और प्रभावी आचार संहिता बनाने तथा क्षेत्रीय देशों की विदेश नीति पर अंकुश लगाने की कोशिशों पर विराम लगाने के उपाय तलाशने की जरूरत भी बताई। दरअसल, चीन की विस्तारवादी नीतियों के कारण न केवल दक्षिण एशिया, बल्कि दूसरे कई देशों में भी कई तरह की परेशानियां पैदा हो गई हैं। चीन ऐसा जानबूझ कर करता है, ताकि तेजी से विकास कर रहे और विकसित देश संघर्षों में उलझे रहें और वह उनके बाजार में अपना वर्चस्व कायम रखे। मगर चूंकि भारत अब विकसित देश बनने के पायदान चढ़ रहा है और उसके प्रयासों से वैश्विक दक्षिण देश अपना एक नया बाजार बनाने की दिशा में बढ़ रहे हैं, चीन की चिंता स्वाभाविक रूप से बढ़ गई है। दक्षिण चीन सागर में उसने इसीलिए अपनी गतिविधियां तेज कर दी हैं। कुछ समय पहले हुए क्वाड सम्मेलन में भी भारत, अमेरिका, जापान और आस्टेलिया ने दक्षिण चीन सागर में चीन की गतिविधियों पर नकेल कसने की जरूरत रेखांकित की थी। इन देशों को एकजुट रखने में भारत की अहम भूमिका है। हालांकि आसियान का गठन आर्थिक मामलों में पश्चिम के विकसित देशों, चीन और रूस के वर्चस्व को तोड़ कर अपना एक बाजार विकसित करने और इस क्षेत्र में शांति और सहयोग बनाए रखने के मकसद से हुआ था। इसका असर भी दिखने लगा है।

### खुले नाले और गड्ढों का राज

सड़क के किनारे या किसी पार्क में गड्ढे, खुले नाले या मैनहोल में गिर जाने से बच्चों की मौत की घटनाएं अक्सर सामने आती रही हैं। खासकर बरसात में जलजमाव की वजह से सड़क किनारे किसी गड्ढे या नाले का कई बार पता नहीं चलता और राह चलते लोग उसमें गिर जाते हैं। गौरतलब है कि पांच दिन पहले उत्तर-पश्चिम दिल्ली के अलीपुर इलाके में एक खुले नाले में गिरने से पांच वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। वहां निर्माण कार्य कराने वाले ठेकेदार ने कई जगह न केवल नाले को खुला छोड़ दिया था, बल्कि वहां आसपास न तो कोई घेरा लगाया गया था और न कोई चेतावनी के संकेत लगाए गए थे। जाहिर है, यह ठेकेदार से लेकर संबंधित सरकारी महकमे और उसके अधिकारियों की स्पष्ट लापरवाही है। अब राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने ऐसे कुछ मामलों को आधार बना कर दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव, पुलिस आयुक्त, दिल्ली विकास प्राधिकरण और नगर निगम आयुक्त को नोटिस जारी कर चार हफ्ते में विस्तृत रपट मांगी है। आयोग ने कहा है कि ऐसी घटनाएं नगर निकाय के अधिकारियों की स्पष्ट लापरवाही है और यह पीड़ितों के मानवाधिकारों का उल्लंघन है। यह समझना मुश्किल है कि नाले का निर्माण कराने वाले ठेकेदार और अन्य लोगों को इतनी साधारण बात समझ में क्यों नहीं आती कि खुला नाला कभी भी किसी की मौत की वजह बन सकता है। दिल्ली में पिछले कुछ दिनों में खुले नाले या मैनहोल में गिर कर लोगों की मौत हो जाने की पांच घटनाएं हो चुकी हैं। विडंबना यह है कि सरकार या संबंधित महकमों को लंबे समय से कायम इस गंभीर समस्या पर गौर करने की जरूरत नहीं महसूस होती। जब भी खुले नाले, गड्ढे या मैनहोल में गिर जाने से किसी की जान चली जाती है, तब सरकार की ओर से औपचारिकता के लिए कुछ कदम उठाने की घोषणा की जाती है, लेकिन कुछ दिनों बाद फिर वैसी ही कोई घटना हो जाती है। किसी भी जगह नाले के निर्माण या मैनहोल की साफ-सफाई के दौरान उसे खतरनाक तरीके से खुला छोड़ देने की वजह से किसी की मौत की जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए।

## हरियाणा विस चुनावः एकजुट संगठन व हिंदुत्व की विचारधारा ने खिलाया कमल

**(मृत्युंजय दीक्षित)**

*हरियाणा में भाजपा ने विधानसभा चुनावों में पूरा ध्यान बूथ प्रबंधन पर रखा, कई क्षेत्रों में तो में सरपंची स्तर की तरह चुनाव लड़ा जिसका बड़ा लाभ चुनाव परिणामों में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। वहीं कांग्रेस ने राहुल गांधी के नेतृत्व में विजय संकल्प यात्रा निकाली किंतु राहुल गांधी के ओछे बयानों व हरकतों से हुड्डा की रणनीति परवान नहीं चढ़ पाई।*

हरियाणा विधानसभा चुनाव के परिणाम से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व हिंदू धर्म के खिलाफ नफरत का जहर घोलने वालों, अग्निवीर से लेकर फ्री राशन जैसी सरकारी नीतियों के खिलाफ दुष्प्रचार करने वालों को पर्याप्त संकेत मिल गया है। सभी मीडिया सर्वेक्षणों, एग्जिट पोल तथा पोल पंडितों को धता बताते हुए भारतीय जनता पार्टी ने जिस प्रकार हरियाणा के चुनावों में लगातार तीसरी बार भारी बहुमत के साथ सरकार बनाने में सफलता प्राप्त की है उसकी गूंज दूर-दूर तक सुनाई दे रही है। लोकसभा चुनावों में 240 पर सिमट जाने के बाद कांग्रेस और इंडी गठबंधन का लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि और नेतृत्व पर प्रश्नचिह्न लगा रहा था और कांग्रेस नेता राहुल गांधी कह रहे थे कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी का आत्मविश्वास हिला दिया है अब प्रधानमंत्री मोदी पहले जैसे नहीं रहे किंतु आठ अक्टूबर को आए हरियाणा विधानसभा चुनाव परिणामों ने बाजी पलट कर रख दी है। हरियाणा विधानसभा चुनाव के परिणाम से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व हिंदू धर्म के खिलाफ नफरत का जहर घोलने वालों, अग्निवीर से लेकर फ्री राशन जैसी सरकारी नीतियों के खिलाफ दुष्प्रचार करने वालों को पर्याप्त संकेत मिल गया है। हरियाणा की जनता ने निराशावादियों की ओर से फैलायी जा रही निराशा को उन्हीं की ओर वापस फेंक दिया है। हरियाणा के परिणामों से पूरे भारत की जनता आनंदित है। हरियाणा में भाजपा की यह जीत कई मायने में ऐतिहासिक और परिणाममूलक है क्योंकि इस विजय से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओं तथा समर्थकों में एक नये उत्साह का संचार हुआ है जो आगामी सभी विधानसभा चुनावों झारखंड, महाराष्ट्र और फिर दिल्ली के विधानसभा चुनावों की तैयारी लगे हैं। वहीं उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी बीजेपी अब यूपी की 10 विधानसभा सीटों को जीतने के लिए नये उत्साह व मनोयोग के साथ मैदान में उतरने जा रही है। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनावों में योगी को घेरने की दृष्टि से बसपा जोर आजमाइश करने की तैयारी करने जा रही थी किंतु हरियाणा में गठबंधन के साथ उसको जोरदार झटका लगा है और अधिकांश सीटों पर जमानतें जब्त हो गई हैं। हरियाणा की जनता ने बसपा की विचारधारा को नकार दिया है। चुनाव परिणाम आने के पश्चात विजयी और पराजित दोनों ही पक्षों ने अपनी अपनी समीक्षा प्रारम्भ कर दी है। हरियाणा में भाजपा ने विधानसभा चुनावों में पूरा ध्यान बूथ प्रबंधन पर रखा, कई क्षेत्रों में तो में सरपंची स्तर की तरह चुनाव लड़ा जिसका बड़ा लाभ चुनाव परिणामों में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। वहीं कांग्रेस ने राहुल गांधी के नेतृत्व में विजय संकल्प यात्रा निकाली किंतु राहुल गांधी के ओछे बयानों व हरकतों से हुड्डा की रणनीति परवान नहीं चढ़ पाई। भाजपा की ओर से प्रधानमत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के नेतृत्व में प्रचार किया गया। भाजपा ने 150 रैलियां की जबकि कांगेस ने 70। कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिह हुड्डा को आगे किया किन्तु कुमारी शैलजा के साथ उनकी अनबन से कांग्रेस की आंतरिक कलह बाहर आ गई। संघ व योगी की जनसभाओं ने मचाया धमाल- विश्लेषकों का अनुमान है कि हरियाणा विधानसभा चुनावों में संघ का सक्रिय सहयोग भाजपा की बड़ी जीत में अहम रहा है। भाजपा और संघ के नेताओं की समन्वय बैठक हो जाने के बाद डा. मोहन भागवत ने भी तीन दिन तक हरियाणा का प्रवास किया गया और इसका स्वयंसेवकों के बीच सकारात्मक संकेत गया। हरियाणा में संघ ने हिंदू समाज को एकजुटता का संदेश देते हुए 16 हजार जनसभाएं करके वातावरण बना दिया। हरियाणा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अदृष्य शक्ति के रूप में भाजपा की सहायता कर रहा था। हरियाणा में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभाओं की बहुत मांग थी और उनकी जनसभाओं में भारी भीड़ आ रही थी। योगी जी ने 14 सीटों पर प्रचार किया और उनमे से नौ सीटों पर विजय मिली है। योगी जी ने हिंदुओ को एकजुट होकर राष्ट के लिए वोट देने की अपील की थी। योगी जी ने अपनी रैलियों में 'बटेंगे तो कटेंगे' का मर्म समझाकर वातावरण बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। योगी जी ने अपनी एक रैली में कहा कि हमें राष्ट के लिए एक होना पड़ेगा, उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हुए अत्याचारों का मुद्दा भी उठाया, योगी जी ने स्पष्ट रूप से अपील करते हुए कहा कि अगर हम बाटेंगे तो कटेंगे, अगर हिंदू एक नहीं होंगे तो हमारे देश का हाल भी बांग्लादेश जैसा हो जाएगा। योगी जी ने राम मंदिर पर बयान दिये। योगी आदित्यनाथ जी के भाषणों व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रयासों से हरियाण में हिंदू जनमानस एकजुट हो गया और उससे मुस्लिम तुष्टिकरण करने वाले दलों के होश उड़ गये। हरियाणा में हिंदू जनमानस को राहुल गांधी के अटपटे बयानों के कारण भी एकजुट होना पड़ गया क्योंकि हरियाणा की जनसभाओं में राहुल गांधी ने अयोध्या में राम मंदिर का एक बार फिर विकृत तरीके से अपमान करते हुए कहा कि वहां पर मंदिर का उद्घाटन हो रहा थ तब वहां खुल रहा था और नाच गाना चल रहा था। इस बयान का हरियाणा की रामभक्त जनता पर विपरीत असर पड़ा और परिणाम सबके सामने है। राम मंदिर पर राहुल गांधी के बयान हरियाणा कांग्रेस के लिए सबसे बड़े पनौती सिद्ध हुए। इसके अतिरिक्त कांग्रेस के मुस्लिम विधायक कह रहे थे कि सरकार आई तो हिंदुओं को देख लेंगे। जूनियर हुड्डा बीजेपी नेताओं को जेल भेजने की धमकी दे रहे थे। कांग्रेस ने चुनाव जीतते ही तथाकथित किसानों के लिए शंभू बार्डर खोलने का ऐलान किया था। कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी ने अमेरिका में जाकर जमकर भारत विरोधी बयानबाजी की और यहां तक कह डाला कि जब उन्हें आभास होगा कि अब भारत के हालात अच्छे हो गये हैं तब वह आरक्षण समाप्त कर देंगे, बदल देंगे और इस प्रकार वह अपने ही बुने जाल में फंस गये क्योंकि लोकसभा चुनाव में वह बीजेपी पर आरोप लगा रहे थे कि अगर बीजेपी 400 पार चली जायेगी तो आरक्षण समाप्त कर देगी। हरियाणा की जनता को कांग्रेस परिवार की बकवास पसंद नहीं आई और उन्होंने अपने युवा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को ही एक बार फिर अपना समर्थन दे दिया। हरियाणा चुनावों के समय ही कांग्रेस शासित राज्यों की सरकारों व कांग्रेस के लोकलुभावन वादों की पोल खुल गई।

## देश की स्वतंत्रता, समाजवाद और जयप्रकाश नारायण

**(के सी त्यागी, पूर्व सांसद)**

लोकनायक जयप्रकाश नारायण 21 अप्रैल, 1946 को जेल से छूटकर पटना आए, तब उनका ऐतिहासिक अभिनंदन हुआ था। बिहार के अंतरिम मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिंह सभा की अध्यक्षता कर रहे थे और राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर द्वारा लिखित गीत लोगों की तालियां बटोर रहा था- है जयप्रकाश वह जो कि पंगु का, चरण, मूक की भाषा है/ है जयप्रकाश वह टिकी हुई, जिस पर स्वदेश की आशा है/ हां, जयप्रकाश है नाम समय की करवट का, अंगड़ाई का/ भूचाल, बवंडर के ख्वाबों से, भरी हुई तरुणाई का...। तब युवा समाजवादी लोकनायक 44 वर्ष के थे और उनका संबोधन सत्ता के लिए अधीर कांग्रेस के नेताओं के लिए सलाह और चेतावनी भरा था। तब ब्रिटेन से एक टीम भारतीय नेताओं से वार्ता हेतु दिल्ली आ चुकी थी। यह वह दौर था, जब गांधी कांग्रेस की कमान और भारत के भविष्य की बागडोर नेहरू व पटेल के हाथों में सौंप रहे थे। तब लोकनायक और उनकी मित्र-मंडली संविधान सभा में जाने के विरुद्ध थी। वजह यह थी कि एक तो वह चुनी हुई सभा नहीं थी और फिर इसमें ब्रिटिश सम्राट के नाम पर शपथ लेने का प्रावधान था। लोकनायक का मत था कि इस समय देश के सामने यह प्रश्न नहीं है कि तथाकथित संविधान सभा में ब्रिटिश साम्राज्य द्वारा सुझाए गए प्रस्ताव मान्य हों, बल्कि यह अधिक महत्वपूर्ण है कि भारत छोड़ो आंदोलन के तहत जिस नई युवा शक्ति का उदय हुआ है, उसका ब्रिटिश साम्राज्य के विरुद्ध कैसे क्रांतिकारी उपयोग हो। वह गांधी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निरंतर दोहराते हुए कांग्रेस के वर्ग चरित्र और यथास्थितिवादी नेतृत्व से खफा थे। इसके पीछे तरुण समाजवादियों की टोली थी, जिसे सीएसपी (कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी) के नाम से जाना जाता है। जेपी आजाद भारत में किसानों, मजदूरों की व्यापक साझेदारी पूंजीवादी एवं सामंतवादी तत्वों पर नियंत्रण के प्रबल समर्थक थे। प्रारंभिक दिनों में पंडित नेहरू इन विचारों और ऐसे संगठन के गठन के प्रबल समर्थक थे। इसका स्पष्ट उल्लेख मीनू मसानी को 1933 में लिखे पत्र में मिलता है, 'मैं कांग्रेस के अंदर समाजवादी ग्रुप के निर्माण का प्रबल समर्थक हूं। आपको याद होगा कि इधर मेरी जनसभाओं में दिए गए भाषणों में सामाजिक-आर्थिक सवालों का जिक्र निरंतर हो रहा है। समूचे विश्व में लोग नए सामाजिक-आर्थिक नियोजन पर सोचने को मजबूर हो रहे हैं। भारत भी इन प्रश्नों को छोड़कर सिर्फ राजनीति के सहारे आगे नहीं बढ़ सकता। लिहाजा अब समय आ गया है, जब इस वैज्ञानिक विचारधारा को संगठन के रूप में गठित करने का प्रयास तेज हो।' कम उम्र में ही जय प्रकाश नारायण समाजवादी विचारों से प्रभावित हो गए थे। साल 1934 में पटना के अंजुमन इस्लामिया हॉल में एक बैठक आयोजित हुई थी। हजारों प्रतिनिधियों ने उसमें भाग लिया था। कार्यक्रम व संगठन का स्वरूप तय करने के लिए बनी कमेटी के अध्यक्ष आचार्य नरेंद्र देव बनाए गए और जेपी को सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। तब उनकी उम्र मात्र 32 वर्ष थी। वह समाजवादी चिंतक के रूप में पहचान बना चुके थे। समाजवादी संगठन उनके द्वारा लिखित पुस्तक समाजवाद क्यों के वितरण में लगे थे। सन् 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में उनकी भूमिका ने उन्हें गांधी, नेहरू और पटेल के बाद सबसे बड़े विचारक व नेता के रूप में स्थापित कर दिया था। मजदूर आंदोलन को समर्थन देने कारण उन्हें गिरफ्तार कर एक वर्ष की जेल की सजा दी गई थी, जिस पर गांधीजी ने कहा था, 'जेपी कोई साधारण कार्यकर्ता नहीं हैं। वह बेहतरीन योद्धा हैं।' पंडित नेहरू ने जेपी की गिरफ्तारी को सरकार की कायरता करार देते हुए उनकी रिहाई की मांग की थी। इतिहास गवाह है, गांधीजी की स्वीकृति के बाद भी जेपी बंटवारे के पक्ष में नहीं थे। धीरे-धीरे पंडित नेहरू से भी मतभेद सामने आने लगे। फिर भी जेपी का प्रभाव ऐसा था कि पंडित नेहरू ने जेपी को भावपूर्ण पत्र लिखा था कि 'ऐसे हालात में चुनौतियों का मिलकर मुकाबला आप लोगों के बगैर मुमकिन नहीं होगा,' पर सच यही है कि कांग्रेस के भीतर के दक्षिणपंथियों ने जेपी के प्रभाव को पार्टी में बढ़ने न दिया। (ये लेखक के अपने विचार हैं)

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5523

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | 2 | | | | | 7 | 4 |
| | | | | 2 | 3 | | | 5 |
| 4 | | | | | | | | |
| | 6 | | | 3 | 4 | | | 7 |
| 2 | | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 | | 9 |
| 1 | | | 6 | 9 | | | 3 | |
| | | | | | | | | 8 |
| 8 | | | 5 | 6 | | | | |
| 7 | 4 | | | | | 3 | 2 | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5522

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 4 | 3 |
| 4 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 | 1 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 3 | 2 | 8 | 5 |
| 2 | 8 | 7 | 3 | 1 | 5 | 4 | 9 | 6 |
| 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 2 | 1 |
| 1 | 4 | 5 | 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 7 |
| 9 | 7 | 2 | 8 | 5 | 6 | 3 | 1 | 4 |
| 5 | 1 | 8 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 | 2 |
| 6 | 3 | 4 | 2 | 7 | 1 | 9 | 5 | 8 |

## वर्ग पहेली 5523

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | ■ | 4 | 5 | 6 |
| 7 | | | ■ | ■ | 8 | | |
| ■ | 9 | | ■ | 10 | ■ | 11 | |
| 12 | | ■ | 13 | | | ■ | |
| | ■ | 14 | | | ■ | 15 | ■ |
| 16 | 17 | ■ | 18 | | 19 | | |
| 20 | | 21 | ■ | 22 | | | ■ |
| ■ | 23 | | | ■ | 24 | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. रेग्युलेटिंग एक्ट के तरत भारत के इस शहर में सुप्रीम कोर्ट की स्थापना की गई थी (4)
4. यह इजराइल की गुप्तचर संस्था का नाम है (3)
7. टांका, सिलाई का जोड़ (3)
8. यह भारत की पहली रहस्य प्रधान फिल्म थी, रनिवास, अंतपुर (3)
9. समया हुहआ, तन्मय, ध्यानमग्न (3)
11. सहित, समेत (2)
12. शरीर की सबसे छोटी हड्डी स्टेपिस इस अंग में स्थित है (2)
13. वर्तमान का विश्व प्रसिद्ध भारतीय क्रिकेटर, अत्यंत विशाल (3)
14. भास्कर, दिनपति, दिनकर (3)
16. पुत्र, पूत, सुत (2)
18. विविध भारती से नाटकों पर आधारित एक दैनिक कार्यक्रम (5)
20. प्रबल अभिलाषा, गहरी चाल (3)
22. प्रवाहित होना, धारा में आगे बढ़ना (3)
23. ध्वनि करना, बजाना (3)
24. बरसात की ऋतु में गाया जाने वाला गीत, काली आंखों वाली गाय (3)

**ऊपर से नीचे**

1. भारत की इस नदी को संहारलीला से दुखित होकर लोग इसे बिहार की शोक नदी कहकर पुकारेन लगे थे (2)
2. प्रेमासक्त, अनुरागी,दीवाना, प्रेमलीला (4)
3. वन, जंगल, अरण्य (3)
4. जमाया हुआ मिट्टी का तेल, भ्रमरज (2)
5. हिम्त, जीवटता, बल प्रयोग (3)
6. तैयारदाल के बीज (4)
10. साफ इंकार (5)
12. बुलाने की घंटी (4)
13. वियोग, अभाव, अविद्यामानता (3)
15. दुल्हन, नवविवाहिता (उर्दू) (4)
17. टरकाना, स्थगित कर देना (3)
19. खुशबू, सुगंध, गमक (3)
21. ऊंचाई (केवल प्राणियों के लिए) (2)

### वर्ग पहेली 5522 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | हौ | र | ■ | ■ | ज | मै | का |
| ला | ज | वा | ब | ■ | वा | दा | ■ |
| अ | ■ | दा | दा | मु | नी | ■ | स्पे |
| म | क | र | ■ | खा | ■ | बा | न |
| र | वि | ■ | वि | कृ | ति | ■ | ■ |
| ना | ता | ■ | शा | ति | र | ■ | दा |
| थ | ■ | मू | ल | ■ | सि | या | सी |
| ■ | श | ल्य | ■ | मु | रा | द | ■ |

## आज का राशिफल

### मेष

आज करियर के मामले में भाग्य का साथ मिलेगा। दिन का ज्यादातर समय काम और भागदौड़ में बीतेगा लेकिन एक बार जब आप अपने कामों को एक-एक करके निपटाना शुरू कर देंगे तो अंत में बहुत संतुष्टि मिलेगी। आज का दिन आपके लिए उपलब्धियों भरा रहेगा। कानूनी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने से पहले सावधानी बरतें, नहीं तो आपको धोखा हो सकता है।

### वृष

आज दिन बहुत शुभ है, जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। रुके हुए कार्य पूरे होंगे जिससे मन प्रसन्न रहेगा। धन में वृद्धि होगी और ऑफिस में सहयोगियों की मदद से तरक्की के रास्ते खुलेंगे, प्रमोशन की संभावना भी बन रही है। घर के छोटे सदस्यों के साथ समय बिताना न भूलें। आपको शाम के वक्त कहीं आउटिंग पर जाने का मौका मिल सकता है।

### मिथुन

आज महत्वपूर्ण काम से जुड़ी जानकारी मिल सकती है। मन प्रसन्न रहेगा और सभी काम बिना किसी रुकावट के पूरे होंगे। रुका हुआ धन मिलने से मन प्रसन्न होगा और दिन खुशी से बीतेगा। आपको फालतू खर्च से बचने की सलाह है। अपने काम पर फोकस करें।

### तुला

आज करियर के मामले में दिन सफलता से भरा रहेगा। आज ही फाइनेंस से जुड़े फैसले ले लें क्योंकि आगे आने वाले दो-तीन दिन आपके लिए व्यस्त रहेंगे, इसलिए फालतू के कामों में समय बर्बाद न करें। घर में किसी शुभ कार्य की चर्चा हो सकती है। शाम को परिवार के साथ शॉपिंग पर जा सकते हैं। दिन में आपको ऑफिस में भरपूर मान-सम्मान मिलेगा।

### वृश्चिक

आज का दिन लाभ से भरा होगा, आपको दूसरों से प्रेरणा मिलेगी। ऑफिस में सहकर्मी आपके टीम वर्क की सराहना करेंगे और हर काम में आपका साथ देंगे, भाग्य का भी पूरा साथ मिलेगा। लंबे समय से चले आ रहे कानूनी विवाद और झगड़े खत्म होंगे। शाम को परिवार के साथ बाहर घूमने जा सकते हैं। आपको कहीं से रुका धन मिलने से लाभ होगा।

### धनु

आज किसी पुराने अधूरे काम को पूरा करने में बीतेगा और उसमें आपको सफलता मिलेगी। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का मन बना सकते हैं। बौद्धिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कोई नई डील आपकी शर्तों पर फाइनल हो सकती है जिससे भविष्य में आपको लाभ होगा। कारोबार में तेजी बनी रहने से आपको खुशी होगी।

### कर्क

आज का दिन मिलाजुला रहेगा। कुछ मामलों में भागदौड़ करनी पड़ सकती है। ऑफिस में काम का बोझ ज्यादा रहेगा और भागदौड़ की वजह से सेहत भी बिगड़ सकती है। अपनी प्रतिभा पर भरोसा रखें और याद रखें कि कुछ कर दिखाने के लिए ज्यादा दिखावे की जरूरत नहीं होती है। शाम के समय आपको उपहार और सम्मान मिल सकता है।

### सिंह

आज का दिन परेशानियों भरा रहेगा। सुबह जिन बातों को लेकर आप परेशान रहेंगे, दोपहर बाद वही बातें आपको खुशी देंगी। ऑफिस में अपनी जगह बनाने के लिए सूझबूझ से काम लेना होगा। बौद्धिक कार्यों का फल शाम तक मिलने लगेगा। किसी नई डील को फाइनल करने का काम कुछ समय के लिए टाला जा सकता है।

### कन्या

आज का दिन अनुकूल रहेगा। सुबह से ही किसी शुभ समाचार का इंतजार रहेगा। आस-पास की यात्रा करनी पड़ सकती है। नए लोगों से मुलाकात आपके लिए फायदेमंद साबित होगी। आज आपको बिजनस में कोई नई डील मिल सकती है। आपके धन में वृद्धि के योग हैं।

### मकर

आज दिन लाभदायक रहेगा और आपका मन काफी रचनात्मक रहेगा। दूसरों की बातों पर ध्यान देने की बजाय अपनी रुचि के कामों को आगे बढ़ाने के बारे में सोचें तो ज्यादा फायदा होगा। थोड़ा बहुत पैसा कमाने के भी मौके मिलेंगे। पैसों की तंगी आ सकती है लेकिन सूझबूझ से शाम तक यह समस्या भी दूर हो जाएगी।

### कुंभ

आज भाग्य साथ दे रहा है, आज मन में शांति और स्थिरता रहेगी। सफलता मिलेगी और सभी काम बिना किसी रुकावट के आसानी से पूरे होंगे। ऑफिस में अपने कर्मचारियों और सहयोगियों पर नजर रखें, अपने अच्छे व्यवहार से उनका दिल जीतने में कामयाब होंगे। भाग्य आपका साथ देगा। आपको हर कार्य में भाग्य का साथ मिलेगा।

### मीन

आज भाग्य का साथ मिलेगा, नई योजनाओं पर काम करने में मजा आएगा, अपने विचारों को अमल में लाने का मौका मिलेगा। राजनीति में आपकी रुचि बढ़ेगी और आपको सफलता भी प्राप्त होगी। किसी कारणवश शाम के समय आपको कुछ खर्चा करना पड़ सकता है। हर बार पैसा कमाने और गंवाने की चिंता छोड़कर रिश्तों की अहमियत को भी समझें और परिवार में एकता बनाए रखें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# महाराष्ट्र में भाजपा का 100 सीटों पर मंथन, 150 पर लड़ने का प्लान



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा जैसे बड़े राजनीतिक दल ने तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी सूत्रों का कहना है कि लगभग 150 सीटों पर भाजपा लड़ेगी। इन सीटों पर उम्मीदवारों के नामों पर भी एक राउंड का मंथन हो चुका है। सोमवार को दिल्ली में भाजपा नेताओं की इस संबंध में मीटिंग भी थी। इस बैठक में केंद्रीय नेताओं के साथ ही डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस, आशीष शेलार और पंकजा मुंडे जैसे लीडर भी शामिल थे। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और अन्य नेता भी थे।

इस मीटिंग में सबसे पहले उन 100 सीटों पर बात हुई, जहां फिलहाल भाजपा के ही विधायक हैं। यह बैठक भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और अमित शाह की मौजूदगी में हुई। अब तक मिली जानकारी के अनुसार भाजपा ने मुख्य तौर पर कोंकण क्षेत्र, विदर्भ और उत्तर महाराष्ट्र की सीटों पर लड़ने का फैसला लिया है। वहीं मराठवाड़ा समेत अन्य कुछ इलाकों में एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी को सीटें दी जाएंगी। राज्य में कुल 288 सीटें हैं और अब तक तय समझौते के अनुसार करीब 80 सीटें एकनाथ शिंदे गुट को मिलेंगी। इसके अलावा बाकी लगभग 50 सीटें अजित पवार गुट को दी जा सकती हैं।

मुंबई की ज्यादातर सीटों पर भाजपा का ही दावा रहेगा। इसके अलावा ठाणे इलाके की सीटें शिंदे गुट को देने पर सहमति बनी है। भाजपा नेताओं का कहना है कि 288 में से लगभग 90 फीसदी सीटों पर सहमति बन चुकी है। सोमवार को हुई मीटिंग में उन इलाकों को लेकर भी चर्चा हुई, जहां अच्छी संभावना के बाद भी पार्टी को हार मिली। इन सीटों में बीड़, मुंबई उत्तर मध्य जैसी सीटें शामिल हैं। बीड़ से पंकजा मुंडे और मुंबई नॉर्थ सेंट्रल से नामी वकील उज्ज्वल निकम को हार का सामना करना पड़ा था।

भाजपा नेताओं का कहना है कि हमने करीब 8 से 9 लोकसभा सीटें इसलिए खो दीं क्योंकि मुस्लिमों का पोलराइजेशन एकतरफा थे। वे उन पार्टियों के साथ गए, जो भाजपा के साथ सीधे मुकाबले में थे। वहीं भाजपा समर्थक मतदाता बाहर ही नहीं निकले। इससे नतीजा बदल गया। अब विधानसभा चुनाव में भाजपा ऐसी रणनीति बना रही है ताकि इस समस्या की काट की जा सके।

## शरद पवार बोले -महाराष्ट्र को सही रास्ते पर लाकर रहेंगे और इसके लिए हर वक्त काम करेंगे



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव को देखते हुए बीच सीनियर नेता शरद पवार का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि भले ही मेरी उम्र 84 साल है, लेकिन मैं रुकने वाला नहीं हूं। यही नहीं भले ही उम्र 90 साल हो जाए, लेकिन मैं इसी तरह काम करता रहूंगा। शरद पवार का कहना है कि वह महाराष्ट्र को सही रास्ते पर लाकर रहेंगे और इसके लिए हर वक्त काम करेंगे। उनका इशारा अजित पवार की ओर था। शरद पवार फिलहाल एनसीपी-एसपी के नेता हैं। उन्हें यह नई पार्टी तब बनानी पड़ी थी, जब बीते साल अजित पवार बगावत करके अलग हो गए थे।

शरद पवार ने एक कार्यक्रम के दौरान महाराष्ट्र सरकार की ओर से घोषित लड़की बहिन योजना पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि बहन तो बारामती में भी थी, लेकिन वहां उसके सामने चुनाव लड़ा गया। यही नहीं उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि पहले तो बहन के खिलाफ चुनाव प्रचार हुआ और लड़ाई की गई। इसके बाद जब लोकसभा चुनाव के नतीजे आ गए तो वे बहन को याद करने लगे। शरद पवार ने कहा कि हमारे सामने सवाल यह है कि आखिर महाराष्ट्र किसके हाथों में रहना चाहिए। यह आम लोगों के हाथ में रहे या फिर किसी और को कमान मिले।

सीनियर नेता ने कहा कि आप जब भी अखबार खोलते हैं तो एक नई स्कीम पढ़ते हैं। कभी यह बहनों के बारे में होती है। हर कोई बहन का सम्मान करता है। परिवार में वह सबसे अहम होती है और उसका सम्मान करने से सभी को खुशी मिलती है। उन्होंने कहा कि लेकिन मजे की बात यह है कि बीते 10 सालों में बहनों को याद नहीं किया गया। देवेंद्र फडणवीस के समय में पूरे 5 साल बीत गए और बहनों की याद नहीं आई। इसके बाद भी बहनों को याद नहीं किया गया। उनकी याद उस वक्त आई, जब लोकसभा चुनाव में 48 में से 31 सीटें महाविकास अघाड़ी ने जीत लीं।

उन्होंने कहा कि आम जनता इन नेताओं से ज्यादा तेज है। बारामती में भी एक बहन सामने थी, लेकिन जनता ने बहन का साथ दिया। इस दौरान शरद पवार ने खुद के डटने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि भले ही मैं 90 साल का हो जाऊं, लेकिन ऐसे ही काम करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि मैंने 60 सालों से एक भी छुट्टी नहीं ली है। उन्होंने कहा कि मैंने 14 बार चुनाव लड़ा। 7 बार लोकसभा इलेक्शन में उतरा और इतनी ही बार विधानसभा में लड़े। पवार ने कहा कि आप लोगों की सेवा में मैंने एक भी छुट्टी आज तक नहीं ली है।

## संक्षिप्त समाचार



### कर्नाटक की एक अदालत ने दर्शन, पवित्रा गौड़ा की जमानत याचिका की खारिज

**बेंगलुरु, एजेंसी।** बेंगलुरु की एक अदालत ने सोमवार को जेल में बंद कन्नड़ सुपरस्टार दर्शन और उनकी पार्टनर पवित्रा गौड़ा की जमानत याचिकाएं को खारिज कर दी। यह याचिका दर्शन के प्रशंसक रेणुकास्वामी की सनसनीखेज हत्या के मामले में दायर की गई थी। दर्शन और पवित्रा गौड़ा को अब जमानत के लिए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाना होगा। दर्शन के करीबी सूत्रों ने बताया कि मंगलवार को उच्च न्यायालय में याचिका दायर की जाएगी।

अदालत ने ग्यारहवें आरोपी नागराज और बारहवें आरोपी लक्ष्मण की जमानत याचिकाएं भी खारिज कर दीं। अदालत ने अन्य आरोपी व्यक्तियों प्रदोष एस. राव, विनय और जगदीश की जमानत याचिकाओं पर फैसला 16 अक्टूबर तक सुरक्षित रख लिया है। न्यायाधीश जयशंकर ने आठवें आरोपी रविशंकर और तेरहवें आरोपी दीपक की जमानत याचिकाएं भी मंजूर कर लीं। दर्शन, पवित्रा गौड़ा और 15 अन्य को चित्रदुर्ग से रेणुकास्वामी का अपहरण और बेरहमी से हत्या करने के आरोप में 11 जून को गिरफ्तार किया गया था।

रेणुकास्वामी ने कथित तौर पर पवित्रा गौड़ा को अपमानजनक और अश्लील संदेश भेजे थे। इस बीच दर्शन के समर्थक, प्रशंसक और परिवार के सदस्य जो उनका स्वागत करने के लिए बेल्लारी जेल के बाहर एकत्र हुए थे, उन्हें अपने पसंदीदा स्टार को जेल से बाहर आते हुए देखने का अवसर प्राप्त किए बिना ही वापस लौटना पड़ा। पुलिस ने प्रशंसकों को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेड्स लगा दिए थे। महिला प्रशंसक भी बड़ी संख्या में जेल के पास आ गई थी। बेंगलुरु सेंट्रल जेल में दर्शन के साथ शाही व्यवहार की तस्वीरें सामने आने के बाद उन्हें बेल्लारी जेल में स्थानांतरित कर दिया गया। इस संबंध में उनके खिलाफ तीन एफआईआर दर्ज हैं।

सूत्रों के अनुसार दर्शन के परिवार के सदस्य उसे बेल्लारी से विशेष हेलीकॉप्टर से बेंगलुरू ले जाने के लिए तैयार थे। उन्हें उम्मीद थी कि उसे जमानत मिल जाएगी। आपराधिक वकील सी.वी. नागेश ने दर्शन की ओर से पैरवी की और पुलिस के आरोपों को मनगढ़ंत बताया। उन्होंने जांच को एक क्लासिक विफलता करार दिया और आरोपपत्र में लगाए गए आरोपों की तुलना अरेबियन नाइट्स की कहानी से की।

### कर्नाटक भाजपा ने हुबली दंगा मामले की वापसी के खिलाफ किया विरोध-प्रदर्शन

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक भाजपा ने हुबली दंगा मामले में 150 से अधिक लोगों के खिलाफ केस वापस लेने के राज्य सरकार के कदम की निंदा करते हुए सोमवार को बेंगलुरु के फ्रीडम पार्क में विरोध-प्रदर्शन किया। भाजपा ने यह भी घोषणा की है कि यह एक प्रतीकात्मक विरोध-प्रदर्शन है और अगले सप्ताह हुबली में बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र, विपक्ष के नेता आर. अशोक, पूर्व उपमुख्यमंत्री और भाजपा सांसद गोविंद करजोल, विधान परिषद में विपक्ष के नेता चालावाड़ी नारायण स्वामी, एमएलसी एन. रविकुमार और अन्य ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बेंगलुरु में विरोध-प्रदर्शन किया। उन्होंने कांग्रेस सरकार की आलोचना करने वाले पोस्टर पकड़े और मुख्यमंत्री सिद्दारमैया और उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार के खिलाफ नारे लगाए। विजयेंद्र ने मीडियाकर्मियों से कहा, सिद्दारमैया कर्नाटक के मुख्यमंत्री हैं। उनकी स्थिति पहले से ही डावांडोल है। उन्हें किसी भी समय इस्तीफा देना होगा और उन्हें ऐसा करना ही होगा। अपनी कुर्सी बचाने के लिए सिद्दारमैया यह सब भ्रम पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सिद्दारमैया जाति जनगणना को लागू करने की कोशिश कर रहे हैं।

# हरियाणा में अब राज्यसभा चुनाव की रेस, भाजपा विधायक के इस्तीफे के बाद बढ़ी हलचल



**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा इसराना विधानसभी सीट पर चुनाव जीतने के बाद बीजेपी के वरिष्ठ नेता कृष्ण लाल पंवार ने राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया है। पंवार ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को इस्तीफा सौंपा था जो कि स्वीकार कर लिया गया है। 6 बार के विधायक रहे पंवार को बीजेपी ने इस बार इसराना की आरक्षित सीट से चुनाव लड़ाया था।

हरियाणा में 17 अक्टूबर को शपथ ग्रहण समारोह होने जा रहा है। माना जा रहा है कि कृष्ण लाल पंवार को कोई अहम मंत्रालय दिया जाएगा। वह मनोहरलाल खट्टर की सरकार में भी राज्य में मंत्री थे। वहीं 2022 में उन्हें राज्यसभा भेज दिया गया था। अब राज्यसभा में उनके इस्तीफे के बाद खाली हुई सीट के लिए भी लॉबीइंग शुरू हो गई है।


फिलहाल राज्यसभा में हरियाणा से पांच राज्यसभा सांसद हैं। इसमें बीजेपी के तीन हैं। इनके नाम सुभाष बराला, राम चंद्र जांगरा और किरण चौधरी हैं। इसके अलावा एक निर्दलीय सांसद को भी बीजेपी का समर्थन है। बता दें कि कृष्ण लाल पंवार ने कांग्रेस के बलबीर सिंह बाल्मीकि को हराया है। दोनों के बीच 13895 वोटों का हार का अंतर है। कृष्ण लाल पंवार के पास हरियाणा प्रदेश के बीजेपी उपाध्यक्ष की भी जिम्मेदारी है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि अगर उन्हें कैबिनेट में कोई जिम्मेदारी दी जाती है तो वह उसे निभाने के लिए तैयार हैं।

### कुलदीप बिश्नोई भी चाहते हैं राज्यसभा सीट?

रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि अपनी पैतृक आदमपुर की सीट से इस बार भव्य बिश्नोई की हार के बाद कुलदीप बिश्नोई भी राज्यसभा सीट के लिए लॉबीइंग में जुटे हैं। हाल ही में उन्होंने परिवार सहित उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और बीजेपी के नेताओं से मुलाकात की थी। उनका दिल्ली का यह दौरा बताता है कि राज्यसभा के लिए वह भी इच्छुक हैं। 2022 में ही वह कांग्रेस से बीजेपी में आए थे। वहीं जिस सीट पर उनके परिवार का 1968 से कब्जा था, उस सीट पर पहली बार उन्हें छोटे अंतर से हार का सामना करना पड़ा। ऐसे में मुआवजे के तौर पर वह राज्यसभा की सीट चाहते हैं।

# अमरावती में रतन टाटा इनोवेशन हब बनेगा - चंद्रबाबू नायडू

**अमरावती, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश सरकार जल्द ही अमरावती में रतन टाटा इनोवेशन हब स्थापित करेगी। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने सोमवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने औद्योगिक विकास, एमएसएमई और खाद्य प्रसंस्करण के लिए अपनाई जा रही नीतियों की समीक्षा बैठक की और स्पष्ट किया कि रोजगार सृजन उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि औद्योगिक नीतियां इसके अनुरूप होनी चाहिए और निवेश आकर्षित करके व्यापार करने की गति को बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए।



उन्होंने महसूस किया कि निजी औद्योगिक पार्कों की नीति पर और अधिक अभ्यास की आवश्यकता है और उन्होंने मंत्रिमंडल की अगली बैठक में अन्य तीन नीतियों को सामने लाने का फैसला किया। अधिकारियों ने जब इन विषयों पर तैयार की गई नीतियों को मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया, तो चंद्रबाबू ने उन पर गहन अध्ययन किया और अधिकारियों के साथ अपने विचार और अनुभव भी साझा किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अमरावती में स्थापित किए जाने वाले इनोवेशन हब का नाम प्रतिष्ठित उद्योगपति रतन टाटा के नाम पर रखा जाएगा, जिनका पिछले सप्ताह निधन हो गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हब कौशल विकास, स्टार्ट-अप, सुविधा केंद्र और नवाचार का केंद्र होगा।

राज्य में पांच स्थानों पर ऐसे हब स्थापित किए जाएंगे और प्रत्येक हब के लिए एक प्रमुख कंपनी मेंटर होगी। चंद्रबाबू नायडू ने उम्मीद जताई कि नवाचार केंद्र राज्य में औद्योगिक क्षेत्र को बहुत आगे ले जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों से कहा, हमें राज्य में निवेश करने के लिए उद्योगपतियों को आकर्षित करने के संबंध में एक मित्रवत सरकार के रूप में काम करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार राज्य में बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है और इस प्रयास के तहत सभी विभागों के लिए नई नीतियां तैयार की जा रही हैं। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि इन नई नीतियों के लागू होने के तुरंत बाद राज्य में निवेश करने के लिए आगे आने वालों को सब्सिडी दी जाएगी। मसौदा नीतियों में उल्लेख किया गया है कि जो 200 कंपनियां अपनी स्थापना और वाणिज्यिक उत्पादन की तिथि की सहमति देने के लिए सबसे पहले आगे आएंगी।

# किशन रेड्डी ने मंदिरों में तोड़फोड़ पर कड़ी कार्रवाई की मांग की

**हैदराबाद, एजेंसी।** केंद्रीय कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी ने सोमवार को हैदराबाद में हिंदू मंदिरों को अपवित्र करने की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की और तेलंगाना सरकार से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। किशन रेड्डी ने सिकंदराबाद के मुथ्यालम्मा मंदिर में मूर्ति को तोड़े जाने की निंदा की। मंदिर में दर्शन करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार इन घटनाओं को मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्तियों या चोरों का काम बताकर इन्हें दबाने की कोशिश कर रही है।

सिकंदराबाद निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा सदस्य किशन रेड्डी ने कहा कि एक व्यक्ति ने सुबह चार बजे के आसपास कुरमागुडा स्थित मुथ्यालम्मा मंदिर पर हमला किया। उन्होंने आरोप लगाया कि जानबूझकर पिछले कुछ दिनों से कुछ सांप्रदायिक तत्वों द्वारा हिंदू मंदिरों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। रेड्डी ने चार दिन पहले प्रदर्शनी मैदान में दुर्गा प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किए जाने का जिक्र किया। उन्होंने कहा, जब भी ऐसी घटनाएं होती हैं, तो पुलिस कहती है कि इसमें शामिल लोग चोरी करने आए थे या वे मानसिक रूप से विक्षिप्त थे। आज की घटना में, व्यक्ति चोरी करने नहीं आया था। वह मंदिर पर हमला करने के लिए किसी दूसरी जगह से आया था।




उन्होंने मांग की कि राज्य सरकार इसमें शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे और मंदिरों को सुरक्षा प्रदान करे। किशन रेड्डी ने कहा कि उन्होंने पुलिस आयुक्त सी.वी. आनंद से बात की है। उन्होंने कहा कि वह इस मुद्दे को मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के संज्ञान में लाएंगे और यदि आवश्यक हुआ तो राज्यपाल से भी मुलाकात करेंगे। प्रदेश भाजपा ने सिकंदराबाद में सोमवार की घटना की निंदा की है। राज्य भाजपा के आधिकारिक एक्स हैंडल से किए गए पोस्ट में कहा गया है, हिंदू मंदिर पर एक और हमला। यह बांग्लादेश या पाकिस्तान में नहीं, बल्कि तेलंगाना के हैदराबाद में हुआ। दो गैर-हिंदू लोगों ने सिकंदराबाद स्थित मठ मुथ्यल्लम्मा मंदिर में प्रवेश किया और मंदिर के अंदर विग्रह को अपवित्र किया। चंद्रायनगुट्टा, नामपल्ली और अब सिकंदराबाद में हुई घटनाएं तेलंगाना में कांग्रेस पार्टी की सत्ता में वापसी के बाद से हिंदू मंदिरों पर हमलों में खतरनाक वृद्धि को दर्शाती हैं।

इसमें कहा गया है, प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है, जबकि कांग्रेस सरकार अपने वोट बैंक की सुरक्षा के प्रयास में अपराधियों को बचा रही है। मुथ्यालम्मा मंदिर में विरोध-प्रदर्शन करने के लिए भाजपा नेता माधवी लता और कुछ अन्य लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पुलिस ने उन्हें तुरंत वहां से हटा दिया। पुलिस ने किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए इलाके में सुरक्षा कड़ी कर दी है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने लोगों को आश्वासन दिया है कि वे इसमें शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे।

## जम्मू-कश्मीर में जल्दी ही नेता विपक्ष चुनेगी भाजपा, दो केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त

**जम्मू-कश्मीर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते बीजेपी जल्दी ही नेता विपक्ष के नाम का ऐलान करेगी। नेता विपक्ष का नाम तय करने के लिए पार्टी ने सोमवार को अपने पार्टी मुख्यालय पर सभी नव निर्वाचित विधायकों का स्वागत किया। भाजपा ने जम्मू क्षेत्र की 43 में से 29 सीटों पर जीत दर्ज की थी,जबकि कश्मीर में अपना पूरा जोर लगा देने के बाद भी बीजेपी एक भी सीट नहीं जीत पाई हैं।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष रविन्दर रैना ने कहा कि आज हमने सभी नवनिर्वाचित विधायकों को पार्टी ऑफिस बुलाया था। यह एक तरह की सद्भावना बैठक थी जिसमें पार्टी के सभी नवनिर्वाचित विधायकों को पार्टी मुख्यालय में आमंत्रित किया गया और सम्मानित किया गया। नेता प्रतिपक्ष को तय करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दो केंद्रीय पर्यवेक्षकों- केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी जी और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ जी को नियुक्त किया है, जो अगले दो से तीन दिनों में जम्मू का दौरा करेंगे। वे निर्वाचित विधायकों तक पहुंचेंगे और उसके बाद विपक्ष के नेता का फैसला किया जाएगा। हालाँकि, रैना ने इस पद के लिए किसी नाम की अफवाह की पुष्टि नहीं की।लेकिन भाजपा की तरफ से पैडर नागसेनी के विधायक सुनील कुमार शर्मा और नगरोटा के विधायक देवेंदर सिंह राणा इस पद की दौड़ में सबसे आगे हैं।

## हरियाणा में आंगनबाड़ी वर्करों को दीवाली तोहफा, शपथ ग्रहण से पहले भाजपा सरकार ने बढ़ाया मानदेय

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में अपने बूते बहुमत हासिल करके भाजपा ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। अब शपथ ग्रहण से पहले ही भाजपा सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को दीवाली का तोहफा दिया है। प्रदेश की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के मानदेय में बढ़ोत्तरी की गई है। नायब सिंह सैनी ने 9 अगस्त को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं से मानदेय बढ़ाने की घोषणा की थी। वित्त विभाग की स्वीकृति के बाद महिला एवं बाल विकास विभाग ने ये आदेश जारी किए हैं। हरियाणा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 750 और सहायिकाओं के मानदेय में 400 रुपये मासिक की बढ़ोतरी की गई है। 10 वर्ष का अनुभव रखने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 14 हजार 750 रुपये, 10 वर्ष से कम अनुभव वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 13 हजार 250 रुपये और सहायक को 7900 रुपये मानदेय दिया जाएगा। इस संबंध में वित्त विभाग की स्वीकृति के बाद महिला एवं बाल विकास विभाग ने आदेश जारी कर दिए हैं।

# महाराष्ट्र में एमवीए के बीच सीट बंटवारे पर पेच! 110 की मांग कर रही कांग्रेस

### मुस्लिम बहुल को लेकर खींचतान

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति तैयार करने के लिए कांग्रेस के शीर्ष नेताओं की बैठक हुई। यह मीटिंग कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नई दिल्ली में 10 राजाजी मार्ग स्थित आवास पर बुलाई गई। पार्टी अध्यक्ष के अलावा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, महाराष्ट्र कांग्रेस इकाई के प्रमुख नाना पटोले , महाराष्ट्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय वडेट्टीवार और सीनियर नेता बालासाहेब थोराट समेत अन्य लोग शामिल हुए। बताया जा रहा है कि सोमवार की बैठक में महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के अपने सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे को लेकर चर्चा हुई। साथ ही, चुनावी गारंटी जैसे प्रमुख मुद्दों पर बातचीत की गई। कांग्रेस नेताओं का जोर इस बात पर रहा कि हरियाणा में की गई गलतियों से बचा जाए।

कांग्रेस के एक पदाधिकारी ने बताया कि महाराष्ट्र में पार्टी कम से कम 110 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है। हालांकि, शिवसेना (यूबीटी) कांग्रेस के कुछ गढ़ों से अपने उम्मीदवार खड़ा करने की कोशिश में है। उन्होंने कहा, कांग्रेस आलाकमान ने महाराष्ट्र में अपने नेताओं को विभिन्न समितियों तक पहुंचने का निर्देश दिया। यह स्पष्ट करने को भी कहा कि हम करीब 110 सीटों पर चुनाव लड़ने वाले हैं। यह बात ऐसे समय निकलकर सामने आई है जब सेंट्रल मुंबई सहित कुछ मुस्लिम बहुल सीटों पर शिवसेना (यूबीटी) ने उम्मीदवार खड़े करने की इच्छा जताई है। मगर, कांग्रेस इन सीटों को अपने पास बरकरार रखना चाहती है। ऐसे में यह देखने वाली बात होगी कि महाअघाड़ी के नेता इसका क्या हल निकालते हैं।



**सीट बंटवारे पर क्या बोले नाना पटोले**

दूसरी ओर, बैठक के बाद नाना पटोले ने कहा कि एमवीए के घटक दलों के बीच सीट बंटवारे को लेकर कोई मुद्दा नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारा गठबंधन राज्य में सरकार बनाएगा। एमवीए भाजपा की भयानक रणनीति को नाकाम कर देगा पटोले ने कहा, 'महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा की गई। हम अपने गठबंधन एमवीए के साथ आगे बढ़ेंगे। एमवीए सभी 288 सीट पर चुनाव लड़ने वाली है।' मालूम हो कि एमवीए में कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) और शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा (शरदचंद्र पवार) शामिल हैं। महाराष्ट्र में विधानसभा की कुल 288 सीटें हैं। यहां अगले महीने चुनाव होने की संभावना है। मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को खत्म हो जाएगा। 2019 के विधानसभा चुनाव में अविभाजित शिवसेना ने 56 सीटें, कांग्रेस ने 44 और अविभाजित एनसीपी ने 54 सीटें जीती थीं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## न्यूज बाइट्स

### 12 लीटर देसी शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)।** जिले में अवैध शराब के सेवन, निर्माण, बिक्री, भंडारण, परिवहन, शराब तस्करों एवं शराब कारोबारियों के विरुद्ध लगातार विशेष अभियान चला रही है। इसी कड़ी में रिसियप थाना की पुलिस ने वाहन चेंकिग के दौरान ओबरा थाना के तेजपुरा निवासी अवैध शराब के धंधेबाज शिकास कुमार को 12 लीटर देशी शराब और मोटरसाईकिल के साथ धर दबोंचा। गिरफ्तार धंधेबाज को जेल भेज दिया गया है।

### युवक को हाईवा ने रौंदा, गंभीर रूप से घायल, रेफर

**ओबरा (औरंगाबाद ) (नि.सं.)।** जिले के ओबरा में सोमवार रात सड़क पार करने के दौरान अज्ञात हाईवा की चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना ओबरा थाना क्षेत्र के सदीपुर डिहुरी की है। घायल की पहचान सदीपुर डिहुरी निवासी गुप्तेश्वर साहू के 22 वर्षीय पुत्र रंजन कुमार के रूप में की गई है। घायल के चचेरे भाई पिंटू कुमार ने बताया कि घर से पश्चिम दिशा की ओर से रंजन चाय पीने के लिए गया हुआ था। इसी बीच अज्ञात हाईवा ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन ओबरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए। जहां से डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में डॉक्टर प्रवीण गुप्ता ने घायल का इलाज किया। डॉक्टर ने बताया कि घायल की स्थिति काफी नाजुक है। फिलहाल उसका इलाज किया जा रहा है। परिजनों ने बताया कि घायल जनरल कंपटीशन की तैयारी करता है और चार भाइयों में तीसरे नंबर पर है। घायल के पिता औरंगाबाद में फास्टफूड की दुकान चलाते हैं।

### डीजे बजाने के आरोप में दुर्गा पूजा समिति के खिलाफ प्राथमिकी

**गोह (औरंगाबाद ) (नि.सं.)।** गोह के अंदर बाजार में दुर्गा पूजा समिति के खिलाफ पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। यह मामला प्रतिमा विसर्जन के दौरान डीजे बजाने के आरोप में दर्ज किया गया है। पुलिस ने पूजा समिति के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार पांडेय, सचिव रूद्र प्रताप सिंह सहित 22 लोगों और 75-80 अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है।थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि प्रतिमा विसर्जन के दौरान डीजे बजाने से शांति भंग हुई और इससे लोगों को परेशानी हुई। इसके बाद पुलिस ने एसआई सुदीस कुमार के बयान पर मामला दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### शराब धंधेबाज गिरफ्तार

**गोह (औरंगाबाद ) (नि.सं.)।** गोह के उपहारा थाना की पुलिस ने सोमवार की रात गुप्त सुचना पर फरार शराब धंधेबाज को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया हैं। थानाध्यक्ष मनेश कुमार के बताया कि गुप्त सूचना मिली कि उपहारा गांव निवासी ज्वाला कुमार साव पर शराब बेचने के मामले मे उपहारा थाना कांड संख्या 111/24 दर्ज हैं। वह बहुत दिनों से फरार चल रहा था।

# ग्रामीण विकास मंत्री की अध्यक्षता में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



मंगलवार को समाहरणालय के योजना भवन सभागार में बिहार के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने की, जिसमें कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर चर्चा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य उन योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना था जो ग्रामीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

### प्रधानमंत्री आवास योजना पर विशेष ध्यान

बैठक के दौरान, मंत्री श्रवण कुमार ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत 2016-17 से 2021-22 के बीच लंबित द्वितीय और तृतीय किस्तों के भुगतान को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को आवास पूर्ण करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए कहा, ताकि अधिक से अधिक लाभार्थियों को समय पर उनके आवास मिल सकें। इसी क्रम में, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना और इंदिरा आवास योजना के तहत अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूरा करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया।

### लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान में प्रगति के उपाय

लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान की प्रगति पर चर्चा करते हुए, मंत्री ने चिन्हित शौचालयविहीन परिवारों के लिए व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण के निर्देश दिए। इसके साथ ही, सभी योग्य लाभुकों को प्रोत्साहन राशि का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने पर भी विशेष ध्यान दिया गया। उन्होंने ग्राम पंचायतों में अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाइयों के निर्माण को तेज करने का आदेश दिया, ताकि स्वच्छता के प्रति ग्रामीणों की जागरूकता बढ़ सके।

### मनरेगा योजना की समीक्षा

मनरेगा योजना के अंतर्गत मानव दिवस सृजन की प्रगति को लेकर संतोष व्यक्त किया गया। मंत्री ने मनरेगा के तहत चल रहे निर्माणाधीन कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का आदेश दिया। इसके अलावा, स्थानीय खेलों को ध्यान में रखते हुए खेल मैदानों के निर्माण पर भी जोर दिया गया, ताकि युवा पीढ़ी को खेल के प्रति प्रोत्साहित किया जा सके।

इस महत्वपूर्ण बैठक में औरंगाबाद के जिला पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, डीआरडीए निदेशक, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, और जीविका से जुड़े अधिकारी भी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में योजनाओं के कार्यान्वयन की स्थिति पर चर्चा की और आगामी कार्यों के लिए रणनीतियों पर विचार किया। इस बैठक का उद्देश्य ग्रामीण विकास योजनाओं के कार्यान्वयन में गति लाना और लाभार्थियों को अधिकतम लाभ पहुँचाना था, जिससे बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की नई रफ्तार मिले।

### बालू के अवैध उत्खनन के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# छह धंधेबाज गिरफ्तार, 8 वाहन जब्त

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिले में बालू के अवैध उत्खनन के खिलाफ पुलिस ने एक सख्त कार्रवाई की है, जिसने अवैध व्यापारियों के बीच हड़कंप मचा दिया है। पुलिस ने कई थाना क्षेत्रों में छापेमारी करते हुए बालू के अवैध परिवहन में संलिप्त छह ट्रैक्टर और दो बाइक को जब्त किया है। इस कार्रवाई के दौरान, पुलिस ने कुल छह धंधेबाजों को भी गिरफ्तार किया है, जो अवैध गतिविधियों में शामिल थे।

पुलिस की यह छापेमारी तब शुरू हुई जब सूचना मिली कि औरंगाबाद मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में रामविलास नगर भरथौली के पास अवैध बालू का उत्खनन किया जा रहा है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने चार ट्रैक्टर जब्त किए और एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। इसके बाद, ओबरा थाना क्षेत्र के पुनपुन नदी के विशनपुरा घाट पर भी पुलिस ने कार्रवाई की, जहां दो ट्रैक्टर और दो मोटरसाइकिलें बरामद की गईं। इस कार्रवाई में पुलिस ने पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि बालू के अवैध उत्खनन का यह कारोबार कितना व्यापक है।

पुलिस ने सभी गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (भादंवि) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस की पूछताछ में अभियुक्तों ने अपने अपराधों को स्वीकार किया है, जो इस बात का प्रमाण है कि अवैध व्यापारियों के मन में कानून का कोई डर नहीं है। गिरफ्तार अभियुक्तों में धीरज कुमार (रायपुरा), विकास कुमार, कंचन कुमार (पड़रिया), जयराम कुमार (कुरमाईन), सुजीत कुमार (जगेया) और नवल कुमार (नारायणपुर) शामिल हैं। पुलिस अब इन गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया में है और इस मामले की जांच आगे बढ़ा रही है। अधिकारियों ने अवैध उत्खनन के खिलाफ कार्रवाई जारी रखने का संकल्प लिया है, ताकि ऐसे अवैध व्यापारियों के खिलाफ सख्त कानून व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। यह कार्रवाई औरंगाबाद पुलिस की एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है, जिसने अवैध उत्खनन के खिलाफ अपनी दृढ़ संकल्पना को दर्शाया है। पुलिस ने इस मामले में स्थानीय लोगों से भी सहयोग मांगा है ताकि अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह से रोक लगाई जा सके।

# विश्व सुसंवेदना एवं प्रशामक देखभाल दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजन

- स्वास्थ्य स्क्रीनिंग और मुंह के कैंसर से संबंधित जागरूकता शिविर का सफल आयोजन

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



मंगलवार को एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य स्क्रीनिंग और मुंह के कैंसर से संबंधित जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को कैंसर, डायबिटीज और ब्लड प्रेशर जैसी गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूक करना था, ताकि लोग समय पर अपनी स्वास्थ्य जांच करा सकें और बीमारी से बचाव के उपायों को समझ सकें। इस शिविर का शुभारंभ जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा किया गया। श्री शास्त्री ने खुद अपनी स्वास्थ्य जांच करवाकर इस अभियान की शुरुआत की, जिससे आम जनता में जागरूकता का संचार हुआ। इसके बाद, समाहरणालय के अन्य पदाधिकारी, कर्मियों और स्थानीय नागरिकों ने भी स्वास्थ्य स्क्रीनिंग का लाभ उठाया।

इस शिविर में मुख्य रूप से तंबाकू से होने वाले मुंह के कैंसर, ब्लड प्रेशर और डायबिटीज की जांच की गई। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों और मुंह के कैंसर से बचाव के उपायों पर विशेष जोर दिया। अधिकारियों ने बताया कि शिविर के दौरान समाहरणालय परिसर में कुल 76 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें कई लोगों में विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं पाई गईं। अधिकारी ने यह भी जानकारी दी कि जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में नियमित रूप से डायबिटीज और ब्लड प्रेशर की जांच की जाती है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने बताया कि नवंबर 2022 से सितंबर 2024 के बीच जिले में कुल 57,574 लोगों की मुंह के कैंसर से संबंधित स्क्रीनिंग की जा चुकी है। यह आंकड़ा इस बात का प्रमाण है कि जिले में स्वास्थ्य जागरूकता के प्रति गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से लोगों को तंबाकू के सेवन से होने वाली बीमारियों के प्रति जागरूक करने और समय पर स्वास्थ्य जांच कराने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। स्थानीय समुदाय के सदस्यों ने इस शिविर की सराहना की और इसे एक सकारात्मक कदम बताया, जिससे लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की प्रेरणा मिलेगी। इस प्रकार के आयोजन आगे भी जारी रहने की उम्मीद है, ताकि औरंगाबाद के लोग स्वस्थ जीवन जी सकें और विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक रहें।

# सांप काटने से बच्ची की हुई मौत

**नवीनगर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** नबीनगर प्रखंड के चंद्रगढ ग्राम मे बीते रात्रि को एक डेढ़ वर्षीय बच्ची की जहरीला सर्प काटने से मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार चंद्रगढ़ निवासी मितेंद्र राम की डेढ़ वर्षीय पुत्री आकृति कुमारी अपनी मां के साथ सोई हुई थी। रात्रि करीब डेढ़ बजे सोए ही अवस्था में एक सर्प छत की दीवार से बच्ची के ऊपर गिर गया और काट दिया। साथ में सोई हुई मां के हाथ पर रेंगते हुए चलने लगा जिसके सरसराहट से मां की नींद खुली और उसने झट से सर्प को फेकी। बाद में सर्प को मार दिया गया। सर्प की पहचान करैत के रूप मे किया गया। शुरू मे लोग यह नहीं समझ पाए कि सर्प ने बच्ची को काट लिया है लेकिन जब बच्ची रोने चिल्लाने लगी जहर बच्ची के शरीर में फैलने लगा तब लोगों ने समझा की बच्ची को सर्प ने काट दिया है। तत्काल इलाज के लिए बच्ची को सदर अस्पताल औरंगाबाद ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने मगध मेडिकल हॉस्पिटल गया रेफर कर दिया लेकिन बच्ची ने रास्ते में ही दम तोड़ दी। इधर बच्ची के मौत से परिवारजनों को रो रो कर हालत बिगड़ा है।

# जिला भू-अर्जन की समीक्षा बैठक : मुआवजा वितरण में तेजी लाने के लिए उठाए गए महत्वपूर्ण कदम

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



मंगलवार को समाहरणालय सभागार में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जिले में भू अर्जन से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। इस बैठक का उद्देश्य जिले में संचालित विभिन्न परियोजनाओं के भू अर्जन कार्यों की प्रगति की समीक्षा करना और मुआवजा वितरण में आ रही समस्याओं का समाधान करना था। बैठक की शुरुआत करते हुए, जिला पदाधिकारी ने भू अर्जन से संबंधित अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन, भूमि विवरणी, और जिले में चल रही कुल 7 प्रमुख परियोजनाओं की स्थिति पर प्रकाश डाला। इनमें से कुछ परियोजनाएं रैयत प्रभावित हैं, और बैठक में विशेष रूप से मुआवजा वितरण में आ रही समस्याओं पर चर्चा की गई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे इन समस्याओं को अधियाची पदाधिकारियों के साथ मिलकर शीघ्रता से सुलझाएं।

जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सभी रैयतों को मुआवजा भुगतान सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को यथाशीघ्र कार्यवाही करनी होगी। उन्होंने अंचल अधिकारियों से कहा कि जिन भूमि का रैयतीकरण-सह-सरकारीकरण किया जाना है, उसका प्रस्ताव तुरंत अपर समाहर्ता को भेजा जाए। इसके साथ ही, रैयतों का एलपीसी (भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र) भी जल्द निर्गत करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। बैठक में यह भी सुनिश्चित किया गया कि जिले में चल रहे सड़क निर्माण कार्यों और अन्य परियोजनाओं के संचालन में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। जिला पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों से आग्रह किया कि वे नियमित रूप से कार्यों की समीक्षा करें और परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए समन्वय एवं निगरानी बनाए रखें। इस बैठक में जिला भू अर्जन पदाधिकारी, डीसीएलआर, सभी अंचल अधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी तथा कर्मी मौजूद रहे। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि भू अर्जन और मुआवजा वितरण से संबंधित सभी लंबित कार्यों को शीघ्रता से पूरा किया जाए, ताकि विकास परियोजनाओं का सुचारू क्रियान्वयन हो सके।

इस समीक्षा बैठक ने जिले में चल रही विकास योजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में तेजी लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिससे स्थानीय रैयतों को उनके हक का मुआवजा समय पर मिल सकेगा और विकास कार्यों में कोई रुकावट नहीं आएगी।

# मनरेगा में व्यापक सुधार की मांग को लेकर मुखिया संघ ने किया कलम बंद हड़ताल

निज संवाददाता | रफीगंज(औरंगाबाद)

मनरेगा में व्यापक सुधार हेतु विभिन्न मांगों को लेकर मुखिया संघ ने मंगलवार से अनिश्चितकाल कलमबंद हड़ताल शुरू कर दी है।मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सह कोटवारा पंचायत के मुखिया बिंदेश्वर सिंह ने बताया कि संघ के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर आज से कलम बंद हड़ताल शुरू किया गया है। बिहार प्रदेश मुखिया महासंघ द्वारा 11 सितंबर को पटना की गई बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में मनरेगा में व्यापक सुधार हेतु सरकार को विभिन्न मांगो को लेकर पत्र दिया था। निर्णय लिया गया था कि सरकार मनेरगा में व्याप्त विभिन्न समस्याओं को लेकर समाधान होने तक 15 अक्टूबर से हम सभी प्रदेश के मुखिया कलमबंद हड़ताल करने के लिए मजबूर है। इस हड़ताल को मनरेगा कर्मियों के साथ-साथ मजदूरो का भी समर्थन है। कलमबंद हड़ताल अवधि के दौरान किसी भी प्रकार का मनरेगा में डिमांड एवं अन्य कार्य नहीं किया जाएगा। इस संबंध में बीडीओ को मांग पत्र भी दिया गया है।मांग पत्र में साल में मनरेगा में मजदूरों को 100 दिन के बदले 200 दिन काम मिले। मजदूरी दर 245 की जगह 350 रूपये किया जाए। 05 लाख की जगह 20 लाख रूपये की योजना की मंजूरी मिले।योजनाओं में हल्की मशीनों के प्रयोग की अनुमति मिले।पंचायत समिति की तरह योजनाओं की सीमा हटे। काम नहीं मिलने पर मजदूरों को बेरोजगारी भत्ता मिले। प्रति घन फीट मिट्टी काटने के दर का निर्धारण नए सिरे से हो। लेबर सामग्री का भुगतान समय पर हो। सभी मजदूर बीमित हो आदि मांगे शामिल है।

# सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए बैंकों में चेकिंग अभियान

एसवीवी संवादददाता | औरंगाबाद



ज़िले में सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए ज़िला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। हाल के दिनों में बढ़ते साइबर अपराधों और बैंक धोखाधड़ी के मामलों को ध्यान में रखते हुए, प्रशासन ने बैंकों में एक व्यापक चेकिंग अभियान शुरू किया है। यह अभियान न केवल बैंकों की सुरक्षा को बेहतर बनाने का प्रयास है, बल्कि इसमें आम जनता की सुरक्षा को भी प्राथमिकता दी जा रही है।

इस चेकिंग अभियान के अंतर्गत ज़िले के सभी प्रमुख बैंकों में सीसीटीवी कैमरों की स्थिति और उनकी कार्यक्षमता की जांच की जा रही है। सीसीटीवी कैमरे बैंक की सुरक्षा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, और इसलिए यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि ये कैमरे सही तरीके से काम कर रहे हों और उनका फुटेज नियमित रूप से रिकॉर्ड हो रहा हो। यह जांच यह सुनिश्चित करने के लिए की जा रही है कि किसी भी अप्रिय घटना के समय सुरक्षा बलों के पास पर्याप्त जानकारी हो।

इसके साथ ही, बैंकों के लॉकरों की भी गहन जांच की जा रही है। यह जांच इस बात को सुनिश्चित करने के लिए की जा रही है कि लॉकरों का संचालन सुरक्षित और व्यवस्थित है। ज़िला प्रशासन ने बैंकों के प्रबंधकों के साथ मिलकर सुरक्षा उपायों पर गंभीरता से चर्चा की है। इन चर्चाओं में यह तय किया गया है कि सुरक्षा व्यवस्था को और पुख्ता करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे।

इस अभियान के तहत, बैंक के अंदर और बाहर दोनों जगहों पर सुरक्षा गार्डों की तैनाती बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही, ग्राहकों की पहचान की उचित जांच करने और संदिग्ध गतिविधियों पर नज़र रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। बैंक कर्मचारियों को भी विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि वे संदिग्ध गतिविधियों को पहचान सकें और उन्हें तुरंत रिपोर्ट कर सकें।

# अंचल कार्यालय के अभिलेखागार के बाहर हंगामा करने पर प्राथमिकी दर्ज



निज सं. | दाउदनगर (औरंगाबाद)

अंचल कार्यालय के अभिलेखागार के बाहर एक विवाद ने तूल पकड़ लिया। यहां अंचलकर्मियों और कुछ स्थानीय निवासियों के बीच एक गंभीर बहस हुई, जो कि देखते-देखते हंगामे में बदल गई। यह घटना तब हुई जब अंचल कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों और ग्रामीणों के बीच संवाद का अभाव था। मामला बढ़ते देख, पुलिस की भी आवश्यकत महसूस की गई, जिसके बाद सब इंस्पेक्टर श्वेता सिंह और मदन कुमार ने मौके पर पहुंचकर स्थिति की जांच-पड़ताल की। इस दौरान, स्थानीय एसडीओ मनोज कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने जांच की दिशा में आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। एसडीओ के आदेश पर, राजस्व कर्मचारी अनिल कुजूर ने दो नामजद और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई।

प्राथमिकी में बताया गया है कि मंगलवार की दोपहर लगभग 12:15 बजे, अनिल कुजूर डाटा सेंटर के अभिलेखागार में परिमार्जन से संबंधित सरकारी कार्यों का निष्पादन कर रहे थे। इसी दौरान, आरोपितों ने अभिलेखागार के मेन गेट को जोर-जोर से हिलाना शुरू कर दिया। यह जानकारी सामने आई है कि अभिलेखागार में आम जनता का प्रवेश निषेध है। कर्मचारियों ने आरोपितों को आधा से एक घंटे बाद मिलने के लिए कहा, लेकिन उनकी बात को नजरअंदाज करते हुए, 20-25 लोगों की एक भीड़ इकट्ठा हो गई। भीड़ बार-बार गेट का ताला खोलने की मांग कर रही थी और धमकी दे रही थी कि अगर ऐसा नहीं किया गया, तो वे तोड़फोड़ कर देंगे।

इस विवाद के बीच, सीओ शैलेंद्र कुमार यादव ने गाली-गलौज के आरोपों का खंडन किया। उन्होंने कहा कि उन पर लगे आरोप निराधार हैं। उनका कहना है कि अभिलेखागार के अंदर किसी भी व्यक्ति का प्रवेश प्रतिबंधित है और ग्रामीण कर्मचारी क्षेत्र में मिल सकते हैं, लेकिन डाटा सेंटर के अंदर नहीं आ सकते। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि डाटा सेंटर में परिमार्जन प्लस का कार्य चल रहा है, जो कि डीएम द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार कैंप मोड में किया जा रहा है।

बिहार सरकार
कृषि विभाग

केला फसल में लगने वाले रोगों की पहचान एवं प्रबंधन

**पीला सिगाटोका** केले के नए पत्ते के ऊपरी भाग पर हल्का पीला दाग या धारीदार लाईन दिखता है, बाद में धब्बे बड़े तथा भूरे रंग का हो जाता है, जिसका केन्द्र हल्का कत्थई रंग का होता है।

**काला सिगाटोका** बारिश के दिनों में अधिक तापमान होने के कारण केले के पत्तियों के निचले भाग पर काला धब्बा, धारीदार लाईन दिखता है। इनके प्रभाव से केले परिपक्व होने से पहले ही पक जाता है ।

**पनामा विल्ट** नीचे के हिस्से की पत्तियाँ या अचानक सम्पूर्ण पौधा सूख जाता है। पत्तियाँ पीली से रंगहीन होकर सूख जाती है। तने के अंदर से सड़ी मछली की दुर्गन्ध आती है।

**प्रबंधन-**

➲ सिगाटोका तथा पनामा विल्ट रोग के प्रबंधन हेतु:
- खेत से अधिक पानी की निकासी कर लें।
- 1 किलो० ट्राईकोडरमा विरिड को 25 किलो० गोबर खाद के साथ प्रति एकड़ की दर से मिट्टी उपचार करें।

➲ सिगाटोका रोग के प्रबंधन हेतु:
- रासायनिक फफूँदनाशी कॉपर ऑक्सीक्लोराईड 50 प्रतिशत घु०चू० का 2.5 ग्राम/लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें।

➲ पनामा रोग के प्रबंधन हेतु:
- सकर को 30 मिनट तक कार्बेन्डाजिम 50 प्रतिशत डब्लू०पी० का 1 ग्राम/लीटर पानी के घोल में डुबाने के बाद रोपनी करें।
- कार्बेन्डाजिम 50 प्रतिशत घु०चू० का 1 ग्राम/लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें।



पीला सिगाटोका



काला सिगाटोका



पनामा विल्ट

PR No.- 010542 (Agriculture)D. 2024-25

नोटः केले की पत्तियाँ चिकनी होती है, अतः घोल में स्टीकर मिला देना लाभदायक होगा। अधिक जानकारी के लिए किसान कॉल सेन्टर के ट्रॉल फ्री० नं० 18001801551 पर या अपने जिला के सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण से सम्पर्क कर सकते हैं।

संयुक्त निदेशक, पौधा संरक्षण
बिहार, पटना।